जबलपुर
सोमवार, 13 मई 2024
वैशाख मास शुक्ल पक्ष–5
वर्ष : 19, अंक : 13
पृष्ठ : 14 , मूल्य : 3 .00 रुपये

मौसम
अधि. 40
न्यून. 26

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

अगले साल आर्थिक मोर्चे पर देश को मिलेगी गुड न्यूज़



फिलहाल, भारत दुनिया की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था

भारत से पहले अमेरिका, चीन जर्मनी और जापान का नाम आता है

## जापान को पीछे छोड़ भारत दुनिया की 'चौथी' सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने वाला है अगले साल तक जापान को भी पीछे छोड़ देगा। यह बात भारत के जी 20 शेरपा और नीति आयोग के पूर्व सीईओ अमिताभ कांत ने कही है। फिलहाल, भारत दुनिया की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और भारत से पहले अमेरिका, चीन, जर्मनी और जापान का नाम आता है। नीति आयोग के पूर्व सीईओ ने सोशल साइट एक्स पर लिखा कि भारत अगले साल तक चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है।

अच्छी खबर

### कांग्रेस का कहना यह तो होना ही है श्रेय क्यों लेना?

पीएम मोदी अपने भाषणों के जरिए लगातार यह गारंटी देने की बात कर रहे हैं कि उनकी सरकार के तीसरे कार्यकाल में भारत दुनिया की तीन सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो जाएगा। जबकि, कांग्रेस का कहना है कि भाजपा एक ऐसे मामले पर क्रेडिट लेना चाह रही है जो होने ही वाली है, यानी सरकार किसी की भी रहे भारत की अर्थव्यवस्था में इजाफा तो होगा ही।

गंगोत्री, यमुनोत्री, केदारनाथ एवं बदरीनाथ धाम के कपाट खुलने के साथ उत्तराखंड में चार धाम यात्रा की विधिवत शुरुआत

# हल्की बारिश, आर्मी बैंड एवं ढोल-नगाड़ों की मधुर धुन भगवान बदरी विशाल की स्तुति के साथ खुल गए कपाट



पहले दिन ही हजारों श्रद्धालुओं ने बदरीनाथ में अखंड ज्योति एवं भगवान श्री बदरीनाथ के दर्शनों का पुण्य अर्जित किया

एजेंसी ▸▸ देहरादून

ग्रीष्मकालीन दर्शन के लिए बदरीनाथ धाम के कपाट शुभ मुहूर्त रविवार सुबह 6 बजे पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ खुल गए हैं। हजारों भक्त इस पावन पल के साक्षी बने। पहले दिन विशेष पूजा-अर्चना की गई। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने समस्त श्रद्धालुओं को बधाई दी है। गंगोत्री, यमुनोत्री, केदारनाथ एवं बदरीनाथ धाम के कपाट खुलने के साथ उत्तराखंड में चारधामयात्रा की विधिवत शुरुआत हो गई है। बदरीनाथ धाम में ब्रह्म बेला पर सुबह चार बजे से कपाट खुलने की प्रक्रिया शुरू हुई।

### मुख्य पुजारी ने सबके मंगल की कामना की



धार्मिक परंपराओं के निर्वहन के साथ कुबेर जी, श्री उद्धव जी एवं गाडू घडा दक्षिण द्वार से मंदिर परिसर में लाया गया। इसके बाद मंदिर के मुख्य रावल समेत धर्माधिकारी, हक हकूकधारी एवं श्री बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति के पदाधिकारियों द्वारा प्रशासन एवं हजारों श्रद्धालुओं की मौजूदगी में विधि-विधान के साथ मंदिर के कपाट खोले गए। मुख्य पुजारी वीसी ईश्वर प्रसाद नंबूदरी ने गर्भगृह में भगवान बदरीनाथ की विशेष पूजा-अर्चना करते हुए सबके मंगल की कामना की। इसके साथ ही ग्रीष्मकाल के लिए बद्रीनाथ के दर्शन शुरू हो गए है।

### बदरीनाथ मंदिर को भव्य रूप से फूलों से सजाया गया था

*कपाट खुलने के दौरान वेदवेदांग संस्कृत महाविद्यालय जोशीमठ के छात्रों व शिक्षकों ने श्री बदरीनाथ मंदिर सिंह द्वार पर स्वास्तिवाचन किया। बदरीनाथ पुष्प सेवा समिति ऋषिकेश की तरफ से बदरीनाथ मंदिर को भव्य रूप से फूलों से सजाया गया था। बदरीनाथ में कल रात से रुक- रुककर बारिश हो रही थी। समीपवर्ती पहाड़ियों पर बर्फ भी दिखाई दे रही थी।*






### अब 2 बड़े अस्पतालों और एयरपोर्ट को धमकी

**नई दिल्ली।** दिल्ली में एक बार फिर ईमेल के जरिए धमकी भेजी गई है। इस बार दिल्ली के दो अस्पतालों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। इसके अलावा आईजीआई एयरपोर्ट को भी बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे के अलावा जिन दो अस्पतालों को ईमेल भेज धमकी दी गई है ।

कांग्रेस का बड़ा दावा

## पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के हेलीकॉप्टर की ली गई तलाशी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

कांग्रेस ने रविवार को आरोप लगाया कि विपक्षी नेताओं को चुनाव अधिकारी निशाना बना रहे हैं और दावा किया कि बिहार के समस्तीपुर में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के हेलीकॉप्टर की तलाशी ली गई। जबकि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के नेताओं को 'स्वतंत्र रूप से' घूमने की इजाजत दी जा रही है। खरगे ने शनिवार को बिहार के समस्तीपुर और मुजफ्फरपुर में चुनावी रैलियों को संबोधित किया था। कांग्रेस नेता और प्रवक्ता राजेश राठौड़ ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक वीडियो संदेश में दावा किया कि केरल में राहुल गांधी के हेलीकॉप्टर की तलाशी ली गई और अब बिहार के समस्तीपुर में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के हेलीकॉप्टर की तलाशी ली गई है।

- आरोप : विपक्ष के नेताओं को निशाना बना रहा निर्वाचन आयोग



### हरियाणा में फ्लोर टेस्ट कराने की तैयारी

**करनाल।** हरियाणा में तीन निर्दलीय विधायकों ने नायब सैनी की भाजपा सरकार से समर्थन वापिस ले लिया और कांग्रेस को समर्थन देने के बाद से हरियाणा की सियासत संकट गहरा गया है। अब सरकार फ्लोर टेस्ट पास करने के लिए विधानसभा का विशेष सत्र बुला सकती है। पूर्व सीएम मनोहर लाल खट्टर ने दावा किया है कि फ्लोर टेस्ट हो सकता है। जेजेपी को इस मामले को नहीं उठाना चाहिए था, लेकिन अब उन्होंने उठा लिया है तो वो कटघरे में फंस गए हैं। जेजेपी के 6 विधायक हमारे संपर्क में हैं। मनोहर लाल ने इस बात का दावा किया कि कांग्रेस भी एकजुट नहीं है, 30 में से चार या पांच विधायक उनका समर्थन छोड़ सकते हैं।

नामांकन से पहले एनडीए नेताओं के साथ बैठक करेंगे

## कालभैरव के दर्शन के बाद पीएम मोदी कल दोपहर 11.40 बजे भरेंगे नामांकन




एजेंसी ▸▸ वाराणसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उत्तर प्रदेश की वाराणसी लोकसभा सीट से सोमवार 14 मई को अपना नामांकन दाखिल करेंगे। इस दौरान एनडीए के कई नेता भी मौजूद रहेंगे। मंगलवार को नामांकन से पहले पीएम मोदी एनडीए के नेताओं के साथ बैठक करेंगे। अपने वाराणसी दौरे पर पीएम मोदी सुबह अस्सी घाट पर जाएंगे।

- नामांकन इस बार कलेक्ट्रेट सभागार में किया जाएगा

### 85 सीसीटीवी कैमरों से होगी निगरानी

85 सीसीटीवी कैमरों के साथ 125 पुलिसकर्मी नामांकन स्थल पर तैनात रहेंगे। जिसमें सिपाही, हेड कॉन्स्टेबल, दारोगा, इंस्पेक्टर और एसीपी की तैनाती हुई है। नामांकन स्थल से 100 मीटर की दूरी से वाहनों को रोक दिया जाएगा। इसके बाद प्रत्याशी अपने प्रस्तावक के साथ ही नामांकन स्थल जा सकता है।




## बंगाल के बैरकपुर में पीएम मोदी ने टीएमसी और विपक्ष पर साधा निशाना

# जब तक मोदी जिंदा है धर्म के आधार पर आरक्षण देना संभव नहीं नोटों के पहाड़ मिल रहे, भ्रष्ट नेताओं को पाई-पाई लौटानी ही होगी

एजेंसी ▸▸बैरकपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को बैरकपुर में रैली को संबोधित करते हुए कहा कि बंगाल कभी घुसपैठियों के खिलाफ आंदोलन करता था, आज यहां घुसपैठिए फल-फूल रहे हैं। यहां बम बनाने की होम फैक्ट्री चल रही है। टीएमसी सरकार राम का नाम नहीं लेने देती है। पीएम ने जय श्री राम के नारे लगाए। उन्होंने कहा कि टीएमसी सरकार राम नवमी नहीं मनाने देती। कांग्रेस-लेफ्ट ने भी राम मंदिर के खिलाफ मोर्चा खोल रखा है। पीएम ने कहा कि कांग्रेस इंडी अलायंस ने वोट बैंक की पॉलिटिक्स के आगे घुटने टेक दिए हैं। वे कहते हैं मोदी के खिलाफ वोट जिहाद करो। टीएमसी विधायक कहता है हिंदुओं को भागीरथी में बहा देंगे।बंगाल में हिंदुओं को दोयम दर्जे का नागरिक बनाकर रख दिया है। तुष्टीकरण की जिद में इंडि अलायंस एससी, एसटी ओबीसी को मिलने वाला आरक्षण भी छीनना चाहता है। ये कह रहे हैं मुसलमानों को आरक्षण देंगे। लेकिन मेरे रहते यह कर पाना संभव नहीं है।

टीएमसी सरकार राम का नाम नहीं लेने देती है। पीएम ने जय श्री राम के नारे लगाए। उन्होंने कहा कि टीएमसी सरकार राम नवमी नहीं मनाने देती। कांग्रेस-लेफ्ट ने भी राम मंदिर के खिलाफ मोर्चा खोल रखा है। यहां केवल घुसपैठियों का बोलबाला

### राम मंदिर और सीएए समेत कई गारंटियां दी

**पीएम मोदी की 5 गारंटी**

- जब तक मोदी है, धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं दिया जाएगा
- जब तक मोदी है, एससी-एसटी-ओबीसी का आरक्षण खत्म नहीं होगा
- जब तक मोदी है, रामनवमी मनाने से, राम की पूजा से कोई रोक नहीं पाएगा।
- जब तक मोदी है, राम मंदिर पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला कोई पलट नहीं पाएगा।
- जब तक मोदी है, सीएए कानून को भी कोई रद्द नहीं कर पाएगा।



**भ्रष्ट नेताओं को चैन से नहीं बैठने देंगे**

बंगाल शिक्षक भर्ती मामले का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि टीएमसी ने लोगों से जो पैसा वसूला है, उसे कानूनन जनता को वापस दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि मोदी भ्रष्ट नेताओं को चैन से नहीं बैठने देंगे। उन्हें फटकार लगाई जाएगी! किसी भी भ्रष्ट नेता को बख्शा नहीं जाएगा। टीएमसी ने आपसे जो पैसा वसूला है, वह कानून आपको वापस कर दिया जाएगा।

### मोदी के रोड शो में उमड़ा जनसैलाब

पटना। पीएम मोदी को करीब से देखने के लिए पटना के लोग बेताब दिखे। किसी पीएम का इस तरह पहला रोड शो है। रोड पीर मोहानी, कदमकुआं, ठाकुरबाड़ी रोड, बाकरगंज पहुंचा। रथ पर सीएम नीतीश सवार थे। उनके हाथ कमल फूल का चुनाव चिह्न था। नीतीश ने भी पीएम मोदी के साथ-साथ लोगों का अभिनंदन किया।



### कोई भ्रष्टाचारी और गुनहगार नहीं बचेगा

पीएम मोदी ने कहा कि वे किसी भी भ्रष्टाचारी को नहीं छोड़ेंगे। रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, ये जो नोटों के पहाड़ निकल रहे हैं। इन पहाड़ के मालिकों को छोड़ा नहीं जाएगा। मैं भ्रष्टाचार से पीड़ित हर बंगालवासी को कहूंगा, कोई भी भ्रष्टाचारी बचने वाला नहीं है। संदेशखाली मामले को लेकर पीएम मोदी ने एक बार फिर टीएमसी को घेरा। उन्होंने कहा कि इसके गुनहगार को, पहले टीएमसी की पुलिस ने बचाया और अब पार्टी ने एक नया खेल शुरू कर दिया।यहां की माताओं और बहनों को डराने और धमकी देने का आरोप भी लगाया है।

### मदर्स डे पर प्यारा सा तोहफा भी मिला

मदर्स डे के मौके पर रविवार को पीएम मोदी की जनसभा के दौरान भी कुछ ऐसा हुआ जो मदर्स डे से जुड़ा हुआ है। पीएम मोदी हुगली में एक चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इसी दौरान उनकी नजर भीड़ में खड़े दो युवकों पर पड़ी। दोनों युवकों के हाथों में पीएम मोदी और उनकी मां की तस्वीर थी। ये दोनों ही लोग पीएम मोदी की सभा में शामिल होने आए थे। वहीं पीएम ने जब इन्हें अपनी मां की तस्वीर के साथ देखा तो एसपीजी से तस्वीर रखवा लेने को कहा। पीएम मोदी ने मंच पर ही एसपीजी से अपील करते हुए कहा कि ये दो सज्जन जो बनाकर लाए हैं, आप पीछे अपना नाम पता लिख लेना, मैं जरूर आपको चिट्ठी भेजने का प्रयास करूंगा। आप दोनों को मेरी तरफ से बहुत-बहुत धन्यवाद।

### ईरानी का राहुल पर बड़ा तंज

#### शेखी न बघारें, क्या वे प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार हैं?

नई दिल्ली। पीएम नरेंद्र मोदी से बहस करने के मुद्दे पर केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को आड़े हाथों लिया है। ईरानी ने अमेठी से चुनाव लड़ने की अनिच्छा जाहिर करने वाले राहुल की क्षमताओं पर सवाल उठाया। पिछले दो दशकों से अमेठी निर्वाचन क्षेत्र गांधी परिवार की राजनीतिक विरासत का पर्याय रहा है। बहस के लिए राहुल की चुनौती पर कहा कि शेखी नहीं बघारना चाहिए।



जो मोदी से बहस करना चाहता है, मैं उससे पूछना चाहती हूं कि क्या वह 'इंडिया गठबंधन' का पीएम उम्मीदवार है?

### ओवैसी का चुनावी मोहरा

#### एक दिन हिजाब में महिला करेगी देश का नेतृत्व

हैदराबाद। असदुद्दीन ओवैसी एक बार फिर से वह चुनावी मैदान में हैं। लेकिन इस बार का चुनाव ओवैसी के लिए काफी अहम होने वाला है। वे चौथी बार लोकसभा चुनाव मैदान में हैं। ओवैसी को उम्मीद है कि इस चुनाव में उनकी पार्टी एनडीए को अच्छी चुनौती देगी। ओवैसी ने कहा ऐसा जरूर होगा इंशाअल्लाह, देश की पहली मुस्लिम प्रधानमंत्री हिजाब वाली महिला के रूप में मिलेगा। यह समय जरूर आएगा, शायद उस वक्त मैं इस दुनिया में ना रहूं, लेकिन यह जरूर होगा, इंशाअल्लाह।



### पूर्व सांसद कैलाशो ने भाजपा छोड़ थामा पंजा



रोहतक। कुरुक्षेत्र से पूर्व सांसद कैलाशो सैनी कांग्रेस हो गई। भाजपा छोड़कर रोहतक में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा व प्रदेश अध्यक्ष उदयभान की मौजूदगी में कांग्रेस में शामिल हो गई। कांग्रेस में शामिल होते ही भाजपा पर बरसीं। कहा कि वहां आवाज नहीं उठा सकते, कोई आवाज उठाए तो सुनवाई नहीं होती।

## रायबरेली में शाह का परिवारवाद पर हमला

# गांधी परिवार झूठ बोलने में माहिर, सोनिया ने 70% राशि अल्पसंख्यकों पर खर्च की

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रायबरेली में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए गांधी परिवार पर बड़ा हमला बोला। उन्होंने कहा कि गांधी परिवार झूठ बोलने में माहिर है। प्रियंका गांधी कह रही थीं अपने परिवार से वोट मांगने आई हूं।यहां से चुनकर जाने के बाद सोनिया और इनका परिवार रायबरेली कितनी बार आया है। शहजादे अब यहां वोट मांगने आए हैं, आप इतने सालों से वोट दे रहे हो, आपको सांसद निधि से कुछ मिला?



### उन्होंने विकास नहीं किया

शाह ने कहा कि वर्षों तक आपने गांधी परिवार को मौका दिया, कोई विकास का काम नहीं हुआ। अमेठी ने भी मौका दिया था, 2018 में अमेठी केकलेक्टर ऑफिस का भूमि पूजन मैंने किया। कांग्रेस विकास में विश्वास ही नहीं रखती। ये आपके सुख-दुख में भी नहीं आए हैं। हम रायबरेली को भी मोदी जी की विकास यात्रा से जोड़ेंगे।



### वोट बैंक से नहीं डरते

शाह ने कहा कि राहुल बाबा, सोनिया गांधी, डिंपल बहन, अखिलेश यादव सबको राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण भेजा गया, लेकिन ये लोग नहीं गए, क्योंकि ये लोग अपने वोट बैंक से डरते हैं। लेकिन हम भाजपा वाले, वोट बैंक से नहीं डरते हैं। राम मंदिर ही नहीं बाबा विश्वनाथ का दरबार भी मोदी जी ने बनवाया।

### बागी सपा नेता मनोज पांडेय से की गुफ्तगू

शाह पीएसी स्थित सपा के बागी विधायक मनोज पांडेय के आवास पर पहुंचे। उनके साथ रायबरेली से भाजपा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह भी थे। पांडेय ने शाह का अपने आवास पर वेलकम किया। उन्हें बुके दिया और फिर पैर छुए। इसके बाद गृहमंत्री शाह ने मनोज पांडेय के आवास पर बंद कमरे में भाजपा के नेताओं के साथ मीटिंग की।

### खबर संक्षेप

#### गतिरोध खत्म होते ही क्रू सदस्य भी काम पर लौटे


नई दिल्ली। एयर इंडिया से यात्रियों के लिए राहत भरी खबर है। एयर इंडिया अब अपनी उड़ानें फिर से बहाल कर रही है।



एयरलाइन के एक अधिकारी ने बताया कि कंपनी नेटवर्क को फिर से स्थिर कर रही है। केबिन क्रू यूनियन ने बताया कि बीमार होने की सूचना देने वाले सभी सदस्य ड्यूटी पर शामिल हो गए हैं। हालांकि, अभी तक कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं की गई है।

#### चांदनी चौक के किनारी बाजार की दुकान में आग

नी दिल्ली। दिल्ली के चांदनी चौक इलाके के किनारी बाजारी में स्थित एक दुकान में रविवार की दोपहर आग लग गई। आग बुझाने के लिए मशक्त करनी पड़ी। दोपहर करीब एक बजे फायर ब्रिगेड के कर्मियों को घटना की जानकारी मिली। इसके बाद मौके पर बारी-बारी से दमकल की 13 गाड़ियां पहुंच गईं। राहत की बात है किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।



#### ईडी ने झारखंड के मंत्री आलम को कल बुलाया

रांची। ईडी ने रविवार को कांग्रेस विधायक और झारखंड के मंत्री आलमगीर आलम को समन जारी किया है। ईडी ने रांची स्थित ऑफिस में उन्हें 14 मई को पूछताछ के लिए बुलाया है। आलम के निजी सचिव के आवास से करोड़ों रुपए की बरामदगी के मामले में मंत्री को तलब किया गया है।पीएस संजीव लाल के नौकर जहांगीर के ठिकानों से 35 करोड़ रुपए मिले थे।



## प्रेस कॉन्फ्रेंस कर केजरीवाल ने देश को दी 10 गारंटी

# चीन से वापस लेंगे जमीन, गरीबों को देंगे 200 यूनिट फ्री बिजली और मुफ्त इलाज

एजेंसी ▸▸नई दिल्ली

तिहाड़ जेल से बाहर आने के बाद से दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल लगातार पीएम मोदी पर हमलावर हैं। रविवार को एक बार फिर उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा। इसी के साथ केजरीवाल ने देश को 10 गारंटियां दीं। उन्होंने कहा कि जब इंडी गठबंधन की सरकार बनेगी तब इन गारंटियों को पूरा किया जाएगा। केजरीवाल ने कहा कि पीएम ने पिछले 10 वर्षों में महंगाई कम करने, हर साल 2 करोड़ रोजगार देने, 15 लाख रुपए और किसानों की आय दोगुनी करने समेत कई गारंटियां दी थीं लेकिन आजतक एक भी गारंटी पूरी नहीं हुई है। वहीं मैंने दिल्ली और पंजाब के चुनावों में फ्री बिजली-पानी और अच्छे स्कूल और अस्पताल की गारंटी दी थी, जो मैंने पूरी की।

### जब इंडी गठबंधन की सरकार बनेगी तब इन गारंटियों को पूरा किया जाएगा

#### भाजपा की वाशिंग मशीन को चौराहे पर तोड़ेंगे




केजरीवाल के 10 गारंटी में 9वां गारंटी देश से भ्रष्टाचार को जड़ से खत्म करने का है। केजरीवाल ने कहा कि भाजपा की वॉशिंग मशीन को चौराहे के ऊपर रखकर तोड़ा जाएगा। भाजपा की वॉशिंग मशीन इस देश में भ्रष्टाचार का सबसे बड़ा कारण है। यह इसका सबसे बड़ा सोर्स है। ईमानदार लोगों को जेल भेजने और बेइमानों को संरक्षण देने की आज जो मौजूदा व्यवस्था है, इस व्यवस्था को समाप्त किया जाएगा।

### जो गारंटी दी उसे पूरा किया

केजरीवाल ने कहा कि हमने बिजली मुफ्त करने की गारंटी दी, स्कूल शानदार की गारंटी दी, मोहल्ला क्लिनिक खोलने का वादा किया। हमने वो सब किया जिसकी हमने गारंटी दी थी। पीएम मोदी की गारंटी कौन पूरा करेगा, वो भी नहीं पता क्योंकि वह 75 साल की उम्र में रिटायर हो रहे हैं।

केजरीवाल की गारंटी केजरीवाल पूरा करेंगे। केजरीवाल ने देश की जनता को 10 गारंटी दी हैं। सीएम ने कहा केजरीवाल की इन 10 गारंटियों की मैं गारंटी लेता हूं कि इंडी गठबंधन की सरकार बनने पर इन्हें पूरा कराया जाएगा। ये 10 गारंटियां नए भारत का विजन हैं।

### विधायकों के साथ पहली बैठक में बोले

#### 2 जून को वापस जाना है, फिर...

सीएम अरविंद केजरीवाल ने रविवार को पार्टी के सभी वरिष्ठ नेताओं और विधायकों से मुलाकात की। इस दौरान सीएम केजरीवाल ने विधायकों को संबोधित करते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी ही आगे देश की कमान संभालेगी और आम आदमी पार्टी ही देश को भविष्य देगी। इसके साथ ही 2 तारीख को मुझे फिर वापस (तिहाड़ जेल) जाना है, इसके बाद आप लोगों को ही पार्टी संभालनी होगी। हालांकि इसमें अमानतउल्ला मौजूद नहीं थे।

### संदेशखाली केस ने पकड़ा तूल

# एनसीडब्ल्यू अध्यक्ष और भाजपा के खिलाफ ईसी पहुंची टीएमसी




नई दिल्ली। चौथे चरण के मतदान से ठीक एक दिन पहले टीएमसी ने भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) में राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) की अध्यक्ष रेखा शर्मा और पियाली दास सहित भाजपा नेताओं के खिलाफ संदेशखाली मामले को लेकर शिकायत दर्ज कराई है।

टीएमसी ने 'संदेशखाली की निर्दोष महिलाओं पर दबाव बनाकर जालसाजी, धोखाधड़ी, धमकी और आपराधिक साजिश के गंभीर अपराध दर्ज कराने' के सिलसिले में क्रिमिनल कार्रवाई करने की मांग की है। महिलाओं ने आरोप लगाया था कि भाजपा ने उन्हें धोखा दिया है।

### शशि पांजा ने लगाए थे ये आरोप

एनसीडब्ल्यू की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने ही संदेशखाली की महिलाओं पर कथित हिंसा और अत्याचार को लेकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की थी। बीते दिनों पश्चिम बंगाल के मंत्री और पार्टी प्रवक्ता शशि पांजा ने आरोप लगाया था कि संदेशखालि से जुड़े आरोपों को लेकर एनसीडब्ल्यू अध्यक्ष ने 'राजनीतिक पूर्वाग्रह' के तहत कार्य किया और वहां कि निर्दोष महिलाओं को यौन अत्याचार के झूठे आरोप लगाने के लिए प्रोत्साहित किया है। टीएमसी ने कई आरोप लगाए थे।

### बांके बिहारी दर्शन के लिए उमड़ी भीड़

# गलियों में 3 किलोमीटर लंबी कतारें, वृंदावन में लगा जाम

एजेंसी ▸▸वृंदावन

बांके बिहारी मंदिर में दर्शन के लिए रविवार को इस कदर भीड़ उमड़ी कि वृंदावन जाम हो गया। एक ओर मार्गों पर वाहनों की लंबी कतार लगी तो दूसरी ओर मंदिर जाने के मार्ग पर भक्तों की तीन किमी लंबी कतार। श्रद्धालुओं की भीड़ को देख पुलिस के हाथ-पांव फूल गए।

वहीं मंदिर में भव्य फूल बंगले के बीच विराजमान ठाकुर बांके बिहारी के दर्शन कर श्रद्धालु भाव विभोर हो रहे थे। मथुरा के वृंदावन स्थित बांके बिहारी मंदिर में रविवार को सुबह से ही श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। विद्यापीठ चौराहा से लेकर बांके बिहारी मंदिर को जाने वाली सभी गलियां खचाखच श्रद्धालुओं से भरीं नजर आईं। मंदिर के प्रवेश द्वारों पर श्रद्धालुओं के बीच आपाधापी मची रही। भीड़ के दबाव में महिलाएं और बच्चे बुरी तरह फंसे नजर आए। इस दौरान सुरक्षाकर्मियों को हालत पर काबू पाने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। वहीं यहां आने वाले श्रद्धालुओं के वाहनों ने वृंदावन जाम कर दिया।



### बेबी फूड्स और मसालों की गुणवत्ता में कमी से लोग सहमे

# डिब्बाबंद खाद्य पदार्थों पर लेबल के दावे भी संदेहास्पद!

## आईसीएमआर ने लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी

एजेंसी ▸▸नई दिल्ली

पहले बच्चों को दिए जाने वाले खाद्य पदार्थ (बेबी फूड्स) और कई मसालों की गुणवत्ता में पाई गई कमी ने डिब्बाबंद चीजों के सेवन को लेकर लोगों के मन में डर पैदा कर दिया है। एक हालिया बयान में भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) ने लोगों को सावधान करते हुए कहा है कि पैकेज्ड वस्तुओं पर लगे खाद्य लेबल भ्रामक हो सकते हैं। शीर्ष स्वास्थ्य अनुसंधान निकाय ने जोर देते हुए कहा है कि उपभोक्ताओं को जानकारी को ध्यान से पढ़ना चाहिए। आहार के लिए स्वस्थ विकल्पों का चुनाव करने के लिए थोड़ी सावधानी बरतनी जरूरी है।

**जानकारी को अवश्य पढ़ना चाहिए**




### डिब्बाबंद उत्पादों को प्राकृतिक बताकर हो रही बिक्री

हैदराबाद स्थित राष्ट्रीय पोषण संस्थान ने आहार दिशानिर्देश में कहा वैसे तो भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण के सख्त मानदंड हैं लेकिन लेबल में प्रस्तुत जानकारी भ्रामक हो सकती है। एनआईएन ने कहा कि किसी खाद्य उत्पाद को 'प्राकृतिक' तभी कहा जा सकता है जब इसमें ऊपर से रंग और स्वाद या कृत्रिम पदार्थ नहीं मिलाए गए हों।

**दावों की दोबारा जांच करें**

एनआईएन ने सख्ती बरतते हुए कहा कि देखा जा रहा है कि डिब्बाबंद खाद्य पदार्थों के लिए 'प्राकृतिक' शब्द का प्रयोग अक्सर शिथिल रूप से किया जा रहा है। इसका उपयोग अक्सर निर्माताओं द्वारा किया जाता है मले ही डिब्बाबंद उत्पाद में केवल एक या दो प्राकृतिक अवयवों हों। ये भ्रामक हो सकता है इसलिए लोगों को सामग्री और अन्य जानकारी को ध्यान से पढ़ना जरूरी है। बेहतर सेहत के लिए डिब्बाबंद उत्पादों के लेबल पर किए गए दावों की दोबारा जांच करें।

### उत्पादों पर अत्यधिक ध्यान देना जरूरी

आईसीएमआर ने कहा कि कई खाद्य पदार्थ जो शुगर-फ्री होने का दावा करते हैं असल में उनमें वसा की मात्रा अधिक हो सकती है। इसी तरह से अधिकतर डिब्बाबंद फलों के रस में केवल 10 प्रतिशत तक ही फलों का गूदा हो सकता है। हाल ही में जारी अपने आहार दिशानिर्देशों में, आईसीएमआर ने कहा कि पैकेड फूड पर स्वास्थ्य संबंधी दावे उपभोक्ताओं का ध्यान खींचने और उन्हें यह समझाने के लिए डिजाइन किए जाते हैं कि उत्पाद स्वस्थ है, लेकिन असल में ये कितने स्वस्थ है इस पर अपने विवेक से ध्यान देना जरूरी है।

# सीमा विवाद पर बोले जयशंकर: लद्दाख की गलवान घाटी में भारत और चीनी सैनिकों की झड़प के बाद से दोनों देशों के संबंध बुरे दौर से गुजर रहे हैं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

गलवान घाटी में भारत और चीनी सैनिकों की झड़प के बाद से दोनों देशों के संबंध बुरे दौर से गुजर रहे हैं। सैन्य गतिरोध के बाद से दोनों देशों में कई बार शांति वार्ता हुई लेकिन उसका कोई हल नहीं निकल पाया। अब चीन के साथ संबंधों पर विदेश मंत्री एस जयशंकर का बयान सामने आया है। लद्दाख की गलवान घाटी में भारत और चीनी सैनिकों की झड़प के बाद से दोनों देशों के संबंध बुरे दौर से गुजर रहे हैं। सैन्य गतिरोध के बाद से दोनों देशों में कई बार शांति वार्ता हुई, लेकिन उसका कोई हल नहीं निकल पाया।

### चीन से सामान्य नहीं है रिश्ते

*जयशंकर ने आगे कहा कि चीन के साथ हमारे रिश्ते सामान्य नहीं हैं क्योंकि सीमावर्ती इलाकों में शांति भंग हो गई है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी का साफ कहना है कि चीनी पक्ष को यह एहसास होना चाहिए कि मौजूदा स्थिति उसके हित में नहीं है।मोदी ने कहा था कि सीमा की स्थिति पर तत्काल बातचीत करने की जरूरत है और भारत और चीन के बीच स्थिर और शांतिपूर्ण संबंध न केवल दोनों देशों के लिए बल्कि पूरे क्षेत्र और दुनिया के लिए महत्वपूर्ण हैं। जयशंकर ने कहा कि कूटनीति धैर्य का काम है और भारत चीनी पक्ष के साथ मुद्दों पर चर्चा करता रहता है। उन्होंने गुरुवार को साक्षात्कार के दौरान कहा कि मैं कहूंगा कि अगर रिश्ते को सामान्य बनाना है तो हमें सभी मुद्दों को हल करने की जरूरत है।*



### सीमा पर शांति से ही सुधरेंगे संबंध

*जयशंकर ने कहा कि चीन के साथ हम सभी शेष मुद्दों के समाधान की उम्मीद करते हैं और इस बात पर जोर दिया कि सामान्य द्विपक्षीय संबंधों की वापसी सीमा पर शांति पर ही निर्भर करती है। एक साक्षात्कार में उन्होंने कहा कि जिन मुद्दों को तरजीह दी जा रही है उनमें गश्ती अधिकार और गश्ती क्षमता शामिल है।*



फाइल फोटो सांकेतिक

### पीएम के बयान पर बोले जयशंकर

*बातचीत में प्रधानमंत्री मोदी की टिप्पणियों पर विवाद पर पूछे जाने पर जयशंकर ने कहा कि उन्होंने इस मामले पर केवल एक बड़ा दृष्टिकोण प्रदान किया है। उन्होंने कहा कि भारत को उम्मीद है कि चीन के साथ सभी मुद्दों पर समाधान हो जाएगा।*

## खबर संक्षेप

### चीन के ड्रोन से हो रही थी तस्करी, गिरा दिया



**अमृतसर।** पंजाब के अमृतसर में सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने हेरोइन के पैकेट के साथ एक ड्रोन बरामद किया है। ड्रोन चीन निर्मित है। जानकारी के अनुसार शनिवार देर रात को ड्यूटी पर तैनात जवानों ने अमृतसर के सीमावर्ती इलाके में ड्रोन की गतिविधि को रोका। इसके बाद बीएसएफ के जवानों ने तुरंत कार्रवाई की। सीमा सुरक्षा बल के जनसंपर्क अधिकारी ने एक बयान में कहा कि ड्रोन गिराने वाले संभावित क्षेत्र की घेराबंदी कर दी और आसपास के इलाकों की तलाशी ली।

### मैक्सिको में भूकंप तीव्रता 6.4 मापी गई, क्षति नहीं




**मैक्सिको।** ग्वाटेमाला सीमा पर भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए हैं। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 6.4 मापी गई है। अभी तक किसी बड़े नुकसान की खबर नहीं है। भूकंप के झटके लगने से लोग दहशत में आ गए और अपने-अपने घरों से बाहर निकल आए। भूकंप के झटके मैक्सिको के शहर सुचिएट में सुबह छह बजे महसूस किए गए। सुचिएट शहर मैक्सिको-ग्वाटेमाला सीमा पर बसा है और सीमाओं को अलग करती है।

### भारत ने फिर दिखाया बड़ा दिल, मालदीव को दी राहत



**माले।** भारत का दौरा कर मालदीव लौटे वहां के विदेश मंत्री मूसा जमीर ने मालदीव के राष्ट्रपति कार्यालय में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान बताया कि भारत ने मालदीव को 20 करोड़ डॉलर के कर्ज में से 15 करोड़ के कर्ज के पुनर्भुगतान की समय सीमा बढ़ाने की हरी झंडी दे दी है। यह कर्ज भारत ने मालदीव की पिछली सरकार को दिया था। जमीर ने बताया कि मालदीव जनवरी में 5 करोड़ डॉलर का भारत को पुनर्भुगतान कर चुका है बाकी के 15 करोड़ डॉलर बाकी है।

## कश्मीरियों का हमदर्द बताने वाले पाक के पीओके का दिखा असली चेहरा

# पीओके में लोगों ने मांगा हक तो मिले आंसू गैस के गोले,भारत से मांगी मदद

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

पाकिस्तान के कब्जे वाले पीओके में लोगों ने बगावत कर दी है। कई मुद्दों को लेकर लोग प्रदर्शन कर रहे हैं। हालात को देखकर पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर लाठी और आंसू गैस के गोले बरसाए। प्रदर्शनकारियों और सुरक्षा बलों के बीच झड़पों में एक पुलिस अधिकारी की मौत हो गई और 100 से अधिक लोग घायल हो गए। मीरपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कामरान अली ने बताया कि सब-इंस्पेक्टर अदनान कुरेशी ने इस्लामगढ़ शहर में सीने में गोली लगने के बाद दम तोड़ दिया, जहां वह अन्य पुलिस कर्मियों के साथ मुजफ्फराबाद के रास्ते एक रैली को रोकने के लिए तैनात थे।

पुलिस कार्रवाई के विरोध में पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के मुजफ्फराबाद में हड़ताल के दौरान व्यवसाय और सामान्य जीवन ठप हुआ है। हिंसा भड़कने के बाद मीरपुर, आजाद जम्मू एवं कश्मीर (एजेके) में बाजार, स्कूल और कार्यालय लगातार दूसरे दिन बंद रहे।

### 1 पुलिस अधिकारी की मौत हो गई और 100 से अधिक लोग घायल हो गए



**पाकिस्तानी राष्ट्रपति करेंगे इमरजेंसी मीटिंग**

*पीओके की एक पार्टी के अध्यक्ष चौधरी मोहम्मद यासीन ने कहा कि प्रदर्शनकारियों की मांगें पूरी होनी चाहिए। अगर गिलगित बाल्टिस्तान में गेहूं का आटा और बिजली सस्ती मिल सकती है, तो यहां क्यों नहीं? उन्होंने आगे कहा कि पीएम अनवारुल हक समझते हैं कि वह सबकुछ जानते हैं। यही कारण है कि आज पुलिस और पब्लिक आमने-सामने हैं। पीओके के प्रदर्शन ने पाकिस्तान को भी हिलाकर रख दिया है। पाकिस्तानी राष्ट्रपति शहबाज शरीफ ने सोमवार को इमरजेंसी मीटिंग बुलाई है।*

### 2 पीओके में लगे आजादी के नारे,लोग सड़क पर उतरे

#### बाजार, स्कूल और कार्यालय बंद

पुलिस कार्रवाई के विरोध में पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के मुजफ्फराबाद में हड़ताल के दौरान व्यवसाय और सामान्य जीवन ठप हुआ है। हिंसा भड़कने के बाद मीरपुर, आजाद जम्मू एवं कश्मीर (एजेके) में बाजार, स्कूल और कार्यालय लगातार दूसरे दिन बंद रहे। जेएएसी के करीब 70 कार्यकर्ताओं को पुलिस ने मुजफ्फराबाद और मीरपुर डिवीजनों में उनके आवासों और उनके रिश्तेदारों पर छापेमारी के दौरान गिरफ्तार किया।

#### भारत सरकार से हस्तक्षेप करने का आह्वान

पीओके कार्यकर्ता अमजद अयूब मिर्जा ने कहा कि पाकिस्तानी बल निहत्थे नागरिकों पर गोली चला रहे हैं और झड़पों में कम से कम दो लोग मारे गए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि हिंसा में एक पुलिस एसएचओ को कथित तौर पर प्रदर्शनकारियों ने पीट-पीटकर मार डाला। मिर्जा ने भारत सरकार से हस्तक्षेप करने का आह्वान करते हुए कहा कि स्थिति नियंत्रण से बाहर हो रही है। इस मामले से केंद्र अलग नहीं रह सकता। उन्होंने कहा कि भारत को अब अपना सारा ध्यान पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर पर केंद्रित करना चाहिए और गिलगित-बाल्टिस्तान सहित इस कब्जे वाले क्षेत्र की स्वतंत्रता में मदद करनी चाहिए।

#### अवामी एक्शन कमेटी के कहने पर हुआ प्रदर्शन

टैक्स, महंगाई और बिजली की किल्लत जैसे मुद्दों को लेकर शुक्रवार को एएसी ने एक शांतिपूर्ण प्रदर्शन का आह्वान किया था। पाकिस्तानी मीडिया के अनुसार, हिंसा तब भड़की जब पुलिस ने लोगों के घरों और मस्जिदों के आसपास आंसू गैस के गोले बरसाए। इसके चलते पीओके के कई हिस्सों जैसे सामनी, सेहांसा, मीरपुर, रावलकोट, खुइरत्ता, तत्तापानी और हट्टियन बाला में हिंसा भड़क गई। रिपोर्ट के अनुसार, एएसी का कहना है कि वह शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे थे, लेकिन पुलिस कार्रवाई करके अच्छा नहीं किया।

#### फैसलों से तंग हैं लोग

दरअसल, यहां के लोग इसलिए सड़कों पर उतरे क्योंकि पाकिस्तान की सरकार के फैसलों से तंग आ चुके हैं। जिस पीओके में कई पनबिजली परियोजनाएं हैं, उसे ही बिजली नहीं मिल रही। उसकी बिजली पाकिस्तान के दूसरे अलग-अलग शहरों में भेजी जा रही है। वहीं बढ़ती महंगाई ने सारी हदें पार कर दी हैं। प्रदर्शन की वजह बढ़ती महंगाई और बिजली बिल में किया गया इजाफा है। पाकिस्तान सरकार ने बिजली बिल में सब्सिडी खत्म कर दी है। इसके अलावा टैक्स में भी बढ़ोतरी कर दी गई है।

## राहुल,मणिशंकर डरें पाकिस्तान से

# पीओके भारत का है, हम उसे लेकर रहेंगे : अमित शाह

- पाकिस्तान के परमाणु बम से भारत नहीं डरता
- पीओके भारत का हिस्सा था है और रहेगा



भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) भारत का है, उसे हम लेकर रहेंगे। मणिशंकर अय्यर और फारूक अब्दुल्ला कहते हैं कि पाकिस्तान का सम्मान करो क्योंकि इनके पास एटम बम है, पीओके मत मांगिए। राहुल गांधी, आपको एटम बम से डरना है तो डरिए, हम नहीं डरते। शाह महेशगंज स्थित नायर देवी धाम में कौशांबी से भाजपा उम्मीदवार विनोद सोनकर के समर्थन में चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। गृहमंत्री ने कहा कि विपक्ष को सिर्फ वोटबैंक की चिंता है। शहजादे कहते हैं हम आएंगे तो 370 वापस लाएंगे। कांग्रेस ने 70 साल तक राम मंदिर को लटकाकर रखा। मोदी ने पांच साल में ही मंदिर का भूमिपूजन भी किया और राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा भी कर दी।

#### विपक्ष का सूपड़ा साफ हो जाएगा

सबको निमंत्रण भेजा गया लेकिन ये लोग नहीं गए, क्योंकि ये लोग अपने वोट बैंक से डरते हैं।उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों के गठबंधन आईएनडीआईए के जीतने की कोई संभावना नहीं। उत्तर प्रदेश में सपा, बसपा और कांग्रेस का सूपड़ा साफ करना है और मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है। उन्होंने कहा कि देश से आतंकवाद और नक्सलवाद को समाप्त करने का काम मोदी ने किया। बाबा विश्वनाथ का दरबार भी मोदी ने फिर से बनाने का काम किया। मोदी ही उत्तर प्रदेश का विकास कर सकते हैं। एक-एक वोट मोदी को प्रधानमंत्री बनाने के काम में आएगा।

## भारी मात्रा में गोला-बारूद बरामद

# कश्मीर को दहलाने की साजिश को जवानों ने कर दिया नाकाम

एजेंसी ▶▶ जम्मू

जम्मू-कश्मीर के रेसाई जिले में सुरक्षाबलों को बड़ी कामयाबी मिली है। सुरक्षाबलों ने जिले के वन क्षेत्र में भारी मात्रा में गोला बारूद समेत एक्सप्लोसिव उपकरण बरामद किया है। अधिकारियों ने बताया कि इस बात का दावा सुरक्षाबलों ने किया है।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि सेना की 58 आरआर को रेसिया जिले के जनरल कोट बुधान वन क्षेत्र में संवेदनशील विस्फोटक उपकरण के साथ-साथ हथियार और गोला-बारूद मिला।



#### खतरनाक हथियार हुए बरामद

अधिकारी ने बरामदगी का ब्योरा देते हुए कहा कि बरामद किए सामान में इलेक्ट्रिक डेटोनेटर के साथ आईईडी - 9, पिस्तौल -3, मैगजीन- 3, पिस्टल राउंड- 20, विस्फोटक (पाउडर प्रकार)- लगभग 1 किलोग्राम, एके 47 राउंड-1, एके-47 फायर्ड केसिंग- 6, 9 वोल्ट डीसी बैटरी- 8, लिथियम-आयन 12 वोल्ट बैटरी- 3, इलेक्ट्रिक वायर (लगभग 50 मीटर)- 3 बंडल, एए बैटरी (1.2 वी)- 10, बड़े मैग्नेट - 6, विस्फोटक सुरक्षा फ्यूज़- 7, कंबल- 1, ड्रेसिंग पट्टियां - 3, सुई के साथ सीरिंज - 2, रस्सी (8 मीटर) - 1, सिगरेट - 2 पैकेट शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि इतनी बड़ी मात्रा में गोला बारुद बरामदगी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि कितनी बड़ी साजिश हो रहीं थी।

### खाने में पेशाब मिलाने वाला वेटर गिरफ्तार



**कैंसास।** अमेरिका कैंसास में एक वेटर को गिरफ्तार किया गया है। उस पर आरोप है कि वो रेस्टोरेंट में खाना परोसने से पहले उसमें पेशाब करता था और उसे अपने प्राइवेट पार्ट से टच करता था। आरोप ने अपनी गलती को स्वीकार कर लिया है।पकड़े गए वेटर की पहचान जैस क्रिश्चियन हैनसन के तौर पर हुई है। रिपोर्ट्स के अनुसार, एफबीआई एजेंट्स ने पुलिस को अलर्ट किया। खाने को संभावित तौर पर जानबूझकर खराब किया जा रहा है। जासूसों ने 26 अप्रैल को अपने हलफनामे में कहा कि फेडरल एजेंट्स ने उन्हें वीडियो के थंबनेल भेजे।

## परमाणु: जल, भोजन और स्वास्थ्य की सुरक्षा पर चर्चा

# प्रौद्योगिकी सैन्य कार्यों में क्रांति ला रही है: सीडीएस जनरल अनिल चौहान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने कहा कि प्रौद्योगिकी सैन्य कार्यों में क्रांति ला रही है। उन्होंने मौजूदा तकनीकों के एकीकरण और भविष्य की उभरती प्रौद्योगिकियों में निवेश की जरूरत को रेखांकित किया। सीडीएस ने राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के अवसर पर परमाणु ऊर्जा विभाग के वैज्ञानिकों और इंजीनियरों की एक सभा को संबोधित किया। इसके अलावा उन्होंने मुंबई स्थित भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र (बीएआरसी) में 'समाज के लिए परमाणु: जल, भोजन और स्वास्थ्य की सुरक्षा' विषय पर दो दिवसीय कार्यक्रम का भी उद्घाटन किया।



#### प्रगति का बेहतर अवसर

*सीडीएस ने कहा कि यह विज्ञान और प्रौद्योगिकी में हुई उल्लेखनीय प्रगति पर विचार करने का समय है, जिसने हमारे देश की प्रगति को आकार दिया है। वैज्ञानिकों, इंजीनियरों और अन्वेषकों के अथक प्रयासों को पहचानने का अवसर भी है।*

## आसियान-भारत माल व्यापार समझौता संयुक्त समिति की चौथी बैठक

# राष्ट्रीय व्यवहार एवं बाजार की सुलभता से लगेंगे कारोबार को पंख

एजेंसी ▶▶ पुत्रजया

समीक्षा में समझौते के विभिन्न नीतिगत क्षेत्रों के मुद्दों को हल करने के लिए कुल 8 उप-समितियों का गठन किया गया है और इनमें से 5 उप-समितियों ने अपनी चर्चा शुरू कर दी है। सभी 5 उप-समितियों ने चौथी एआईटीआईजीए संयुक्त समिति को अपनी चर्चाओं के परिणामों की सूचना दी। इनमें से 'राष्ट्रीय व्यवहार एवं बाजार की सुलभता', 'उदगम के नियम', 'मानक, तकनीकी विनियम और अनुरूपता मूल्यांकन प्रक्रियाएं' और 'कानूनी एवं संस्थागत मुद्दे' से संबंधित चार उप-समितियों की बैठक मलेशिया के पुत्रजया में चौथी एआईटीआईजीए संयुक्त समिति की बैठक के साथ हुई। स्वच्छता एवं पादप स्वच्छता से संबंधित उप-समिति की बैठक पूर्व में 3 मई, 2024 को हुई थी। संयुक्त समिति ने उप-समितियों को आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया।



#### शर्तों एवं बातचीत को दिया अंतिम रूप

एआईटीआईजीए (आसियान-भारत माल व्यापार समझौता) की समीक्षा के लिए संयुक्त समिति की चौथी बैठक 7-9 मई 2024 को मलेशिया के पुत्रजया में आयोजित की गई और इसकी सह-अध्यक्षता भारत के वाणिज्य विभाग के अतिरिक्त सचिव राजेश अग्रवाल और मलेशिया के निवेश, व्यापार और उद्योग मंत्रालय की उप महासचिव (व्यापार) मस्तूरा अहमद मुस्तफा ने की।

#### 5 उप-समितियों ने चर्चा शुरू की

समझौते के विभिन्न नीतिगत क्षेत्रों के मुद्दों को हल करने के लिए कुल 8 उप-समितियों का गठन किया गया है और इनमें से 5 उप-समितियों ने अपनी चर्चा शुरू कर दी है। सभी 5 उप-समितियों ने चौथी एआईटीआईजीए संयुक्त समिति को अपनी चर्चाओं के परिणामों की सूचना दी। इनमें से 'राष्ट्रीय व्यवहार एवं बाजार की सुलभता', 'उदगम के नियम' पर चर्चा की गई।

### जंग के बीच इजरायल का अहम समझौता

**एजेंसी:तेल अवीव।** हमास के साथ जारी जंग के बीच रविवार को इजरायल के कृषि मंत्री एवी डीचर ने बुखारेस्ट में रोमानियाई अधिकारियों के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। यह समझौता आपातकालीन गेहूं आपूर्ति को सुरक्षित करने के लिए इजरायल की रणनीतिक पहल, 'ट्रीट द व्हीट' में चौथा समझौता है।







देश में 18वीं लोकसभा के लिए सात चरणों में मतदान होना है। अब तक तीन चरण के मतदान हो चुके हैं। अब चौथे चरण में उत्तर प्रदेश, बिहार और मध्य प्रदेश समेत 10 राज्यों की 96 सीटों पर सोमवार यानी 13 मई को मतदान होना है। चौथे चरण में यूपी की 13 लोकसभा सीटों पर भी मतदान होगा। कई दिग्गजों की किस्मत दांव पर लगी है।

# चौथे चरण में 10 राज्यों की 96 सीटों पर आज डाले जाएंगे वोट, थमा चुनावी शोर

## 95 लाख से अधिक मतदाता 1717 प्रत्याशियों की किस्मत का करेंगे फैसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

मतदाता पांच केंद्रीय मंत्री, एक पूर्व मुख्यमंत्री, दो क्रिकेटर और एक अभिनेता समेत 1717 प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला करेंगे, जिसका परिणाम 4 जून को मतगणना के बाद आएगा।

### आंध्र में 25 तो जम्मू में 1 सीट पर मतदान

2024 लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में यानी 13 मई को आंध्र प्रदेश की 25, उत्तर प्रदेश की 13, तेलंगाना की 17, महाराष्ट्र की 11, मध्यप्रदेश की आठ, पश्चिम बंगाल की आठ, बिहार की पांच, झारखंड की चार, ओडिशा की चार और जम्मू-कश्मीर की एक सीट पर वोट डाले जाएंगे।

### 95 लाख से अधिक मतदाता डालेंगे वोट

चौथे चरण में 95 लाख 83 हजार 662 मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमान करेंगे. इसमें 50 लाख 49656 पुरुष, 45 लाख 33 हजार 813 महिला और 193 थर्ड जेंडर शामिल हैं। चुनाव आयोग ने चौथे चरण के मदतान के लिए कुल 9447 बूथ बनाये हैं। इसमें 7915 ग्रामीण क्षेत्र में जबकि 1532 शहरी क्षेत्र में हैं। वहीं 9447 में से 4810 बूथों को संवेदनशील बूथों की श्रेणी में रखा गया है।



### किस राज्य में किस सीट पर होगी वोटिंग

1- **उत्तर प्रदेश** : शाहजहांपुर, खीरी, धौरहरा, सीतापुर, हरदोई, मिश्रिख, उन्नाव, फर्रुखाबाद, इटावा, कन्नौज, कानपुर, अकबरपुर और बहराइच लोकसभा सीट पर मतदान होना है।

2- **मध्यप्रदेश** : देवास, उज्जैन, मंदसौर, रतलाम, धार, इंदौर, खरगोन और खंडवा।

3- **आंध्र प्रदेश** : अराकू, श्रीकाकुलम, विजयनगर, विशाखापट्टनम, अनकापल्ली, काकीनाडा, अमलापुरम, राजमुंदरी, नरसापुरम, एलुरु, मछलीपट्टनम, विजयवाड़ा, गुंटूर, नरसारावपेट, बापटला, ओंगोल, नंद्याल, कुरनूल, अनंतपुर, हिंदूपुर, कडप्पा, नेल्लोर, तिरूपति, राजमपेट और चित्तूर।

4- **महाराष्ट्र** : नंदुरबार, जलगांव, रावेर, जालना, औरंगाबाद, मावल, पुणे, शिरूर, अहमदनगर, शिरडी और बीड।

5- **बिहार** : दरभंगा, उजियारपुर, समस्तीपुर, बेगूसराय और मुंगेर।

6- **ओडिशा** : कालाहांडी, नबरंगपुर, बेरहामपुर और कोरापुट।

7- **जम्मू कश्मीर**-श्रीनगर।

8- **झारखंड** : सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा और पलामू।

9- **तेलंगाना** : आदिलाबाद, पेद्दापल्ली, करीमनगर, निजामाबाद, हैदराबाद, मेडक, मल्काजगीरी, सिकंदराबाद, हैदराबाद, चेवेल्ला, महबूबनगर, नगरकुरनूल, नलगोंडा, भोंगीर, वारंगल, महबुबाबाद और खम्मम।

10-**पश्चिम बंगाल** : बहरामपुर, कृष्णानगर, राणाघाट, बर्धमान पुरबा, बर्धमान - दुर्गापुर, आसनसोल, बोलपुर और बीरभूम।

## सोशल मीडिया

### हिमाचल प्रदेश में भाजपा चौका और छक्का लगाएगी: अनुराग ठाकुर



**हमीरपुर/शिमला।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी हिमाचल प्रदेश की सभी चार लोकसभा सीट और छह विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव जीतकर चौका और छक्का लगाएगी। हमीरपुर लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार ठाकुर ने कहा कि लोग केंद्र में भाजपा नीत सरकार के प्रदर्शन से खुश हैं और नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना चाहते हैं। ठाकुर ने कहा, "हमने राम मंदिर का निर्माण किया। कांग्रेस कहती है कि वह मस्जिद बनायेगी।

### नेकां कार्यकर्ताओं को परेशान कर रहा जम्मू कश्मीर प्रशासन: अब्दुल्ला



**श्रीनगर।** नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) प्रमुख फारूक अब्दुल्ला ने जम्मू-कश्मीर प्रशासन पर चुनाव जीत में भाजपा की मदद करने के लिए नेकां कार्यकर्ताओं को परेशान करने और लोगों में भय उत्पन्न करने का आरोप लगाया। अब्दुल्ला ने यहां शहर के हजरतबल इलाके में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, पुलिस बुजुर्गों और युवाओं को बुला रही है और फिर उनसे कहती है कि वे हुर्रियत और अन्य लोगों के साथ हैं। वास्तव में, वे आपके बीच भय पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। लोगों से केवल ईश्वर से डरने को कहा।

## विपक्षी गठबंधन सत्ता में आया तो फिर से लौट आएगा आतंकवाद का दौर : योगी



**कानपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि अगर इंडिया गठबंधन सत्ता में आता है तो देश में एक बार फिर आतंकवाद और नक्सलवाद का दौर शुरू हो जाएगा। योगी ने कांग्रेस को निशाने पर लेते हुए कहा कि संविधान संशोधन का डर फैलाने वाली कांग्रेस ने सबसे पहले भारतीय संविधान में संशोधन करते हुए अभिव्यक्ति की आजादी को रौंदने का कार्य किया था। मुख्यमंत्री ने समाजवादी पार्टी पर सीधा हमला बोलते हुए कहा कि सपा के एजेंडे में अयोध्या का विकास नहीं, बल्कि अयोध्या में आतंकी हमला करने वाले आतंकवादियों के मुकदमे वापस लेना था।उन्होंने यहां कानपुर से पार्टी प्रत्याशी रमेश अवस्थी और अकबरपुर से भाजपा प्रत्याशी देवेन्द्र सिंह भोले के लिए जनता से वोट की अपील की।

### इंडी गठबंधन को पाकिस्तान की चिंता

उन्होंने कहा, "इंडी गठबंधन नकारात्मक राजनीति के कारण अपनी विश्वसनीयता खो रहा है। इनको पाकिस्तान के हितों की चिंता होती है। इनको आतंकवाद और नक्सलवाद की समस्या के समाधान की नहीं आतंकियों पर दायर मुकदमों को वापस लेने की चिंता होती है। इनकी चिंता थी कि जैसे भी हो अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण न हो। मोदी जी ने देश को दुनिया में सम्मान दिलाया है। हमारी सीमाओं को सुरक्षित किया है। विकास को गति दी है। गरीब कल्याण के साथ ही नागरिकों के जीवन में परिवर्तन किया है।

## अमेठी, रायबरेली में 'बड़े अंतर' से जीतेंगे : भूपेश बघेल



**रायबरेली।** कांग्रेस नेता भूपेश बघेल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी नेता स्मृति ईरानी ने राहुल गांधी का विरोध करके अपनी पहचान बनाई है लेकिन इस बार वह अमेठी में ऐसा नहीं कर पाएंगी और उन्हें हार का सामना करना पड़ेगा। बघेल ने विश्वास जताया कि उनकी पार्टी लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में अमेठी और रायबरेली दोनों सीटों पर 'बड़े अंतर' से जीत हासिल करेगी। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को इस बार पार्टी ने रायबरेली से चुनाव मैदान में उतारा है और वह भाजपा के दिनेश प्रताप सिंह के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। गांधी परिवार के सहयोगी किशोरी लाल शर्मा अमेठी में स्मृति ईरानी के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। राहुल गांधी 2019 में अमेठी लोकसभा सीट से चुनाव हार गए थे और ईरानी ने जीत दर्ज की थी।

*शर्माजी का हर घर से आत्मीय नाता : किशोरी लाल शर्मा जी 40 वर्षों से अधिक समय से लोगों की सेवा कर रहे हैं। उनका भी हर घर से नाता रहा है।'*

### अमेठी-रायबरेली से गहरा संबंध

बघेल ने कहा कि दोनों सीटों से गांधी परिवार के घनिष्ठ संबंध रहे हैं पहले इंदिरा गांधी फिर संजय गांधी, राजीव गांधी, सोनिया गांधी और राहुल गांधी सभी ने इन दोनों निर्वाचन क्षेत्रों में से किसी एक से चुनाव लड़ा है। बघेल ने एक साक्षात्कार में कहा,/"यहां के हर घर से उनके पारिवारिक रिश्ते हैं। रायबरेली से राहुल गांधी को उतारने का फैसला आलाकमान का था और हमारे नेता पहले ही इस बारे में बात कर चुके हैं। हम दोनों सीटों से लड़ रहे हैं।

# ओडिशा : सियासी चक्रव्यूह में भाजपा और बीजद आमने-सामने, कांग्रेस भी मैदान में

*ओडिशा में सत्तारूढ़ दल बीजू जनता दल के तिलिस्म को तोड़ने के लिए राजनीतिक दलों में प्रतिस्पर्धा देखने को मिल रही है। ओडिशा की सियासत में दोस्ती करके कांग्रेस को पछाड़ने वाले बीजद व भाजपा में इस बार चुनावी गठबंधन परवान नहीं चढ़ सका है। इसलिए भाजपा ने लोकसभा और विधानसभा चुनावों में बीजद की दो तरफा घेराबंदी करके ऐसा सियासी चुनावी चक्रव्यूह रचा है, जिसका मकसद लोकसभा में अधिकांश सीटों पर जीत हासिल करने के साथ ही भाजपा विधानसभा चुनाव में भी बीजद को पटखनी देना है, लेकिन पिछले ढ़ाई दशक से सत्तारूढ़ बीजद का गढ़ बन चुके ओडिशा में किसी भी दल के लिए सियासी चुनौती देने की डगर आसान नहीं होगी?*

ओपी पाल ▶▶| नई दिल्ली

सियासी गलियारों में चर्चा है कि बीजद भी प्रतिद्वंद्वी दलों के खिलाफ नई चुनावी रणनीति के साथ अपने सियासी वर्चस्व को बरकरार रखने के लिए मजबूती के साथ चुनावी जंग के मैदान हैं। ओडिशा के इस चुनाव में भाजपा और बीजद के साथ सीधा मुकाबला होने के आसार है, लेकिन कांग्रेस भी दो हजार के दशक से पहले की सियासी जमीन पर वापसी करने के इरादे इस चुनावी जंग को त्रिकोणीय बनाने का भरकस प्रयास कर रही है।

### गठबंधन पर नहीं बनी बात अलग-अलग ठोंकी ताल

लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में 13 मई को ओडिशा के पहले दौर के चुनाव में चार लोकसभा और 28 विधानसभा सीटों पर मतदान होगा। इस बार यहां लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा व बीजद के बीच गठबंधन करके चुनाव मैदान में आने की कवायद चली, लेकिन ऐनवक्त पर शायद भाजपा के अनुसार सीटों पर बिगड़ी बात को लेकर इन दोनों का गठबंधन पटरी पर नहीं आ सका। इससे पहले 1998 से 2009 तक यानी चार बार लोकसभा चुनाव गठबंधन करके लड़े है, जिसका लाभ यहां से धीरे धीरे कांग्रेस का प्रभाव कम होता चला गया।







### राज्य में 3,36,46,762 मतदाता

राज्य में कुल वोटरों की संख्या 3,36,46,762 है, जिनमें 1,70,39,900 पुरुष, 1,66,03,401 महिला तथा 31461 थर्डजेंडर मतदाता शामिल हैं। इस चुनाव में 18-19 आयु वर्ग के 7,99,334 युवा मतदाता पहली बार वोटिंग करेंगे। इनके अलावा ओडिशा में 5.20 लाख दिव्यांग, तीन लाख 85 साल से अधिक आयु के बुजर्गों के अलावा सौ साल से अधिक आयु के नौ हजार मतदाता भी मतदान करेंगे।

**ओडिशा में बीजू जनता दल का तिलिस्म तोड़ने राजनीतिक दलों में प्रतिस्पर्धा**

### कई दिग्गज नेता भाजपा में हुए शामिल

इसी वजह से भाजपा ने ओडिशा में बीजद को दोहरी चुनौती देने की चुनावी रणनीति का ताना बाना बुना, जिसमें बीजद के कदावर सांसद भृतहरि महताब समेत केई दिग्गज नेताओं को भाजपा में शामिल कर लिया और लोकसभा के साथ विधानसभा चुनाव में भी बीजद के खिलाफ मोर्चा खोल दिया।

*राष्ट्रीय स्तर पर बीजद मोदी की समर्थक : भाजपा और बीजद के बीच गठबंधन टूटने के बाद ओडिशा राजनीतिक विरोध के बावजूद नवीन पटनायक की बीजद राजग का हिस्सा न होते हुए भी संसद के भीतर और बाहर राष्ट्रीय मुद्दों पर भाजपा के लिए संकट मोचक के रुप में नजर आई।*

### चार चरणों में होगा चुनाव

*पहला चरण (13 मई): कालाहांडी, नबरंगपुर, बेरहामपुर, कोरापुट लोकसभा के साथ 28 विधानसभा सीट।*

*दूसरा चरण (20 मई): बरगढ़, सुंदरगढ़, बोलांगीर, कंधमाल, अस्का लोकसभा के साथ में 35 विधानसभा सीट।*

*तीसरा चरण25 मई): संबलपुर, क्योंझर, ढेंकनाल, पुरी, भुवनेश्वर, कटक लोकसभा के साथ में 42 विधानसभा सीट।*

*चौथा चरण (01 जून): मयूरभंज, बालासोर, भद्रक, जाजपुर, केंद्रपाड़ा, जगतसिंहपुर लोकसभा के साथ में 42 विधानसभा सीट।*

### वर्ष 1998 में पहली बार मिले भाजपा और बीजद

ओडिशा राज्य की 21 लोकसभा सीटों के लिए बारहवीं लोकसभा के लिए 1998 में पहली बार भाजपा व बीजद ने मिलकर चुनाव लड़ा, जिसमें बीजद नौ व भाजपा सात सीटों पर जीतकर आया तो यहां से कांग्रेस का वर्चस्व कम होने लगा। इसके बाद दोनों दलों ने गठबंधन के साथ तीन और चुनाव लड़े और दोनों के सियासी जनाधार में सुधार आया, तो यह बीजद का गढ़ बन गया।

### पहली बार 2014 में अलग-अलग लड़े

साल 2014 में पहली बार दोनों दलों ने अलग चुनाव लड़ा, तो बीजद का सबसे ज्यादा 20 सीटें मिली और बाकी एक सीट भाजपा के खाते में गई जबकि पिछले 2019 चुनाव में भाजपा ने आठ सीट जीतकर वापसी की और कांग्रेस को एक सीट पर संतोष करना पड़ा।

### भूतकाल व वर्तमान में ओडिशा में दलीय स्थिति

इससे पहले ओडिशा के लोकसभा चुनावों में साल 1967,1977 और 1989 के चुनाव छोड़कर ज्यादातर चुनाव में कांग्रेस ही सिरमौर रही है, जिसे आखिरी बार 1996 के चुनाव में दहाई के अंक में सीटें मिली, लेकिन उसके इससे पहले चुनाव तक एक सीट पर आकर सिमट गई। फिलहाल ओडिशा में लोकसभा की 21 में बीजद 12, भाजपा आठ और कांग्रेस एक सीट पर काबिज है। जबकि विधानसभा की 147 सीटों में से बीजद के 112, भाजपा के 23 तथा कांग्रेस के नौ विधायक हैं।

### ओडिशा में जातीय समीकरण


ओडिशा में 94 प्रतिशत आबादी हिंदू, जिसमें 40 प्रतिशत एससी और जनजातीय आबादी शामिल है। राज्य में 2 प्रतिशत आबादी मुस्लिम और 3 प्रतिशत आबादी ईसाई आबादी है। यहां की सियासत पर 5 प्रतिशत ब्राह्मणों और पटनायकों यानी करण-कायस्थ का लंबे समय से सिक्का जमा हुआ है। ओडिशा में जाति या धर्म की सियासत के कोई मायने नहीं रखते।

# 'ये मरे लोग, देश के मन को भी मार रहे': पाकिस्तान बेचने निकला एटम बम

एजेंसी ▶▶| कंधमाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ओडिशा के कंधमाल में रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस के सीनियर नेता मणिशंकर अय्यर के वायरल पुराने इंटरव्यू पर पलटवार किया।

पीएम ने कहा कि बार-बार कांग्रेस अपने ही देश को डराने की कोशिश करती है। वे कहते हैं संभल के चलो पाकिस्तान के पास एटम बम है। ये मरे पड़े लोग, देश के मन को भी मार रहे हैं। कांग्रेस का ऐसा ही रवैया है। वे पाकिस्तान के बम के बारे में बात करते हैं, लेकिन पाकिस्तान की हालत ऐसी है कि उन्हें नहीं पता कि इसे कैसे रखा जाए और वे अपने बम बेचने के लिए खरीदार की तलाश में निकले हैं लेकिन कोई भी उन्हें खरीदना नहीं चाहता है क्योंकि लोग उसकी क्वालिटी के बारे में जानते हैं। माल भी नहीं बिक रहा है।



**मणिशंकर अय्यर के बयान पर मोदी का कांग्रेस पर तंज**

### आखिर कहां गईं जगन्नाथ मंदिर की चाबियां

पीएम मोदी ने कहा कि 7 दशक पहले श्रीजगन्नाथ मंदिर के प्रबंधन के लिए नियम बनाए गए थे। इनमें से एक नियम था कि मंदिर के सोना-चांदी, कीमती पत्थर और सारी चल अचल संपत्ति का रिकॉर्ड मेंटेन किया जाएगा। इसके बाद श्री रत्न भंडार में रखे कीमती सामानों की सूची तैयार की गई थी। पीएम मोदी ने कहा कि भंडार का आखिरी बार मूल्यांकन करीब 45 साल पहले किया गया था। लेकिन भंडार गृह की चाबियां पिछले 6 साल से लापता हैं। क्या आपको ये जानने का हक नहीं है कि चाबियां कहां गईं।

**भावुक होकर बोलीं प्रियंका**

# अमेठी से हमारा खून का रिश्ता, कभी खत्म नहीं होगा, सांसद कोई भी बने

एजेंसी ▶▶| अमेठी

कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी ने तेंदुआ में एक सभा में भावुक होते हुए कहा कि अमेठी से हमारा रिश्ता पाक है। प्रेम का है। सेवा और शहादत का है। खून का रिश्ता है। यह कभी नहीं टूटेगा।

कोई भी सांसद बने। कोई हमारे बारे में हजार झूठ बोल जाए। फिर भी यह रिश्ता नहीं टूटेगा। यह भूमि मेरे पिता की कर्मभूमि है। इसे मैं पूजती हूं। राहुल इसे पूजते हैं। यह हमारे लिए पवित्र भूमि है। तेंदुआ में कांग्रेस प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा के समर्थन में आयोजित सभा में करीब तीन घंटे की देरी से पहुंची प्रियंका गांधी हरेक मुद्दे पर बोलीं। प्रियंका ने सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि देश में झूठ की राजनीति फैली है। नौटंकी की राजनीति है। प्रधानमंत्री पर हमला बोलते हुए कहा कि वह यह नहीं बता सकते कि दस साल में कितने को रोजगार दिया। महंगाई कितनी कम की। कितनी संस्थाएं खोली हैं। कहा कि प्रधानमंत्री सिर्फ एक परिवार के खिलाफ दिन रात बोलते हैं।



### प्रियंका ने बयां किया दर्द

प्रियंका ने कहा कि एक दौर ऐसा आया, जब देश में एक नई राजनीति आई। जनता के जज्बातों से खेला जा रहा है। जमीन हड़पने को लेकर गांधी परिवार पर झूठे आरोप लगाने की बात कही। योजनाओं के बारे में जानकारी दी। कहा कि कुछ ऐसा हुआ कि कुछ लोग बहक गए। राहुल चुनाव हार गए। इसके बाद यह रिश्ता कुछ दिन के लिए रूक गया लेकिन खत्म नहीं हुआ। कोविड को लेकर किए गए प्रयासों का जिक्र किया।

**भाजपा की चुनावी रणनीति सत्तारूढ़ विपक्षी दलों के लिए बनी चुनौती**

# झारखंड: लोकसभा चुनाव में 'क्लीन स्वीप' करने को तैयार राजग

ओपी पाल ▶▶| नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव में झारखंड की 14 लोकसभा सीटों पर चार चरणों में होने वाले चुनाव के पहले दौर में 13 मई को चार सीटों पर मतदान कराया जाएगा। भाजपा ने इस बार राज्य में सभी लोकसभा सीटों पर जीत का लक्ष्य तय किया है। वहीं कांग्रेसनीत विपक्षी गठबंधन भी लोकसभा चुनाव में भाजपा को चुनौती देने के लिए अपना सियासी जाल बिछाया है। यहां राजग और विपक्षी गठबंधन के बीच ही मुख्य चुनावी मुकाबला होने के आसार है। राज्य में सत्तारूढ़ झामुमो-कांग्रेस-राजद के सामने भाजपा नीत राजग की चुनावी रणनीति को चुनौती देने को तैयार है।

*मुख्य चुनावी जंग राजग व इंडी गठबंधन के बीच*
*झारखंड में लोकसभा चुनाव की जंग राजग और इंडिया गठबंधन के बीच ही होगी लेकिन इस बार लोकसभा चुनाव में भाजपानीत राजग झारखंड में क्लीन स्वीप करने की चुनावी रणनीति के साथ रणभूमि में पूरी ताकत झौंक रहा है जबकि राजग के मिशन को तोड़ने के लक्ष्य से विपक्षी गठबंधन में अपनी मजबूत रणनीति से चुनावी वैतरणी को पार करने में सभी दांव पेंच लगाने में पीछे नहीं है।*

### सभी सीटों पर राजग सहित अन्य दल के प्रत्याशी

लोकसभा चुनाव में राजग गठबंधन सभी 14 सीटों पर अपने उम्मीदवर उतारे हैं, जिनमें से 13 सीटों पर भाजपा और एक सीट पर उसकी सहयोगी दल ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन(आजसू) का प्रत्याशी चुनाव मैदान में है। जबकि इंडिया गठबंधन से सात सीटों पर कांग्रेस, पांच पर झामुमो और एक-एक राजद और सीपीआई (एमएल) एल के प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतारे गये हैं।

### क्या है जातीय समीकरण

झारखंड की सियासत में जातीय समीकरण अपना अलग ही महत्व रखता है। यहां सबसे ज्यादा 55 फीसदी आबादी ओबीसी है, जिसके बाद 28 फीसदी आदिवासी आबादी है, तो अनुसूचित जाति 16.33 फीसदी है। राज्य की आबादी में लगभग 50 प्रतिशत हिस्सेदारी इन्हीं दोनों की है। आदिवासी 27 प्रतिशत और कुर्मी 25 प्रतिशत हैं।





### झारखंड की 14 सीटों पर हो रहा चुनाव

आदिवासी बाहुल्य 81 झारखंड लोकसभा की 14 सीटों पर ऐसे समय चुनाव हो रहे हैं, जहां सत्तारुढ़ दल झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भष्ट्राचार के मामले में पिछले तीन महीने से ज्यादा समय से जेल में हैं। हालांकि लोकसभा चुनाव के लिहाज से झारखंड में राजग गठबंधन 12 सीटों के साथ सिरमौर है, जिसमें भाजपा का 11 और उसकी सहयोगी पार्टी आजसू का एक सीट पर कब्जा है। बाकी दो सीटों पर विपक्षी गठबंधन कांग्रेस और झामुमो काबिज है, लेकिन कांग्रेस की मौजूदा सांसद गीता कोडा पहले ही भाजपा का दामन थाम चुकी हैं। ऐसे में राज्य में सत्तारूढ़ कांग्रेसनीत गठबंधन के सामने इस बार लोकसभा चुनाव में राजग गठबंधन के सामने पहले से भी ज्यादा सियासी चुनौती होगी।

### कांग्रेस की एक सांसद भी चली गई भाजपा में

झारखंड में पहले दौर के चुनाव में चार लोकसभा सीटों खूंटी, लोहरदगा, सिंहभूम और पलामू में 13 मई को मतदान होना है, इनमें से तीन पर भाजपा और एक पर कांग्रेस काबिज है लेकिन कांग्रेस की एक मात्र सांसद गीता कोडा लोकसभा चुनाव से पहले ही पाला बदलकर भाजपा में शामिल हो गई है। इस लिहाज से इन चारों लोकसभा सीटों पर बदले सियासी समीकरणों में इंडिया गठबंधन के सामने चुनौती होगी।

### कांग्रेस ने उतारे पहले से हारे प्रत्याशी

खास बात है इंडिया गठबंधन ने खूंटी से अर्जुन मुंडा और लोहरदगा से भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव के खिलाफ कांग्रेस के उन्हीं प्रत्याशियों को क्रमशः कालीचरण मुंडा और सुखदेव भगत को चुनाव मैदान में उतारा है, जो साल 2019 के चुनाव में भाजपा से हार गये थे। सिंहभूम से इस बार भाजपा से चुनाव मैदान में उतरी गीता कोडा के खिलाफ झामुमो ने जोबा माझी और पलामू से भाजपा के मौजूदा सांसद विष्णु दयाल राम के सामने राजद ने ममता भुईयां पर दांव खेला है।

# साईकिल का हिसाब बनाने में टीचर्स के छूटे पसीने

## निःशुल्क सायकिल प्रदाय योजना में हो सकती है कार्यवाही

जबलपुर।

सरकारी स्कूल के बच्चों को साइकिल की बजाय राशि उपलब्ध करवाना शिक्षा विभाग के लिए समस्या बन गया है। विभाग शिक्षकों से साइकिल की रसीद और चेसिस नबर मांग रहा है। ऐसे में शिक्षकों का बुरा हाल है। अब वे बच्चों के मान मनौव्वल में लगे हैं। स्थिति को ऐसे समझ सकते हैं कि अब तक मात्र 700 बच्चों ने ही चेसिस नबर दिए हैं, जबकि करीब 2800 बच्चों से चेसिस नबर लिए जाने शेष हैं। गौरतलब है कि निःशुल्क सायकिल प्रदाय योजना अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र में निवासरत विद्यार्थी जो कि शासकीय विद्यालयों में कक्षा 9 वीं में अध्ययनरत है। वह जिस ग्राम का निवासी है उस ग्राम में शासकीय माध्यमिक विद्यालय अथवा हाई स्कूल संचालित नहीं है तथा वह अध्ययन के लिए किसी अन्य ग्राम अथवा शहर के शासकीय स्कूल में जाता है, तो उसे निःशुल्क सायकिल वितरण योजना अंतर्गत लाभान्वित किया जाता है। इस योजना का लाभ छात्र को



कक्षा 9 वीं में प्रथम प्रवेश पर एक ही बार मिलता है। निःशुल्क सायकिल प्रदाय योजना वर्ष 2004-05 से संचालित है।

### नियम में बदलाव

योजना के तहत बच्चों को सीधे साइकिल का ही वितरण किया जाता रहा है। सरकार सरकार ने नियम में परिवर्तन करते हुए साइकिल की बजाय छात्रों के खातों में सीधे 4500 रुपए जमा कराए। इसमें कुछ छात्रों ने साइकिलें खरीदीं और कुछ छात्रों के अभिभावकों ने इस राशि का दूसरे काम में उपयोग कर लिया। अब एक साल बाद उन बच्चों से साइकिल का चेसिस नंबर मांगा जा रहा है जो नहीं मिल रहा।

कक्षा 9वीं के जिन बच्चों को साइकिल की राशि दी गई थी उसे पोर्टल पर अपडेट किया जाना है। इसके लिए डीइओ कार्यालय द्वारा सभी स्कूलों को पत्र भेजे गए हैं। पोर्टल को लगातार अपडेट किया जा रहा है। कई बच्चों ने अभी तक चेसिस नंबर नहीं दिए, इससे समस्या बन रही है।

### शिक्षकों पर कार्रवाई की चेतावनी

एक ओर जहां बच्चे आसानी से साइकिल का चेसिस नंबर उपलब्ध नहीं करा रहे वहीं दूसरी ओर विभाग इसके लिए शिक्षकों पर दबाव बना रहा है। नंबर न मिलने पर शिक्षकों पर कार्रवाई की चेतावनी दी जा रही है। जिससे शिक्षक तनाव में हैं। शिक्षक बच्चों से संपर्प कर चेसिस नंबर देने की गुहार लगा रहे हैं। वहीं बच्चे कई तरह के कारण बता कर हाथ खड़े कर दे रहे हैं।

# तत्काल बिजली खरीदी में 600 करोड़ का घोटाला!

## उपभोक्ता मंच का आरोप आयोग को संज्ञान लेने भेजा मेल

जबलपुर।

27 अप्रैल की रात से हुई 700 मेगावाट तत्काल बिजली खरीद में 600 करोड़ का घोटाला हुआ है। यह आरोप नागरिक उपभोक्ता मंच ने लगाए है। मंच ने मध्य प्रदेश विद्युत नियामक आयोग को इमेल भेजकर निवेदन किया है कि स्वत संज्ञान याचिका दायर कर बिजली कंपनियों से स्पष्टीकरण मांगा जाए। जैसे की पूर्व में ऐसे ही आंशका पर आयोग ने याचिका नम्बर 28/2008 में जवाब मांगकर कार्यवाही की थी। डॉ. नाजपांडे ने कहा कि आयोग ने 06 मार्च को जारी टैरिफ ओदश में पेज 26 97318 मीयू बिजली खरीदी आवश्यकता को मंजूरी देकर खरीदी रेट 5.73 निर्धारित किया है। प्रतिस्पर्धात्मक बोली से बिजली खरीदी करने को आयोग के आदेशों को ताक में रख दिया गया। मेरिट आर्डर के नियमों की अनदेखी कर आयोग द्वारा निर्धारित रेट से 4 रुपये प्रति यूनिट ज्यादा देकर तत्काल बिजली खरीदी गई। मंच के



रजत भार्गव, वेदप्रकाश अधौलिया, मनीष शर्मा, डीआर लखेरा, सुशीला कनौजिया ने कहा इस तत्काल बिजली खरीदी में पारदर्शिता गायब है। ऐसे में आयोग को तत्काल कदम उठाकर कार्यवाही करनी चाहिये।



# बादलों की बसाहट से धूप से मिली राहत

जबलपुर।

पश्चिमी विक्षोभ का असर बना हुआ है। जिससे रविवार को दिनभर बादलों की आवाजाही बनी रही। इस बीच दोपहर में धूप के बीच हल्की बूंदाबांदी भी हुई। इस सबके बावजूद पारा 40 डिग्री के पार निकल गया और जनजीवन उमस भरी गर्मी से बेचैन रहा। मौसम विभाग का कहना है कि अभी तीन दिनों तक मौसम का मिजाज ऐसा ही बना रहेगा। धूप-बादल के बीच जबलपुर जिले में कई स्थानों पर गरज-चमक के साथ हल्की वर्षा की संभावना है। कहीं-कहीं 30 से 40 किमी प्रति घंटे की गति से आंधी व झंझावत का भी येलो अलर्ट जारी किया गया है। धूप-बादल के बीच दिन भर रस्साकशी होती रही। इस बीच गर्मी भी लोगों का पसीना छुड़ाती रही। चटख धूप से बादल तो राहत देते रहे पर वातावरण में घुली गर्माहट से लोग परेशान रहे।

मौसम विभाग का कहना है कि विदर्भ के ऊपर एक द्रोणिका बन गई है। जिससे अगले 24 घंटों के दौरान तेज झोंकेदार हवाए चल सकती हैं, जिसकी रफ्तार 40-50 किलोमीटर तक हो सकती है।वहीं बादलों की बसाहट के बीच संभाग के जिलों में कहीं कहीं वर्षा या गरज चमक के साथ पानी की बौछारें भी पड़ सकती हैं। स्थानीय मौसम विज्ञान के प्रवक्ता ने बताया कि पिछले 24 घण्टों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 40.03 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 1 डिग्री कम रिकार्ड किया गया। वहीं न्यूनतम तापमान 25.6 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 3 डिग्री अधिक रिकार्ड किया गया। हवा में नमी प्रातकाल 42 प्रतिशत और सांय काल 32 प्रतिशत आंकी गई। सूर्योदय सुबह 5.30 पर और सूर्यास्त शाम 6.45 पर होगा। मौसम कार्यालय के प्रवक्ता ने बताया कि उत्तर पश्चिमी हवाएं दिशा से 6 से 8 किलोमीटर प्रति रफ्तार से हवाएं चल रही हैं। प्रदेश में सर्वाधिक 44.4 डिग्री तापमान पूना में दर्ज किया गया। गत वर्ष आज का अधिकतम तापमान 40.5 और न्यूनतम तापमान 18.3 डिग्री पर रहा। अगले 24 घण्टों के दौरान संभाग में धूल भरी आंधी के साथ कहीं-कही गरज चमक के साथ वर्षा हो सकती है।

**जिले में तेज हवाओं के बीच बूंदाबांदी की संभावना**

# बार-बार बदल रहा बीमारियों का पैटर्न

**वायरल इंफेक्शन के मरीज को पोस्ट ब्रोन्काइटिस एलर्जी की शिकायत, लेकिन रिपोर्ट नेगेटिव**

जबलपुर।

मौसम में बार बार बदलाव हो रहे हैं। इस बदलाव का असर सीधा असर लोगों की सेहत पर हो रहा है। बार-बार मौसम बदलने से बीमारियों के पैटर्न में भी बदलाव हो रहा है। अस्पताल पहुंचाने वाले वायरल फीवर के मरीज भी लंबे समय तक ठीक नहीं हो पा रहे। इस बार वायरल का पैटर्न ठीक कोविड की तरह ही है। जिस तरह कोविड के लोग बाद पोस्ट कोविड संक्रमण से जूझ रहे थे, ठीक उसी तरह अब सामान्य वायरल मरीज पोस्ट वायरल एलर्जी से परेशान हो रहे हैं। यही नहीं इनमें भी सबसे ज्यादा ब्रोन्काइटिस एलर्जी यानि फैफड़ों में एलर्जी के केस हैं। सामान्य सर्दी, खांसी, जुकाम, बुखार के मरीज तो एक सप्ताह में ठीक हो रहे हैं, लेकिन ब्रोन्काइटिस एलर्जी से खांसी तीन से चार हफ्ते में भी ठीक नहीं हो रही। मौसमी बीमारियों का अंदाजा इस बात से लगा सकते हैं कि पिछले एक महीने में हमीदिया और जेपी अस्पताल की ओपीडी में करीब सवा लाख लोग इलाज कराने पहुंचे, इनमें से आधे मौसमी बीमारियों से पीड़ित थे।

मेडिकल कॉलेज की ओपीडी में बुखार-गले में खराश या सामान्य वायरल के मरीज ज्यादा आ रहे हैं। इनमें से 10 में से 4 में पोस्ट ब्रोन्काइटिस एलर्जी देखने को मिल रही है। वायरल से सूखी खांसी चलनी शुरू हो रही है, जो दो या उससे ज्यादा हफ्तों तक ठीक नहीं हो रही। ऐसे मरीजों में एच3एन2, यूआरआइ, एडिनोवायर, कोविड की रिपोर्ट भी निगेटिव आ रही है। कोविड समेत दूसरे वायरस की जांच रिपोर्ट नेगेटिव आ रही है। ऐसे मरीजों पर सामान्य दवाएं भी कम असरदार हो रही हैं, ऐसे में मरीज को मल्टीपल काम्बिनेशन में ज्यादा एमजी की दवाई लिखनी पड़ रही है।

### जोर पकड़ रहा संक्रमण

इस बार वायरल एक मरीज से दूसरे मरीज को प्रभावित कर रहा है। एक व्यक्ति को वायरल होने के बाद पूरा परिवार इसकी चपेट में आ रहा है। ये सामान्य रेस्पिरेटरी वायरस इन्फ्लुएंजा, सिंस्टिएल वायरस है। तापमान में लगातार बदलाव से ऐसा हो रहा है। इसमें लम्बे समय तक खांसी की समस्या रहती है, ऐसे केसेज में निमोनिया रेयर है। कई मरीजों को बुखार भी नही होता लेकिन सामान्य वायरल एलर्जिक ब्रोन्क्राइटिस में बदल जाता है।

# समयमान वेतन की वसूली का आदेश निरस्त


**जबलपुर।** मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने एक मामले में अहम व्यवस्था देते हुए कहा क राज्य शासन गलत वेतन निर्धारण का हवाला देकर उच्च वेतनमान की रिकवरी नहीं निकाल सकते। इस मत के साथ जस्टिस विवेक जैन की एकलपीठ ने याचिकाकर्ता से की गई समयमान वेतन की वसूली का आदेश निरस्त कर दिया। कोर्ट ने याचिकाकर्ता को रिवाइज्ड पेंशन पे-ऑर्डर के साथ सभी अनुषांगिक लाभ देने के निर्देश दिए। छिंदवाड़ा निवासी परवत सिंह मसराम की ओर से अधिवक्ता सचिन पांडे ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया क याचिकाकर्ता असिस्टेंट कमांडेंट उसे एक अप्रैल 2008 से समयमान वेतनमान का लाभ दिया गया। सरकार ने गलत फिक्सेशन का हवाला देते हुए रिकवरी निकाल दी। याचिकाकर्ता से सेवा में रहते हुए रकवरी शुरू कर दी थी। अधिवक्ता पांडे ने हाईकोर्ट द्वारा 2019 में हरि संह परमार के प्रकरण का हवाला देते हुए कहा क इस तरह की रिकवरी नहीं निकाली जा सकती। कोर्ट ने वर्ष 2019 के प्रकरण को याचिकाकर्ता के प्रकरण के समान मानते हुए उक्त लाभ के निर्देश दिए।

# कर्मचारी चयन मंडल ने मांगी जगह

जबलपुर।

यदि सबकुछ ठीक रहा तो आने वाले वर्षों में जबलपुर के छात्रों को बड़ी सौगात मिल सकती है। कर्मचारी चयन मंडल ने जबलपुर में आनलाइन परीक्षा केंद्र की स्थापना की योजना बनाई है। निजी भागीदारी से इन आनलाइन परीक्षा केंद्रों को बनाया जाएगा। जबलपुर में आनलाइन परीक्षा केंद्र बनाने के लिए कर्मचारी चयन मंडल ने रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय से जमीन मांगी है। इस प्रस्ताव पर विश्वविद्यालय प्रशासन ने विचार-विमर्श प्रारंभ कर दिया है। गौरतलब है कि सरकारी विभागों में भर्ती से लेकर प्रमुख शिक्षण संस्थानों में प्रवेश के लिए होने वाली पात्रता परीक्षा अब आनलाइन होने लगी है। लेकिन परीक्षा के आयोजन के लिए सरकारी संस्थानों में कम्प्यूटरों की आधुनिक लैब की कमी है। जिससे छात्रों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। रादुविवि में आनलाइन परीक्षा केंद्र बनने से पूरे महाकौशल के छात्रों को फायदा होगा। जानकारी के मुताबिक कर्मचारी चयन मंडल ने आनलाइन परीक्षा केंद्र के लिए प्रारंभिक रूप से 10 हजार वर्गफीट जगह मांगी है। यह कोई बड़ा हाल या लैब हो सकता है।

# रादुविवि में बनेगा अत्याधुनिक ऑनलाईन परीक्षा केन्द्र



संबंधित स्थान पर मंडल की ओर से तीन सौ कंप्यूटर की लैब स्थापित की जाएगी। परीक्षा से संबंधित आनलाइन व्यवस्था के लिए अन्य संसाधनों को जुटाया जाएगा। स्थान के एवज में मंडल की ओर से विश्वविद्यालय को प्रतिमाह एक निर्धारित किराया राशि का भुगतान किया जाएगा। रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय कुलसचिव, डा. दीपेश मिश्रा, कर्मचारी चयन मंडल की ओर से कप्यूटर लैब बनाने के संबंध पत्र प्राप्त हुआ है। इसकी संभावनाओं पर विचार-विमर्श किया जा रहा है।

### लाखों छात्रों को मिलेगा लाभ

राष्ट्रीय टेस्टिंग एजेंसी और कर्मचारी चयन मंडल की आनलाइन परीक्षाओं के लिए अभी शहर में कई निजी संस्थानों को परीक्षा केंद्र बनाया जाता है। इसमें अधिकार निजी संस्थान शहर के बाहरी भागों में स्थित है। इन परीक्षा केंद्रों की दूरी अधिक होने के कारण बाहर से आने वाले परीक्षार्थी परेशान होते है। परिवहन साधनों की समस्या से भी जूझना पड़ता है। विश्वविद्यालय शहर के बीच में होने से यह केंद्र सुविधाजनक होगा। वहीं जबलपुर, महाकोशल के साथ ही विंध्य, बुंदेलखंड के अलावा नर्मदापुरम के कुछ जिलों से सीधा जुड़ा है। कई प्रमुख परीक्षा, जिनमें प्रदेश में गिने-चुने जगह ही परीक्षा केंद्र होते है, उसमें जबलपुर का नाम सम्मिलित है। आसपास के 15 से ज्यादा जिलों के लिए लोगों के जबलपुर तक आवाजाही सरल और परिवहन की सतत सुविधा है। अभी आनलाइन परीक्षा के आयोजन के लिए राष्ट्रीय टेस्टिंग एजेंसी और कर्मचारी चयन मंडल निजी संस्थानों पर निर्भर है।

## हाई कोर्ट ने इस टिप्पणी के साथ निरस्त की याचिका

# एसडीएम के आदेश पर सिविल कोर्ट का आदेश बंधनकारी

जबलपुर।

हाई कोर्ट ने अपनी महत्वपूर्ण टिप्पणी में साफ किया कि एसडीएम के आदेश पर सिविल कोर्ट का आदेश बंधनकारी है। इसी के साथ न्यायमूर्ति विनय सराफ की एकलपीठ ने अधीनस्थ न्यायालय के फैसले को उचित करार देते हुए उसके विरुद्ध दायर याचिका निरस्त कर दी। हाई कोर्ट में यह मामला जबलपुर राईट टाउन निवासी तुषार गोकलानी की ओर से दायर किया गया था। दरअसल, अनावेदक संतोष पटेल की भूमि पर से रास्ते के विवाद के संबंध में याचिकाकर्ता तुषार गोकलानी के बीच अनुविभागीय अधिकारी के समक्ष मामला लंबित था। उसी दौरान याचिकाकर्ता के पिता कमल कुमार गोकलानी ने समान विवाद के संबंध में सिविल सूट दायर कर दिया। जिसमें सिविल कोर्ट ने यह प्रतिपादित करते हुए कमल कुमार गोकलानी का अस्थाई निषेधाज्ञा आवेदन-पत्र निरस्त कर दिया कि प्रत्यर्थी संतोष पटेल की भूमि से कोई रास्ता नहीं है। उसके बाद अनुविभागीय अधिकारी ने सिविल कोर्ट के आदेश के विरूद्ध यह प्रतिपादित करते हुए अंतिम आदेश पारित किया कि प्रत्यर्थी संतोष पटेल की भूमि से रास्ता है। अनुविभागीय अधिकारी के उक्त फैसले के विरुद्ध अनावेदक संतोष पटेल ने एडीजे कोर्ट में क्रिमनल रिवीजन पेश की। जिसे स्वीकार करते हुए



एडीजे कोर्ट ने अनुविभागीय अधिकारी का आदेश निरस्त करते हुए कहा कि सिविल कोर्ट का आदेश अनुविभागीय अधिकारी पर बंधनकारी होता है। उक्त आदेश के विरुद्ध यह याचिका तुषार गोकलानी की ओर से हाई कोर्ट में दायर की गई। हाई कोर्ट ने एडीजे कोर्ट द्वारा क्रिमनल रिवीजन में दिये गये फैसले को उचित करार देते हुए दायर याचिका निरस्त कर दी। मामले में अनावेदक संतोष पटेल की ओर से अधिवक्ता शीतला प्रसाद त्रिपाठी व सुशील त्रिपाठी ने पक्ष रखा।

# पांच करोड़ मुआवजा वसूली आदेश हाईकोर्ट ने किया निरस्त

हाइकोर्ट के जस्टिस एमएस भट्टी की एकलपीठ ने पिता की मृत्यु के बाद उनके वारिसानों से चेक बाउंस के मामले में 5 करोड़ के मुआवजे की राशि की वसूली आदेश को निरस्त कर दिया। हाईकोर्ट ने अपीलीय कोर्ट को अपील पुनर्जीवित करने और मृतक चन्नी रंधावा के वारिसानों को सुनवाई का पूरा मौका देते हुए 90 दिन के भीतर अपील का निराकरण करने कहा। इटारसी में रहने वाले हरप्रीत रंधावा और सिमरन रंधावा की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता आरएस जायसवाल ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया क इटारसी की एक कोर्ट ने हरप्रीत के पति चन्नी रंधावा को चेक बाउंस के मामले में एक वर्ष के कारावास की सजा और 5 करोड़ का जुर्माना लगाया था। चन्नी ने अपील पेश की। न्यूनतम राशि जमा नहीं करने पर अपीलीय कोर्ट ने चन्नी को जेल भेज दिया। जेल में रहते हुए उनकी मृत्यु हो गई। इस पर अपीलीय कोर्ट ने अपील निरस्त कर दी, लेकिन यह निर्धारित किया कि मृतक के वारिसानों से मुआवजे की राशि वसूली जा सकती है। इस पर चेक बाउंस मामले के मूल शिकायतकर्ता ने मुआवजे की वसूली के लिए जेएमएफसी कोर्ट में कुर्की के लिए आवेदन कया। इस पर कोर्ट ने मृतक की पत्नी हरप्रीत और पुत्री सिमरन को आरोपी दर्शाते हुए समन जारी कर दिया। इसलिए उक्त दोनों कोर्ट के आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई।



# अवैध रेत से भरी तीन ट्रेक्टर ट्रालियां जब्त

**जबलपुर।** नर्मदा तटों पर माफिया द्वारा रेत का अवैध खनन धड़ल्ले से किया जा रहा है। ग्वारीघाट व बेलखेड़ा पुलिस ने कल अलग-अलग स्थानों में दबिश देकर अवैध रेत से भरी तीन ट्रेक्टर ट्रालियां जब्त कर आरोपी ट्रेक्टर चालकों की तलाश जारी है। ग्वारीघाट पुलिस ने कल मुखबिर की सूचना पर ललपुर घाट नर्मदा नदी से अवैध रेत निकालकर दो ट्रेक्टर ट्रालियों में भरकर ला रहे दो लोगों को शासकीय स्कूल के पास रोका तो वे वाहन छोड़कर भाग गये। पुलिस ने ट्रेक्टर ट्रालियां जब्त कर इनके मालिकों का रजिस्ट्रेशन नंबर के आधार पर पता लगाया तो जानकारी मिली कि उक्त ट्रेक्टर अंशुल यादव व रघुनाथ यादव के नाम पर है। पुलिस ट्रेक्टर मालिकों व चालकों के खिलाफ धारा 379, 414, 34 तथा मप्र खान खनिज अधिनियम के तहत कार्रवाई की है। इसी तरह बेलखेड़ा पुलिस ने भी मुखबिर की सूचना पर नीमखेड़ा गौरीघाट से अवैध रेत लोड कर ट्रेक्टर ट्राली में ला रहे एक व्यक्ति को रोका तो वह वाहन छोड़कर भाग गया। रेत से भरी ट्रेक्टर ट्राली जब्त कर पुलिस ने फरार चालक पर धारा 379, 4/21 खान खनिज अधिनियम के तहत कार्रवाई की है।

## जल संरक्षण व संवर्धन केवल कागजों तक सीमित

# परंपरागत जल स्रोतों की हो रही उपेक्षा






**सिहोरा।** नगर में परंपरागत जल स्त्रोतों की खासी उपेक्षा हो रही है। कुएं,तालाब और बावड़ी जैसे यह स्त्रोत न केवल बर्ष भर पानी उपलब्ध कराते थे, बल्कि बारिश का पानी जमीन के भीतर पहुंचा कर जल संरक्षण व संवर्धन में भी मुख्य भूमिका का निर्वहन करते थे। लेकिन समय के साथ आए बदलाव ने इन जल स्त्रोतों को कूड़ेदान बना दिया। परिणाम स्वरूप नतीजा यह है कि जल स्तर लगातार पाताल की ओर जा रहा है और शहर हो या गांव हर तरफ जल संकट से लोग जूझ रहे हैं।

दो दशक पहले तक कुएं, तालाब और बावड़ियां ही मुख्य जल स्त्रोत हुआ करती थीं। तालाब और कुएं लोगों को पीने और अन्य उपयोग के लिए पानी मुहैया कराते थे वहीं कुछ स्थानों पर बावड़ियां भी थी। नये बस स्टैंड के पास कई साल पहले तक एक बावड़ी का अस्तित्व था। यह बावड़ी तो सालों पहले ही लापता हो गई हैं वहीं अन्य स्थानों की बावड़ियां भी उपयोग विहीन होकर कूड़ेदान की शक्ल ले चुकी है। इसी तरह के हाल कुओं के भी हो चुके हैं। जानकारों के मुताबिक शहर में दो दर्जन से अधिक कुएं अस्तित्व में थे लेकिन अब शायद ही कोई कुआं ऐसा होगा जिसका कि उपयोग हो रहा हो। अधिकांश कुओं को तो खुद लोगों ने ही कूड़ेदान बना डाला है। लोग इनमें कूड़ा-कचरा फेंकने लगे हैं। इससे कई कुओं का तो लगभग अस्तित्व ही समाप्त हो चुका है। कुओं और बावड़ियों की उपेक्षा होने की मुख्य वजह यह है कि लोगों को नल-जल योजनाओं से जहां सीधे घर के भीतर पानी मिल रहा है वहीं घर-घर में नलकूप भी खनन हो गए हैं। यही कारण है कि व्यक्तिगत हो या सार्वजनिक कुओं की सुध किसी के भी द्वारा नहीं ली जा रही है। कुछ साल पहले तक स्थानीय निकायों द्वारा भी प्राथमिकता के साथ कुओं का गहरीकरण और साफ-सफाई करवाई जाती थी, लेकिन अब तो स्थानीय निकायों की भी यह प्राथमिकता नहीं रह गए हैं।

### पड़ाव की बावली

नये बस स्टैंड के समीप पड़ाव की बावली नगर का प्रमुख पारंपरिक जल स्रोत रहा है स्थानीय लोगों के अलावा पुराने जमाने में बैलगाड़ियों से यात्रा करने वाले भी यहां रुककर बावली के जल का प्रयोग करते थे लेकिन समय में आए बदलाव में परंपरागत जल स्रोत को कचरा घर में तब्दील कर दिया स्थानी लोगों का कहना है कि पारंपरिक जल स्रोतों का उपयोग भले ही नहीं हो, लेकिन देख-रेख होना बेहद आवश्यक हैं। जमीन के भीतर बारिश का पानी पहुंचा कर वे पानी मुहैया कराने में अपनी अदृश्य लेकिन महत्वपूर्ण भूमिका निर्वहन करते रहते हैं।

### पुरातत्व विभाग ने किया था जिर्णोद्धार

*मझोली वाईपास में गहोई मुक्तिधाम के समीप स्थित बावली के महत्व का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है की उक्त बावली का जीवन आधार पुरातत्व विभाग द्वारा किया गया था किंतु जीर्णोद्धार के बाद स्थानीय नगरीय प्रशासन की उपेक्षा के चलते एतिहासिक वालली भी दम तोड़ती नजर आ रही है।*

### तालाबों के भी यही हाल

केवल कुएं ही नहीं बल्कि तालाबों के भी यही हाल है। एक जमाने में दो दर्जन से अधिक तालाब थे और इन तालाबों के भी बेहाल हैं। अधिकांश तालाब तो भू माफियाओं की गिद्ध दृष्टि की भेंट चढ़ गए। उंगलियों पर गिने जा सकने वाले शेष बचे तालाबों के अस्तित्व पर भी संकट के बादल मंडरा रहे हैं। गंदगी से पटे इन तलाबो का न तो गहरीकरण हुआ है और न ही साफ-सफाई की गई है। इससे यह तालाब भी कचरा घर बनने के साथ साथ उथले होते जा रहे हैं और बहुत कम ही पानी का संग्रहण इनमें हो पाता है। जमीन के भीतर पानी भेजने की इनकी क्षमता भी साफ-सफाई के अभाव में कम होती जा रही है।

### नहीं हो पा रही रिचार्जिंग

कुएं और तालाबों द्वारा केवल पानी ही उपलब्ध नहीं कराया जाता है बल्कि बारिश के दिनों में वर्षा जल को जमीन के भीतर पहुंचाने में भी यह मुख्य भूमिका का निर्वहन करते थे। इनकी उपेक्षा और इनके लगातार बंद होने के कारण ही अब जमीन का पानी भीतर पहुंचने के लिए कोई जरिया ही नहीं बचा है। यही कारण है कि अब जल स्तर लगातार नीचे गिरता जा रहा है। लोग भी केवल पानी उलीचने का ध्यान रखते हैं, जमीन में पानी पहुंचाने की किसी को भी जरा भी फिक्र नहीं रह पाती है।

## 2 हजार 6 सौ 82 मतदाता करेंगे अपने मताधिकार का प्रयोग

# हाई कोर्ट बार की नई कार्यकारिणी चुनने के लिए मतदान आज

**जबलपुर।** हाई कोर्ट बार एसोसिएशन चुनाव के लिये आज 13 मई सोमवार को मतदान होगा। 2हजार 6 सौ 82 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर। अध्यक्ष सहित 13 पदों के लिये उम्मीदवारों का चयन करेंगे। मतदान के लिये सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। शनिवार को चुनाव अधिकारियों की बैठक में मतदान की तैयारियों की समीक्षा कर सदस्यों को प्रशिक्षित किया गया। मतदान के लिये कुल 6 बूथ बनाए गये हैं। सुबह 10.30 बजे से मतदान प्रारंभ होगा। जो बिना ब्रेक के शाम तक चलेगा। मुख्य चुनाव अधिकारी दिनेश उपाध्याय ने बताया कि 13 मई को होने वाले मतदान के लिए शनिवार को चुनाव समिति के सभी सदस्यों के साथ बैठक की गई। जिसमें सभी सदस्यों को प्रशिक्षण देते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इसके साथ ही समिति के सभी सदस्यों का कार्य विभाजन कर उन्हें प्रातः साढ़े नौ बजे अनिवार्य रूप से उपस्थित होने के लिए कहा गया है। उन्होंने बताया कि शाम तक मतदान बिना ब्रेक के चलेगा। उसके उपरांत अध्यक्ष पद के मतों की गिनती संभवतः उसी दिन कर ली जाएगी। इसके बाद अन्य पदों के मतों की गिनती का सिलसिला चलेगा। बैठक में चुनाव अधिकारी संजय सेठ, सरला पांडे, आशीष सिन्हा, सुधाकरमणि पटेल, हिमांशु तिवारी, प्रशांत दुबे, मनीष त्रिवेदी, आशीष श्रीवास्तव, नवीन शुक्ला, राजेश सिंह चौहान, आशुतोश तिवारी, केएल जाटव, अमोद गुप्ता, उमेश वैद्य, प्रकाश श्रोती, जगदीश प्रकाश व राजकमल चतुर्वेदी सहित सहित अन्य अधिवक्तागण सदस्य उपस्थित थे।

### अध्यक्ष पद के लिये यह आजमा रहे भाग्य

हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के चुनाव में इस बार अध्यक्ष पद के लिए निवर्तमान अध्यक्ष संजय वर्मा सहित सात उम्मीदवार मैदान में उतरे हैं। अन्य प्रत्याशियों में पूर्व अध्यक्ष रमन पटेल, डीके जैन, सुनील चौबे, केके पांडे, प्रवीण वर्मा व आनंद चावला शामिल हैं। इसी तरह सचिव पद पर निवर्तमान सचिव परितोष त्रिवेदी के अलावा असीम त्रिवेदी, अशोक कुमार गुप्ता व ओपी अग्निहोत्री के बीच चतुष्कोणीय मुकाबला है।

### उपाध्यक्ष सहित अन्य पदों के ये हैं उम्मीदवार

उपाध्यक्ष पद के लिए 14 उम्मीदवार मैदान में हैं, इनमें देवेन्द्र कुमार शर्मा, प्रकाश गुप्ता, मुकेश मिश्रा, ज्ञानेन्द्र पटेल, योगेश मोहन तिवारी, घनश्याम पांडे, प्रमेन्द्र सेन, नरेन्द्र कुमार शर्मा, सुशील कुमार मिश्रा, विश्वास पलिया, अमित जैन, शम्भुदयाल गुप्ता, प्रशांत अवस्थी व अनीता कैथवास शामिल हैं। सह सचिव पद के लिए योगेश सोनी, जितेन्द्र श्रीवास्तव, लवकुश मिश्रा, दीपक सिंह मैदान में है। कोषाध्यक्ष पद के लिए संगीता नायडू, राजेन्द्र प्रताप सिंह, सुरेन्द्र खरे, धर्मेन्द्र कुमार पांडे व पुस्तकालय सचिव पद के लिए अजय शुक्ला, पुष्पेन्द्र वर्मा, रजनीश उपाध्याय, अमन शर्मा मैदान में है। कार्यकारिणी सदस्य के लिए गरिमा तिवारी, विनोद मिश्रा, हरीश शुक्ला, राजरूप पटेल, प्रेमनारायण वर्मा, कृष्णकुमार द्विवेदी, विवेक कुमार पांडे, अनुराग पटेल, शेषमणि मिश्रा, तीरथ प्रसाद जायसवाल, मुनेन्दर, सुनील कुमार गौतम, सपना तिवारी, अतुल सिंह भारद्वाज, प्रियंक चंसोरिया, नीरज पाठक, मनोज कुशवाहा, संदीप कुमार दुबे, अनुपम भट्ट, संजय कुमार मालवीय, रविन्द्र प्रताप सिंह, आजाद श्रीवास्तव, डा. वीरेन्द्र कुमार दुबे, स्मिता कहेरी व रूपेश सिंह मैदान में हैं।

## उत्कृष्ठ कार्य करने वाले 8 रेल कर्मी पुरस्कृत

**जबलपुर।** जबलपुर रेल मंडल के 08 कर्मचारियों को उनकी सजगता एवं रेल सेवा के प्रति समर्पण की भावना का सम्मान करते हुए गत माह में सजगता एवं संरक्षा के लिए उत्कृष्ठ कार्य करने हेतु, 08 रेल कर्मियों को मंडल रेल प्रबंधक जबलपुर द्वारा पुरस्कृत किया गया। इन कर्मियों ने रेल फैक्चर, हॉट एक्सल आदि को पहचान कर सजगता और सतर्पता से संभावित दुर्घटना से बचाव कर संरक्षा रेल परिचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उन सभी 08 कर्मचारियों को सम्मान स्वरुप मंडल रेल प्रबंधक जबलपुर द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं नगद पुरस्कार प्रदान किये गये । पुरूस्कृत होने वाले कर्मियों में विमल कुमार मीणा, प्रदीप बुनकर, सोबरन सिंह, चंद्रभान पटेल, विक्रम कुमार, बालेंद्र प्रताप सिंह, सुरेश कुमार पटेल, दिनेश सेन थे। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक विवेक शील, अपर मंडल रेल प्रबंधक आनंद कुमार के साथ सी.पी.एम/(जीएसयू) एस के सिंह, वरि.मंडल संरक्षा अधिकारी श्री ए.के. श्रीवास्तव, सीनियर डीसीएम डॉ माधुर वर्मा, वरिष्ठ मंडल अभियंता (सम.) जेपी सिंह, सीनियर डीओएम प्रिंस विक्रम, सीनि.डीईई/जनरल रामबदन मिश्रा, पीके सिंह, मनीष कुमार पटेल, आलोक तिवारी, मो. शाहिद हुसैन, गौरव तंतुवे आदि उपस्थित थें।

# जिले में पहली बार गर्मियों में बोई गई तिल, मूंगफली और सोयाबीन



**जबलपुर।** जिले में उपजाऊ भूमि एवं सिंचाई के पर्याप्त साधन होने के कारण जायद के मौसम में लगातार फसलों का क्षेत्राच्छादन बढ़ता रहा है। किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के लगातार प्रयासों के फलस्वरूप गर्मियों में पिछले कुछ वर्षों के दौरान जिले में जायद फसलों का रकबा लगभग दोगुना हो गया है। गर्मियों के दौरान जिले में पहली बार तिल एवं मूंगफली की खेती की गई है। उपसंचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास रवि आम्रवंशी के मुताबिक मूंग एवं उड़द जिले की प्रमुख जायद फसलें हैं। जिले में किसानों द्वारा करीब 55 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में मूंग तथा लगभग 50 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में उड़द की बोनी की जा रही है। कृषि विभाग द्वारा इस वर्ष तिलहन फसलों का रकबा भी बढ़ाने का प्रयास किया गया है। जायद फसलों के अंतर्गत पहली बार शहपुरा विकासखंड में किसानों द्वारा 3 सौ 50 हेक्टेयर क्षेत्र में सोयाबीन की बोनी भी की गई है। श्री आम्रवंशी के अनुसार कृषि महाविद्यालय टीकमगढ़ से अधिक पैदावार देने वाली तिल की दो रोग प्रतिरोधी किस्में टीकेजी-306 और टीकेजी-308 को मंगवाई गई हैं। इन किस्मों के बीज सभी विकासखण्डों के किसानों को नगद वितरित कर 100 हेक्टेयर क्षेत्र में बोनी करवाई गई है। राष्ट्रीय बीज निगम से मूंगफली का के-1812 किस्म का बीज प्राप्त कर मूंगफली फसल प्रदर्शन 100 हेक्टेयर क्षेत्र में आयोजित किया गया है। यह नई किस्म का प्रमाणित बीज है।

उपसंचालक किसान कल्याण ने बताया कि गर्मी में फसलों का उत्पादन अधिक प्राप्त होता है क्योंकि फसलों में कीड़े, बीमारियां खरीफ से अपेक्षाकृत कम लगते हैं। बीज में रोग प्रतिरोधक क्षमता अधिक होने के कारण उत्पादन भी अधिक होता है। इन फसलों के प्रति किसानों का रुझान बढ़ा है। आगामी खरीफ में भी कृषि विभाग दारा उच्च गुणवत्ता का तिलहन फसलों का बीज पल के कृषकों को वितरित किया जावेगा।

## असामाजिक तत्वों के विरूद्ध की गयी कार्यवाही

**जबलपुर।** पिछले 24 घंटे में आदतन अपराध करने वाले 22 आरोपियों के विरूद्ध धारा 110 के तहत, तथा वाद विवाद करने वाले 106 व्यक्तियों के विरूद्ध 107/116 के तहत, एवं 24 व्यक्तियों के विरूद्ध धारा 151 के तहत की गयी है, इसी प्रकार 19 म्यादी वारंटी, को गिरफ्तार किया गया है तथा 40 व्यक्तियों के विरूद्ध 34 आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये 51 पाव देशी/अंग्रेजी एवं 61 लीटर कच्ची शराब, जप्त की गयी तथा 5 व्यक्तियो के विरूद्ध 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये 1 तलवार, 1 बका, 3 चाकू जप्त किये गये।

## भारतीय किसान संघ महाकौशल प्रांत की बैठक

# एक लाख किसान बने भारतीय किसान संघ के सदस्य




**जबलपुर।** भारतीय किसान संघ महाकौशल प्रांत की प्रांत बैठक रविवार को आई टी आई के पास स्थित सेवा भारती कार्यालय में संपन्न हुई। उक्त बैठक की जानकारी देते हुए भारतीय किसान संघ के महामंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने बताया कि किसान संघ का यह सदस्यता वर्ष है, संपूर्ण देश में महासदस्यता अभियान चल रहा है। इसी कड़ी में मध्यप्रदेश के महाकौशल प्रांत के 23 जिलों में सदस्यता अभियान चलाया गया था। श्री पटेल ने बताया कि प्रांत भर से जो सदस्यता का वृत्त व राशि प्राप्त हुई है उसके अनुसार महाकौशल प्रांत ने तीन हजार गांवों तक ग्राम समिति गठित कर एक लाख किसानों को भारतीय किसान संघ का सदस्य बनाने का अपना लक्ष्य प्राप्त कर लिया है। प्रांत अध्यक्ष गजराज सिंह ने बैठक को संबोधित करते हुए सदस्यता अभियान में लगे किसान संघ के कार्यकर्ताओं का आभार जताया। श्री सिंह ने आगे कहा कि विधानसभा व लोकसभा चुनावों के बावजूद भी किसान संघ की सदस्यता में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। यह किसान संघ के द्वारा प्रदेश के किसानों के हितों की रक्षा के लिए किए गए संघर्ष का परिणाम है। महाकौशल प्रांत का किसान स्वप्रेरणा से किसान संघ से जुड़ना चाहता है। प्रांत अध्यक्ष ने बताया कि पंद्रह मई से पंद्रह जून तक तहसील इकाइयों का निर्वाचन होगा। विधिवत तहसील स्तर पर किसान सम्मेलन का आयोजन कर लोकतांत्रिक प्रक्रिया के साथ इक्कीस सदस्यीय तहसील कार्यकारिणी गठित की जाएगी। तहसील इकाइयों के निर्वाचन के उपरांत जिलों का कार्यक्रम घोषित किया जाएगा।

इस अवसर पर बैठक में भारतीय एग्रो इकोनॉमिक रिसर्च सेंटर के राष्ट्रीय अध्यक्ष व प्रधानमंत्री एमएसपी समिति के सदस्य प्रमोद चौधरी, अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख राघवेन्द्र सिंह पटेल, प्रदेश उपाध्यक्ष ओमनारायण पचौरी, प्रांत संगठन मंत्री भरत पटेल, प्रांत अध्यक्ष गजराज सिंह, प्रांत महामंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, प्रांत कोषाध्यक्ष विजय गोंटिया, कार्यालय मंत्री आलोक पटेल, प्रांत प्रचार प्रमुख राममिलन पटेल, प्रांत मंत्री स्वदेश कोठारी, रमेश यादव, मोहन तिवारी, सरदार सिंह पटेल, पुखराज सिंह चंदेल, प्रमोद पटेल, शिवमोहन गिरी, विष्णु पटेल, हरिशंकर पांडे, वीरेंद्र साहू, रामदास पटेल, श्रीराम पटेल, दामोदर पटेल, बी एल साहू सहित सभी जिलों के अध्यक्षों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## ग्राम कूड़न में वारदात, हालत गंभीर


# ग्राम कोटवार पर जानलेवा हमला



**जबलपुर।** भेड़ाघाट थाना अंतर्गत ग्राम कूड़न में तहसीलदार कार्यालय से अवैध निर्माण मामले का नोटिस लेकर पहुंचे कोटवार से रंजिश रखने वाले लोगों ने एक शादी समारोह में बिना वजह कोटवार से झगड़ा झंझट किया और चाकू व लोहे की राड से हमला बोल दिया। इस हमले में घायल कोटवार की हालत गंभीर बताई गई है। जिसे उपचार के लिये नेताजी सुभाष चंद्र बोस कालेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कोटवार की गंभीर हालत को देखते हुये उसे जीवन रक्षक प्रणाली वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखा गया है। इस मामले में पुलिस ने अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की है। बताया गया है कि ग्राम पंचायत कूड़न कोटवार मुकेश चढ़ार पिछले दिनों तहसीलदार के कार्यालय से जारी अवैध निर्माण के प्रकरण का नोटिस लेकर भूमिया परिवार में पहुंचे थे। नोटिस कोटवार ने उनको ता मी ल कराया और तहसीलदार के समक्ष उपस्थित होने की बात कही। जिसके बाद से भूमिया परिवार कोटवार मुकेश चड़ार से रंजिश रखने लगा। गंभीर रूप से घायल मुकेश के बेटे राहुल चड़ार ने बताया कि इस नोटिस से उनके पिता का कोई लेना देना नहीं था। वो ग्राम कोटवार के नाते नोटिस तामील कराने गये थे। शनिवार की रात ग्राम पंचायत के पास एक बारात लग रही थी। जहां पर उनके पिता मुकेश चड़ार बारात देख रहे थे। वहीं पर धर्मेन्द्र भूमिया राजेन्द्र भूमिया निखिल झारिया और शेखर भूमिया शराब पीकर गाली देने लगे। ग्राम कोटवार के नाते उन्होंने गांव की प्रतिष्ठा का हवाला देकर गाली गलौच करने से मना किया। जिस पर चारों ने एक राय होकर उनपर हमला बोल दिया। घायल अवस्था में छोड़कर भाग गये। घायल के बेटे का आरोप है कि घटना की सूचना भेड़ाघाट पुलिस को दी गई, लेकिन पुलिस ने अबतक कोई कार्यवाही नहीं की है। जबकी पिता की हालत गंभीर है और उन्हें वेंटीलेटर सपोर्ट पर रखा गया है।

# जुए के तीन अलग अलग फड़ों पर छापे

**जबलपुर।** पनागर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर 15 जुआरियो और 2 सटोरियों को गिरफ्तार कर 11 हजार 8 सौ 95 रुपये जप्त किये। पनागर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार अरुण केवट जित्तू ठाकुर के कहने पर दैनिक मजदूरी में सट्टा पट्टी लिखते हुये पकड़ा गया। इसी प्रकार देवरी इमलई में राजा उर्फ ललित केवट को सट्टा पट्टी सहित पकड़ा गया। उसके पास से पुलिस ने 10 सौ 65 रुपये जप्त किये। चरगवां पुलिस ने ग्राम महगवां में चल रहे जये के फड़ पर छापा मारकर 5 जुआरियों को गिरफ्तार कर 4 हजार 9 सौ रुपये जप्त किये। चरगवां थाना प्रभारी अभिषेक प्यासी ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर ग्राम महगवां में एक खुले स्थान पर पुलिस ने दबिश दी जहां 5 लोग जुआ खेल रहे थे। जहां जीवन लोधी , प्रकाश लोधी , नोनेलाल लोधी सभी निवासी ग्राम मेहगवां जुगपुरा तथा रामाधार मिश्रा, मुल्लू लोधी, सरजू उर्फ अटल लोधी तीनों निवासी ग्राम मेहगवां जुआ खेलते हुये पकड़े गये। उनके पास ताश पत्ते और 4 हजार 9 सौ रुपये जप्त किये गये। इसी प्रकार ओमती पुलिस ने ने कार्तिक होटल के पास दबिश देते हुये रिजवान एवं अन्य 2 को जुआ खेलते हुये रंगे हाथ पकडा जुआडियों से ताश के 52 पत्ते एवं 480 रूपये जप्त करते हुये जुआरियों के विरूद्ध धारा 13 जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की गयी। वहीं थाना विजय नगर पुलिस ने सर्वे आफ इंडिया के पास दबिश देते हुये बबलू एवं अरूण तथा अन्य 4 को जुआ खेलते हुये रंगे हाथ पकडा जुआडियों से ताश के 52 पत्ते एवं 1135 रूपये जप्त करते हुये जुआरियों के विरूद्ध धारा 13 जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की गयी।




**श्रीमती दुर्गा चांदवानी-** आकांछा अपार्टमेंट प्रेमनगर मदनमहल निवासी श्री रमेश चांदवानी की धर्मपत्नी श्रीमती दुर्गा चांदवानी (61) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती विनोद बेन-** आदर्श नगर नर्मदा रोड निवासी श्री नंदलाल बेन की धर्मपत्नी श्रीमती विनोद बेन (86) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री विनोद कुमार चौधरी-** चेरीताल बड़े पीपल के पास निवासी श्री भारत चौधरी के पुत्र श्री विनोद कुमार चौधरी (37) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में किया गया।

**श्री किशन चंद्र महावर-** मदनमहल शारदा चौक गंगासागर रोड निवासी श्री किशन चंद्र महावर (86) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री शांति बाई बर्मन-** इंद्रा बस्ती एलआईसी मदनमहल निवासी श्री बसंत लाल बर्मन की धर्मपत्नी श्रीमती शांति बाई बर्मन (86) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री उमा शंकर शर्मा-** सिद्धबाबा वार्ड लालमाटी निवासी श्री उमा शंकर शर्मा (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**कु. रिंकी बेन-** करियापाथर सेवक की दुकान के पास निवासी श्री राजेंद्र प्रसाद बेन की पुत्री कु. रिंकी बेन (27) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती अनीता सिंह-** बीटी तिराहा गढ़ा निवासी श्री सुरेंद्र सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती अनीता सिंह का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मुन्ना वर्मा-** चुंगी नाका माढ़ोताल निवासी श्री मुन्ना लाल वर्मा (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में किया गया।

**श्री नारायण सिंह-** खलासी लाइन छोटी ओमती निवासी श्री नारायण सिंह (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रोहित बसरहे-** पीडबल्यूडी कॉलोनी कटंगा निवासी श्री संतोष बसरहे के पुत्र श्री रोहित बसरहे (26) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

हरिभूमि निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज 40/- प्रति स्कवायर से.मी.

| | | | |
|---|---|---|---|
| फिक्स साइज:- | 8x4 से.मी. | ब्लैक&व्हाईट | 300/- |
| फिक्स साइज:- | 8x4 से.मी. | रंगीन | 400/- |
| फिक्स साइज | 10x8 से.मी. | रंगीन | 1000/- |

सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-0761-4048310, 2757175


## खबर संक्षेप

### एलआईसी का प्रीमियम संग्रह दशक में सर्वाधिक




**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की एलआईसी का अप्रैल में प्रीमियम संग्रह 12,384 करोड़ रुपये रहा जो पिछले 10 वर्षों का सर्वाधिक मासिक संग्रह है। जीवन बीमा परिषद के नवीनतम आंकड़ों का हवाला देते हुए एलआईसी ने कहा कि अप्रैल, 2024 में उसने कुल 12,383.64 करोड़ रुपये का प्रीमियम संकलित किया।

### बीते सप्ताह सुधरी सभी तेल की कीमतें



**नई दिल्ली।** बीते सप्ताह विदेशों में सोयाबीन डीगम तेल के दाम में लगभग 70-80 डॉलर टन की तेजी आने के बाद बीते सप्ताह देश के तेल-तिलहन बाजारों में लगभग सभी खाद्य तेलों के दाम में सुधार देखने को मिला। इसके चलते सरसों, मूंगफली, सोयाबीन तेल-तिलहन, कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तथा बिनौला तेल के दाम मजबूती दर्शाते बंद हुए।

### वेदांता ने किया एवनस्ट्रेट का पूर्ण अधिग्रहण



**नई दिल्ली।** खनन क्षेत्र के दिग्गज अनिल अग्रवाल की अगुवाई वाली वेदांता लिमिटेड ने जापानी ग्लास सबस्ट्रेट विनिर्माता कंपनी एवनस्ट्रेट इंक में अतिरिक्त 46.57 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल कर ली है। एवनस्ट्रेट में वेदांता की कुल हिस्सेदारी बढ़कर 98.2 प्रतिशत हो गई है। यह लेनदेन चालू वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही तक पूरा होने की संभावना है।

### एचडीएफसी बैंक को हुआ पूंजीकरण में नुकसान




**नई दिल्ली।** संसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से छह के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 1,73,097.59 करोड़ रुपये की गिरावट आई। सबसे अधिक नुकसान एचडीएफसी बैंक और एलआईसी को हुआ। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,213.68 अंक या 1.64 प्रतिशत के नुकसान में रहा।

### पंजाब एंड सिंध बैंक का लाभ 70 प्रतिशत घटा




**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के पंजाब एंड सिंध बैंक का शुद्ध लाभ जनवरी-मार्च तिमाही में 70 प्रतिशत घटकर 139 करोड़ रुपये रह गया। फंसे कर्जों की वजह से बैंक के लाभ में कमी आई है। बैंक ने शेयर बाजार को जनवरी-मार्च, 2024 तिमाही के नतीजों की सूचना दी। एक साल पहले की समान तिमाही में बैंक ने 457 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था।

### सिप्ला का लाभ चौथी तिमाही में 78% बढ़ा




**नई दिल्ली।** प्रमुख दवा कंपनी सिप्ला लिमिटेड ने कहा बिक्री में तेजी रहने से मार्च तिमाही में उसका एकीकृत शुद्ध लाभ 78.7 प्रतिशत बढ़कर 931.87 करोड़ रुपये हो गया। एक साल पहले की अवधि में उसका एकीकृत शुद्ध लाभ 521.51 करोड़ रुपये रहा था। समीक्षाधीन तिमाही में एकीकृत परिचालन आय 6,163.24 करोड़ रुपये रही, जो एक साल पहले की समान अवधि में 5,739.3 करोड़ रुपये थी। 2023-24 की चौथी तिमाही में सिप्ला का कुल खर्च 5,153.31 करोड़ रुपये रहा जबकि वित्त वर्ष 2022-23 में यह 4,946.14 करोड़ रुपये था।

# देश का सबसे बड़ा सरकारी बैंक एसबीआई देगा 12 हजार को नौकरी

**बैंक के चेयरमैन ने तिमाही नतीजे के समय दी जानकारी**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश का सबसे बड़ा सरकारी बैंक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया इस समय बैंक में कर्मचारियों को रखने की प्रक्रिया में है। अपने तिमाही नतीजों के एलान के समय एसबीआई चेयरमैन दिनेश खारा ने यह जानकारी दी थी।

- आईटी सहित विभिन्न भूमिकाओं के लिए दी जाएगी ट्रेनिंग

बैंक के चेयरमैन के मुताबिक भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) 12 हजार कर्मचारियों की भर्ती करने वाली है जिन्हें आईटी सहित विभिन्न भूमिकाओं के लिए ट्रेनिंग दी जाएगी और बैंक में अलग-अलग विभागों में भेजा जाएगा।

### बैंक में कर्मचारियों की मौजूदा संख्या

वित्त वर्ष 2023-24 के खत्म होने तक देश के सबसे बड़े बैंक में 2,32,296 कर्मचारी थे जो वित्त वर्ष 2022-23 के 2,35,858 कर्मचारियों की तुलना में कम हैं। लिहाजा बैंक को नए कर्मचारियों की जरूरत है और इसके लिए भर्ती की जा रही है। दिनेश खारा ने बैंक के वित्तीय परिणामों का ऐलान करते समय ये बताया था कि वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में बैंक का शुद्ध लाभ 24 फीसदी बढ़कर 20,698 करोड़ रुपए पर पहुंच गया है।




### एसबीआई ने दिया है तगड़ा डिविडेंड

बैंक ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए प्रत्येक इक्विटी शेयर पर 13.70 रुपए के डिविडेंड का भी ऐलान किया है। 31 मार्च 2024 को स्टेट बैंक ऑफ इंडिया का शुद्ध एनपीए एक साल पहले के 0.67 फीसदी से घटकर 0.57 फीसदी पर आ चुका है। इसके अलावा चौथी तिमाही में बैंक का राजस्व एक साल पहले के 1.06 लाख करोड़ रुपए से बढ़कर 1.28 लाख करोड़ रुपए पर पहुंच गया है।

### जानिए बैंक का क्या है हायरिंग प्लान

एसबीआई में करीब 11-12 हजार कर्मचारियों को रखने की प्रक्रिया चल रही है नए भर्ती किए गए लोगों को बैंकिंग की समझ विकसित करने के लिए अवसर दिया जाएगा। इसके बाद बैंक उन्हें एसोसिएट की विभिन्न भूमिकाओं में नियुक्त करेगा।

### कुछ कर्मचारियों को आईटी में रखा जाएगा

नए भर्ती किए गए कुछ लोगों से कुछ को आईटी में भी रखा जाएगा। ये आम कर्मचारी होंगे लेकिन एसबीआई के पास ऐसा सिस्टम है जिसमें एसोसिएट लेवल और अधिकारी स्तर में करीब 85 फीसदी इंजीनियर होते हैं।

## बीते वित्त वर्ष 2023-24 के लिए बंफर मुनाफा दर्ज

# आईओसी, बीपीसीएल और एचपीसीएल ने कमाया 81,000 करोड़ रुपए का रिकॉर्ड मुनाफा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

*सार्वजनिक क्षेत्र की तीनों पेट्रोलियम कंपनियों...इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लि. (एचपीसीएल), भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लि. (बीपीसीएल) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लि. (एचपीसीएल) ने बीते वित्त वर्ष 2023-24 में लगभग 81,000 करोड़ रुपये का बंपर मुनाफा दर्ज किया है।*


तेल-संकट के पूर्व के वर्षों की उनकी सालाना कमाई से कहीं अधिक है। अप्रैल, 2023 से मार्च, 2024 के दौरान आईओसी, बीपीसीएल और एचपीसीएल का सामूहिक रूप से एकल शुद्ध लाभ तेल संकट से पहले के वर्षों में उनकी 39,356 करोड़ रुपये की वार्षिक कमाई से बेहतर रहा है।

### कंपनियों ने शेयर बाजार को दी जानकारी

इन कंपनियों ने शेयर बाजारों को यह जानकारी दी है। तीनों कंपनियों ने 2023-24 में एकल और एकीकृत आधार पर अपना सबसे ऊंचा मुनाफा कमाया है।शेयर बाजारों को दी गई जानकारी के अनुसार, आईओसी ने 2023-24 में 39,618.84 करोड़ रुपये का एकल शुद्ध लाभ कमाया है।

### पहले की तुलना में मुनाफा बेहतर रहा

आईओसी ने इसकी तुलना में 2022-23 में उसका एकल शुद्ध लाभ 8,241.82 करोड़ रुपये रहा था। हालांकि, कंपनी यह दलील दे सकती है कि 2022-23 का उसका नतीजा तेल संकट से प्रभावित हुआ था। लेकिन संकट से पहले के वर्षों से तुलना की जाए, तो भी कंपनी का मुनाफा बेहतर रहा है।




### ऊर्जा बदलाव के लिए 15 हजार करोड़ दिए गए

वित्त वर्ष 2022-23 में हुए नुकसान की वजह से वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 2023-24 के बजट में आईओसी, बीपीसीएल और एचपीसीएल को उनकी ऊर्जा बदलाव योजना के लिए 30,000 करोड़ रुपये का समर्थन देने की घोषणा की थी। बाद में इस राशि को घटाकर आधा यानी 15,000 करोड़ रुपये कर दिया गया था।

- यह तेल-संकट के पूर्व के वर्षों की कमाई से कहीं अधिक
- तीनों कंपनियों ने एकल और एकीकृत आधार पर ऊंचा मुनाफा कमाया
- आईओसी ने 39,618 .84 करोड़ रुपए का एकल लाभ कमाया

### बीपीसीएल ने 26673 करोड़ का लाभ कमाया

2021-22 में आईओसी का शुद्ध लाभ 24,184 करोड़ रुपये और 2020-21 में 21,836 करोड़ रुपये रहा था। बीपीसीएल ने वित्त वर्ष 2023-24 में 26,673.50 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया है जो 2022-23 के 1,870.10 करोड़ रुपये के आंकड़े से कहीं अधिक है।

### देश का 90 फीसदी बाजार तीनों कंपनियां नियंत्रित करती है

यह समर्थन इक्विटी निवेश या राइट्स इश्यू के जरिये दिया जाना था। हालांकि, अभी तक यह समर्थन दिया नहीं गया है। भारत के लगभग 90 प्रतिशत ईंधन बाजार को नियंत्रित करने वाली तीन कंपनियों ने 'स्वेच्छा से' पिछले दो वर्षों से पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस (एलपीजी) की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया।

### वर्ष 2022-23 में हुआ था तीनों कंपनियों को घाटा

कीमतों में बदलाव नहीं करने के चलते उत्पादन लागत अधिक होने की वजह से उन्हें नुकसान उठाना पड़ा। तीनों पेट्रोलियम कंपनियों को अप्रैल-सितंबर, 2022 के दौरान सामूहिक रूप से 21,201.18 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ था।

# मारुति का सीएनजी कारों की बिक्री बढ़ाने का लक्ष्य




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) को उम्मीद है कि चालू वित्त वर्ष में उसकी सीएनजी कारों की बिक्री 30 प्रतिशत से अधिक बढ़कर लगभग छह लाख इकाई पर पहुंच जाएगी। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। देश की सबसे बड़ी कार विनिर्माता कंपनी ने चालू वित्त वर्ष में लगभग तीन लाख इकाई निर्यात करने का लक्ष्य भी तय किया है। मारुति सुजुकी इंडिया के कॉरपोरेट मामलों के कार्यकारी निदेशक राहुल भारती ने एक विश्लेषक वार्ता में कहा, सीएनजी में इस साल हमने यात्री वाहनों की लगभग 4.5 लाख इकाइयां बनाईं।

- सन 2024-25 में बिक्री 30 फीसदी बढ़ाकर छह लाख पहुंचाएगी

### अर्टिगा सीएनजी की मांग बहुत अधिक

भारती ने कहा कि बाजार में अर्टिगा सीएनजी की मांग बहुत अधिक है, जिससे आपूर्ति संबंधी समस्याएं पैदा हो रही हैं। निर्यात के बारे में भारती ने कहा कि कंपनी का लक्ष्य लगभग तीन लाख इकाइयों का निर्यात करने का है।

हमें उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2024-25 में यह आंकड़ा छह लाख वाहनों का होगा।कंपनी घरेलू बाजार में वैगनआर, ब्रेजा, डिजायर और अर्टिगा जैसे विभिन्न मॉडलों के सीएनजी संस्करण बेचती है। भारती ने कहा कि कंपनी के हरियाणा स्थित मानेसर संयंत्र में सालाना लगभग एक लाख इकाई के क्षमता विस्तार से काफी हद तक अर्टिगा की आपूर्ति बढ़ाने में मदद मिलेगी।


# मुद्रास्फीति व तिमाही नतीजों से तय होगी शेयर बाजार की दिशा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

शेयर बाजारों की दिशा इस सप्ताह घरेलू मुद्रास्फीति के आंकड़ों, कंपनियों के तिमाही नतीजों तथा वैश्विक रुख से तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। बाजार विशेषज्ञों का कहना है कि आम चुनाव से जुड़ी खबरों पर भी निवेशकों की नजर रहेगी।

इसके अलावा विदेशी निवेशकों की गतिविधियां, वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल के दाम और डॉलर के मुकाबले रुपये का उतार-चढ़ाव भी बाजार की दिशा तय करेगा। स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट लि. के शोध प्रमुख संतोष मीणा ने कहा, घरेलू और वैश्विक दोनों मोर्चों पर काफी आर्थिक आंकड़े आने हैं।

घरेलू मोर्चे पर उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति के साथ थोक महंगाई दर के आंकड़े जारी किए जाएंगे। वैश्विक स्तर पर सभी का ध्यान अमेरिका के उत्पादक मूल्य सूचकांक



- आम चुनाव से जुड़े खबरों पर भी होगी निवेशकों की नजर
- कच्चे तेल के दाम और डॉलर के मुकाबले रुपए में रहेगी नजर

(पीपीआई) और उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के आंकड़ों पर होगा।'' मीणा ने कहा कि इसके अलावा फेडरल रिजर्व के प्रमुख जेरोम पावेल के संबोधन पर भी सभी की निगाह रहेगी।

इस सप्ताह चीन के औद्योगिक उत्पादन और जापान के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर के आंकड़े भी आने हैं।

### जापान और फेड के आंकड़ों पर होगी निगाह

भारत के खुदरा मुद्रास्फीति के आंकड़ों के अलावा अमेरिका के उत्पादक मूल्य सूचकांक के आंकड़ों, जापान के जीडीपी आंकड़ों तथा फेडरल रिजर्व प्रमुख के वक्तव्य पर सभी की निगाह रहेगी। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के खुदरा शोध प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा, 'कुल मिलाकर हमारा अनुमान है कि बाजार की दिशा कंपनियों के चौथी तिमाही नतीजों के अलावा वैश्विक कारकों तथा चुनाव से जुड़ी खबरों से तय होगी।'

# एस्कॉर्ट्स कुबोटा नए संयंत्र पर करेगी 4500 करोड़ निवेश

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कृषि और निर्माण उपकरण विनिर्माता एस्कॉर्ट्स कुबोटा लिमिटेड ने अगले तीन से चार साल में नए संयंत्र में 4,500 करोड़ रुपये तक का निवेश करने की योजना बनाई है।

कंपनी के पूर्णकालिक निदेशक और मुख्य वित्त अधिकारी (सीएफओ) भरत मदान ने बताया कि नया विनिर्माण संयंत्र स्थापित करने के लिए यह निवेश किया जाएगा। कंपनी इस समय घिलोठ में एक जगह के लिए राजस्थान सरकार के साथ बातचीत कर रही है। यहां वह अपनी घरेलू ट्रैक्टर उत्पादन क्षमता को सालाना 3.4 लाख इकाई तक दोगुना करने के लिए एक अत्याधुनिक संयंत्र स्थापित करने की संभावनाएं तलाश रही है। एस्कॉर्ट्स कुबोटा साथ ही चरणों में नए इंजन और निर्माण उपकरण के लिए विनिर्माण श्रृंखला भी स्थापित करेगी। मदान ने बताया, 'अत्याधुनिक संयंत्र में ट्रैक्टर उत्पादन क्षमता को दोगुना करना, एक नई इंजन श्रृंखला और चरणों में एक निर्माण उपकरण श्रृंखला की स्थापना शामिल है। कुल मिलाकर इसमें अगले 3-4 वर्षों में 4,000 करोड़ रुपये से 4,500 करोड़ रुपये तक निवेश हो सकता है।'



- कंपनी की राजस्थान के घिलोठ में संयंत्र के लिए बात चल रही

### वित्त वर्ष के अंत तक शुरू होगा निर्माण

मदान ने आगे कहा कि इस साल जमीन खरीदने की उम्मीद है, जिसकी लागत 450 करोड़ रुपये तक हो सकती है। चालू वित्त वर्ष के अंत तक निर्माण शुरू हो जाएगा।

# शीर्ष बिल्डर बनने की दौड़ में मैक्रोटेक शामिल नहीं

**नई दिल्ली।** रियल्टी कंपनी मैक्रोटेक डेवलपर्स बिक्री बुकिंग के मामले में शीर्ष बिल्डर बनने की 'चूहा दौड़' में शामिल नहीं है। कंपनी के प्रबंध निदेशक और सीईओ अभिषेक लोढ़ा ने यह बात कही है। उन्होंने बताया कि कंपनी उच्च लाभ मार्जिन के साथ लगातार लक्षित वृद्धि हासिल करने पर ध्यान देगी। मैक्रोटेक डेवलपर्स की बिक्री बुकिंग 2024-25 में सालाना आधार पर 20 प्रतिशत बढ़कर रिकॉर्ड 14,520 करोड़ रुपये हो गई, जो 2022-23 12,060 करोड़ रुपये थी। कंपनी लोढ़ा ब्रांड के तहत अपनी संपत्तियों को बेचती है।



# गोल्ड ईटीएफ से निवेशकों ने अप्रैल में निकाले 396 करोड़

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

गोल्ड एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) से पिछले महीने यानी अप्रैल में 396 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी देखने को मिली है। निवेशकों के मुनाफा काटने की वजह से यह निकासी हुई है। इससे पहले मार्च, 2023 में निवेशकों ने गोल्ड ईटीएफ से निकासी की थी।

एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के आंकड़ों के अनुसार, इस निकासी के बावजूद अप्रैल के अंत में स्वर्ण कोषों के प्रबंधन के तहत परिसंपत्तियां (एयूएम) पांच प्रतिशत बढ़कर 32,789 करोड़ रुपये हो गईं, जो पिछले महीने में 31,224 करोड़ रुपये पर थीं। आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल में गोल्ड ईटीएफ से 396 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी हुई, जबकि पिछले महीने में इसमें 373 करोड़ रुपये का प्रवाह हुआ था। आखिरी बार इस परिसंपत्ति वर्ग से शुद्ध निकासी मार्च, 2023 में हुई थी। उस समय गोल्ड ईटीएफ से 266 करोड़ रुपये निकाले गए थे।




- निवेशकों के मुनाफा काटने की वजह से हुई यह निकासी

*सोने ने पिछले वर्ष अच्छा प्रदर्शन किया : रिसर्च इंडिया के विश्लेषक मेल्विन सैंटारिटा ने कहा, 'भारतीय रुपये के संदर्भ में सोने ने पिछले वर्ष काफी अच्छा प्रदर्शन किया है, लेकिन शेयरों से तुलना की जाए, यह काफी कम है।*

## कल्याण ज्वैलर्स के शुद्ध लाभ में 97 फीसदी का इजाफा




**मुंबई।** आभूषण विक्रेता फर्म कल्याण ज्वैलर्स ने कहा कि मार्च 2024 तिमाही में उसका एकीकृत शुद्ध लाभ 97 प्रतिशत बढ़कर 137.49 करोड़ रुपये हो गया। कल्याण ज्वैलर्स ने शेयर बाजार को इस तिमाही नतीजे की सूचना दी। एक साल पहले की समान अवधि में उसका शुद्ध लाभ 69.79 करोड़ रुपये था। समीक्षाधीन तिमाही में कंपनी की परिचालन आय 34 प्रतिशत बढ़कर 4,534.93 करोड़ रुपये हो गयी जो पिछले वर्ष की इसी तिमाही में 3,381.80 करोड़ रुपये थी। कंपनी के निदेशक मंडल ने 31 मार्च, 2024 को समाप्त वित्त वर्ष के लिए 1.2 रुपये प्रति इक्विटी शेयर का अंतिम लाभांश देने की सिफारिश की है, जो शेयरधारकों की मंजूरी के अधीन है।

## तीसरे स्थान पर धकेला, पहले सैमसंग पहले स्थान पर रहा

# वीवो बना भारत का नंबर-1 स्मार्टफोन ब्रांड, सैमसंग से छिनी बादशाहत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के स्मार्टफोन बाजार में वीवो ने एक बड़ा उलटफेर कर दिया है। दरअसल वीवो ने सैमसंग को पीछे छोड़ते हुए भारत के नंबर -1 स्मार्टफोन ब्रांड का खिताब अपने नाम कर लिया है। दरअसल साल 2024 के पहली तिमाही (जनवरी से मार्च 2024) वीवो के लिए बेहद शानदार रही है।

- मार्केट रिसर्च फर्म काउंटरप्वाइंट जारी की रिपोर्ट

इस दौरान वीवो भारत का सबसे बड़ा स्मार्टफोन ब्रांड बनकर उभरा है। इस चाइनीज स्मार्टफोन ब्रांड ने साउथ कोरियाई स्मार्टफोन ब्रांड सैमसंग को पहले से तीसरे स्थान पर धकेल दिया है। और पहले स्थान पर काबिज हो गया।

### रियलमी ने हासिल को जोरदार ग्रोथ

अगर अन्य स्मार्टफोन ब्रांड की बात करें, तो ओप्पो 10.1 फीसद वॉल्यूम शेयर के साथ चौथे पायदान पर है, जो पिछले साल के मुकाबले 12 फीसद कम है। रियलमी 9.9 फीसद के साथ पांचवे पायदान पर है। लेकिन रियलमी के लिए अच्छा है, क्योंकि उसने पिछले साल इसी दौरान के मुकाबले में 18 फीसद की ग्रोथ दर्ज की है।

### वीवो ने बनाया नया रिकॉर्ड

मार्केट रिसर्च फर्म काउंटरप्वाइंट रिपोर्ट की मानें, तो अगर 5जी स्मार्टफोन की बात करें, तो इस लिस्ट में वीवो सबसे आगे है। वीवो का भारत में स्मार्टफोन मार्केट शेयर करीब 19 फीसद है, जो सबसे ज्यादा है। इसके बाद एक अन्य चाइनीज स्मार्टफोन ब्रांड शाओमी का नंबर आता है। शाओमी 18.8 फीसद के साथ भारत का दूसरा सबसे बड़ा स्मार्टफोन ब्रांड है। इसके बाद सैमसंग 17.5 फीसद के साथ तीसरे स्थान पर पहुंच गया है।



**टॉप 5 स्मार्ट फोन ब्रांड मार्केट शेयर**

- वीवो - 19 फीसदी
- शाओमी - 18.8 फीसदी
- सैमसंग - 17.5 फीसदी
- ओप्पो - 10.1 फीसदी
- रियलमी - 9.9 फीसदी

### नथिंग की ग्रोथ रेट रही 155 फीसदी

हालांकि सैमसंग वॉल्यूम शेयर के मामले में लीडरशिप पोजिशन में है। ऐपल ने भी वॉल्यूम भारत में रिकॉर्ड सेल हासिल की है। आईफोन का वॉल्यूम मार्केट शेयर 19 फीसद है, जो पिछले साल इसी दौरान मुकाबले में 22 फीसद कम है। नथिंग भारत का सबसे तेज 144 फीसदी के साथ बढ़ने वाला स्मार्टफोन ब्रांड है। मोटोरोला के शिपमेंट में 58 फीसद की ग्रोथ दर्ज की गई है। जनवरी मार्च के दौरान भारत के स्मार्टफोन का शिपमेंट करीब 8 फीसद रहा है।

### सामान्य बीमा कंपनियों का प्रीमियम संग्रह 13% बढ़ा




**नई दिल्ली।** वित्त वर्ष 2023-24 में कम-से-कम 42 सामान्य बीमा कंपनियों ने 2,89,738 करोड़ रुपये की प्रीमियम आय अर्जित की जो एक साल पहले की तुलना में लगभग 13 प्रतिशत अधिक है। सामान्य बीमा परिषद की तरफ से जारी आंकड़ों के मुताबिक, गैर-जीवन बीमा उद्योग ने वित्त वर्ष 2022-23 में 2,56,894 करोड़ रुपये का प्रीमियम एकत्र किया था। इसमें से 35 सामान्य बीमा कंपनियों ने एक साल पहले के 2,14,833 करोड़ रुपये की तुलना में प्रीमियम में 14 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की जो 2,45,433 करोड़ रुपये रहा।

चिंतन

# चीन के साथ व्यापार घाटे को नियंत्रित करे भारत


भारत और चीन का संबंध बहुत ही जटिल है। सीमा विवाद के चलते अदावत भी है और ट्रेड के मोर्चे पर बड़ा साझेदार भी है। भारत चीन के जीडीपी में बड़ा योगदान दे रहा है, फिर भी चीन भारत का ही हरसंभव नुकसान भी कर रहा है। वर्ष 2020 में गलवान की हिंसक सैन्य घटना के बाद भारत में चीनी सामान के बहिष्कार की हवा चली। अनेक संगठनों ने चीन से आयात न करने की कसमें खाईं, यह माना गया कि अगर भारत चीन से आयात नहीं करेगा तो इससे चीन को तगड़ा धक्का लगेगा और चीन के लिए भारत की नाराजगी बर्दाशत करना आर्थिक रूप से महंगा पड़ेगा, लेकिन धरातल पर ऐसा कुछ खास नहीं हुआ। भारत चीन से आयात करता है। यह आयात समय के साथ बढ़ता ही गया है। वित्त वर्ष 2023-24 में चीन भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार फिर से बन गया है। इससे पहले अमेरिका भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार था। अमेरिका के साथ व्यापार फिर भी संतुलित है, जिसमें भारत अधिक निर्यात कर रहा है, और कम आयात कर रहा है, लेकिन चीन के साथ व्यापक स्तर पर व्यापार घाटा है। भारत बहुत अधिक चीन से आयात कर रहा है और बहुत कम चीन को निर्यात कर रहा है। बीते वित्त वर्ष 2023-24 को ही लें, तो भारत और चीन के बीच 118.4 अरब डॉलर का आपसी व्यापार हुआ, जिसमें चीन से भारत का आयात 3.24 प्रतिशत बढ़कर 101.7 अरब डॉलर हो गया, वहीं चीन को भारत का निर्यात 8.7 प्रतिशत बढ़कर 16.67 अरब डॉलर हो गया। यानी चीन के साथ भारत का व्यापार घाटा करीब 85 अरब डॉलर का है। यह बहुत बड़ा असंतुलन है। इस असंतुलन को ठीक करने की जरूरत है। या तो भारत चीन से आयात कम करे और अपनी आपूर्ति के लिए नया विकल्प तलाशे, या फिर भारत चीन को आयात बढ़ाने के लिए बाध्य करे। भारत और चीन के बीच व्यापार असंतुलन कई दशकों से है। भारत सरकार को इस ओर गंभीरता से ध्यान देना चाहिए। यह सही है कि आज दुनिया ट्रेड संजाल में आपस में गुंथी हुई है, पर भारत को अपने हितों का ध्यान रखना होगा। भारत को चीन के साथ सीमा विवाद सुलझाने के लिए ट्रेड कूटनीति का इस्तेमाल करना चाहिए। आज हजारों चीनी कंपनियां भारत में काम कर रही हैं। यही स्थिति भारतीय कंपनियों के लिए भी चीन में होनी चाहिए। भारत का चीन को अयस्क, सूती धागा/कपड़े/मेडअप, हथकरघा, मसाले, फल, सब्जियां, प्लास्टिक और लिनोलियम जैसे क्षेत्रों में निर्यात बढ़ा है। भारत चीन से इलेक्ट्रॉनिक सामान, न्यूक्लियर रिएक्टर्स, बॉयलर, ऑर्गेनिक केमिकल, फर्टिलाइजर, गाड़ियों से जुड़ा सामान, केमिकल प्रोडक्ट्स, आयरन एंड स्टील, आयरन एंड स्टील का सामान और एलुमिनियम आदि का आयात करता है। भारत का चीन व अमेरिका के साथ व्यापार के आंकड़े में मामूली अंतर है। आर्थिक शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव के आंकड़ों के मुताबिक, भारत-अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार 2023-24 में 118.3 अरब डॉलर रहा है। 2021-22 और 2022-23 में अमेरिका, भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार था। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, चीन 2013-14 से 2017-18 तक और 2020-21 में भी भारत का शीर्ष व्यापारिक भागीदार था। चीन से पहले, संयुक्त अरब अमीरात देश का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार था। अर्थव्यवस्था की गति के लिए जरूरी है कि भारत का वैश्विक ट्रेड लगातार बढ़ता रहे, लेकिन चीन के साथ इतने बड़े व्यापार असंतुलन को नियंत्रित किए जाने की जरूरत है।

दरकार
जी.वी.अंशुमान राव



# आदि शंकराचार्य के जन्म काल की त्रुटि सुधारने का वक्त

प्राचीन सनातन परंपरा के अद्वितीय संरक्षक महान संत आदि शंकराचार्य ने भारत की आध्यात्मिक, नैतिक और सांस्कृतिक चेतना का जैसा मार्गदर्शन किया वैसा कोई दूसरा उदाहरण नहीं मिलता। भगवान शंकर के साक्षात अवतार माने जाने वाले आदिशंकराचार्य की जयंती के मौके पर यह बेहद अहम है कि इस महान संत के जन्मवर्ष को लेकर इतिहास की त्रुटि सुधारने की पहल की जाए। सनातन के प्रत्येक अनुयायी के लिए यह बात परेशान करने वाली है कि शंकराचार्य के जन्मवर्ष को लेकर वाद-विवाद का विमर्श अब भी जारी है। जबकि तमाम साक्ष्य और अभिलेख गवाह हैं कि आदि शंकराचार्य का जन्म लगभग 507 से 509 ईसा पूर्व के बीच हुआ था। आधुनिक इतिहास में उनका जन्म वर्ष 788 ईस्वी को मानता है। देश इतिहास के जिस कालखंड पर आज खड़ा है उसमें सनातन परंपरा के अनुयायियों और आध्यात्मिक मार्गदर्शकों के लिए महत्वपूर्ण है कि उसकी सांस्कृतिक चेतना के महान संरक्षक से जुड़े ऐतिहासिक त्रुटियों को सुधार की पहल में अब कोई देरी नहीं की जाए। इस दृष्टि से कांची कामकोटि मठ के शंकराचार्य स्वामी विजयेंद्र सरस्वती की आदि शंकराचार्य से जुड़े इतिहास की त्रुटि को दुरुस्त करने का शुरू किया गया प्रयास स्वागतयोग्य है। उनके मार्गदर्शन में कांची पीठ आदि शंकराचार्य का जन्म 507 या 509 ईसा पूर्व के बीच होने के ऐतिहासिक तथ्य को स्थापित करने का गंभीर प्रयास कर रहा है। इसके लिए अभिलेखों, पुराणों से लेकर ऐतिहासिक साक्ष्यों का गहन अध्ययन कर दस्तावेजों का आधार तैयार किया गया है। स्वामी विजयेंद्र सरस्वती और कांची मठ का आदि शंकराचार्य से विशेष जुड़ाव भी है क्योंकि देश में सनातन की चार अलग-अलग पीठों की स्थापना करने वाले आदि शंकराचार्य ने खुद कांची की मूल पीठ को स्थापित किया था। श्रीनगर में पहाड़ी पर बना मंदिर जिसे आदि शंकराचार्य ने पुनर्जीवित किया और जिसे आज शंकराचार्य मंदिर कहा जाता है उसका निर्माण राजागोपादित्य ने किया था। कल्हण की राजतरंगनी में इस मंदिर का प्रमुखता से उल्लेख है जिसके अनुसार गोपादित्य ने 371 ईसा पूर्व के आसपास एक तीर्थस्थल के रूप में इस मंदिर का निर्माण कराया था। गौरी हार्ट फाउंडेशन के संस्थापक निदेशक प्रोफेसर उपेन्द्र कौल के अनुसार राजतरंगनी का अंग्रेजी में अनुवाद करने वाले ऑरियलस्टीन के मुताबिक इस मंदिर की संरचना भले हाल की हो मगर इसका आधार और सीढ़ियां बहुत पुरानी हैं जो प्रमाणित करता है कि आदि शंकराचार्य का जन्म वर्ष लगभग 507 ईसा पूर्व था। आदि शंकराचार्य ने ही शिक्षा के एक प्रतिष्ठित केंद्र के रूप में कश्मीर में शारदा पीठ की स्थापना की और उन्हें जगत गुरु की उपाधि से यहीं सम्मानित किया गया। कुछ विद्वानों का मानना है कि ईसा मसीह के जन्म से पहले पृथ्वी पर आदि शंकराचार्य जैसे अद्भुत संत के विराट व्यक्तित्व की ऐतिहासिक उपस्थिति स्वीकार करना अंग्रेजों की अनिच्छा थी जिसकी वजह से आठवीं शताब्दी में उनके जन्म को अंग्रेजी शासन के दौरान अधिक विश्वसनीयता दी गई। जबकि सच्चिदनेंद्र सरस्वती स्वामी द्वारा लिखित कन्नड़ 'श्रीशंकर भगवत्पाद वृथंतसारासारस्वस्व' में लिखा है कि आदि शंकराचार्य का जन्म ईसा मसीह से पहले हुआ था और इसमे वर्णित कई श्लोकों के अनुसार उनका जन्म 509 ईसा पूर्व ही है। डॉ. परमेश्वर नाथ मिश्र की पुस्तक भी पर्याप्त साक्ष्य प्रदान करती है जिसमें सुधन्वा के ताम्रपत्र शिलालेख, चौहान राजवंश की वंशावली रिकॉर्ड और संबंधित पुरातात्विक और साहित्यिक निष्कर्ष शामिल हैं। आदि शंकराचार्य की जन्म तिथिपर विद्वानों का यह दृष्टिकोण भी इस ऐतिहासिक काल की पुष्टि करता है। केरल के कलाडी में जन्मे आदि शंकराचार्य ने 3000 किलोमीटर से अधिक पैदल चलकर लगभग संपूर्ण भारत का भ्रमण कर संक्रमण के दौर से गुजर रहे सनातन धर्म को नई प्राण वायु दी। केवल 12 वर्ष की आयु में बालक शंकर ने सभी वैदिक शास्त्रों में महारत हासिल कर ली और प्रमुख ग्रंथों पर भाष्य लिखने के साथ धर्मग्रंथों की शिक्षाओं में छिपी सूक्ष्मता को स्पष्ट करने वाली टिप्पणियां लिखीं। अपने 32 वर्ष के छोटे से जीवन काल में आदि शंकराचार्य ने सनातन धर्म को बिखराव से बचाकर न केवल संगठित किया बल्कि भारत की प्राचीन सभ्यता को सुरक्षित किया।



(लेखक कांची मठ के अनुयायी हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



मतदान
डॉ. भारत

# मजबूर नहीं, बहुमत की बने सरकार

**अपने इतिहास में सबसे कम सीटों पर चुनाव लड़ रही कांग्रेस का स्ट्राइक रेट गिर रहा है; दूसरी ओर, पिछले कुछ चुनावों में भाजपा सीटों और स्ट्राइक रेट के मामले में दोनों मोर्चों पर बढ़त का रुझान दिखा रही है। राजग के तहत लोकसभा चुनाव 2024 में भाजपा द्वारा लड़ी जा रही सीटों की संख्या भाजपा के प्रभुत्व को दर्शाती है, जबकि 2024 में कांग्रेस द्वारा लड़ी जा रही सीटों की संख्या इंडिया गठबंधन में कांग्रेस के आत्मसमर्पण को प्रतिबिंबित करती है। हालांकि गठबंधन सरकार की अंतर्निहित सीमाएं होती हैं, लेकिन मतदाताओं के सामने प्रश्न यह है कि उनका मत सामर्थ्य वाली 'मजबूत सरकार' के लिए हो या फिर 'मजबूर सरकार' के लिए हो?**

लोकसभा चुनाव 2024 न केवल इसलिए महत्वपूर्ण हैं क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार तीसरा लोकसभा चुनाव जीतने वाले भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू द्वारा बनाए गए इतिहास को फिर से लिखने का लक्ष्य रख रहे हैं, बल्कि कुछ आंकड़ों के कारण भी महत्वपूर्ण हैं जो राजनीतिक दलों की भूत और भविष्य की स्थिति को दर्शाते हैं। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा की बढ़ती राजनीतिक शक्ति और राहुल गांधी द्वारा 'भारत जोड़ो यात्रा' और 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के प्रयासों के बावजूद भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (कांग्रेस) की बदलती राजनितिक स्थिति रोचक है। इंडिया ब्लॉक के तहत एकजुट विपक्ष निर्णायक संघर्ष में लगा हुआ है क्योंकि भाजपा, राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के लिए 400 सीटें और स्वतंत्र रूप से 370 सीटों पर कब्जा कर दो-तिहाई बहुमत से सरकार बनाना चाहती है।

पहले दो-चरण का चुनाव 19 और 26 अप्रैल को हुआ था। 7 मई को लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के बाद 283 लोकसभा सीटों का भाग्य इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) में कैद हो गया है। इस प्रकार से लोकसभा की कुल 543 सीटों में से आधे से अधिक पर चुनाव पहले तीन चरणों में समाप्त हो चुके हैं। चौथे चरण का भी आज मतदान है। वोट प्रतिशत पर नजर डालें तो लोकसभा चुनाव के पहले चरण में 66.14 प्रतिशत और दूसरे चरण में 66.71 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। तीसरे चरण में 64.58 प्रतिशत मतदान हुआ। तीनों का औसत 65.81 प्रतिशत आता है जो कि उत्साहवर्धक नहीं है। पूर्ववर्ती 'अखिल भारतीय जनसंघ' ने आज से 44 साल पहले भाजपा का गठन किया था। भाजपा ने 1984-1985 के लोकसभा चुनावों में 229 उम्मीदवार, 1989 में 225, 1991-92 के चुनावों में 477, 1996 में 471, 1998 में 388, 1999 में 339, 2004 में 364, 2009 में 433, 2014 में 428 व 2019 में 436 उम्मीदवार उतारे। इस बार भाजपा का 446 सीटों पर चुनाव लड़ने का साध्य है तथा अब तक उसने 424 उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। यह छठी बार है जब भाजपा ने 1991, 1996, 2009, 2014 और 2019 के चुनावों के बाद लोकसभा चुनावों में 400 से अधिक उम्मीदवार उतारे हैं। 2014 के बाद से प्रभावशाली चुनावी नतीजों के साथ, नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूर्ण बहुमत के साथ भाजपा सत्ता में है। भाजपा के नेतृत्व व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के खिलाफ कड़ी टक्कर देने के लिए, कांग्रेस ने बहुत अधिक उम्मीदवार नहीं उतारकर यथार्थवादी दृष्टिकोण अपनाया क्योंकि पिछले दो लोकसभा चुनावों में उसकी जीत का अनुपात इतना उत्साहजनक नहीं रहा है। कांग्रेस ने पहले लोकसभा चुनाव 1951-52 में 479, 1957 में 490, 1962 में 488, 1967 में 516, 1971 में 441, 1977 में 492, 1980 में 492, 1984 में 491 उम्मीदवार उतारे। 1991 में कांग्रेस ने 487, 1996 में 529, 1998 में 477, 1999 में 453, 2004 में 417, 2009 में 440 और 2014 में 464 सीटों पर चुनाव लड़ा। 2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने 421 सीटों पर उम्मीदवार उतारे थे।



उल्लेखनीय है कि कांग्रेस ने 2004 में 145, 2009 में 206, 2014 में 44 और 2019 में 52 सीटें जीतीं।

कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव 2024 में 328 उम्मीदवार उतारे हैं। स्वतंत्र भारत के इतिहास में यह पहली बार होगा कि देश की सबसे पुरानी पार्टी 400 से कम सीटों पर आम चुनाव लड़ रही है। सीटों की संख्या में कमी मुख्य रूप से सबसे पुरानी पार्टी की गठबंधन प्रतिबद्धताओं के कारण है। कांग्रेस इन चुनावों में विपक्ष के इंडिया ब्लॉक का हिस्सा है। 2019 में लड़ी गई 101 सीटों को 2024 के आम चुनावों में इंडिया ब्लॉक के सहयोगियों को दे दी गई है। अपने इतिहास में सबसे कम लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ रही कांग्रेस का स्ट्राइक रेट गिर रहा है; दूसरी ओर, पिछले कुछ चुनावों पर एक नज़र डाले तो भाजपा सीटों और स्ट्राइक रेट के मामले में दोनों मोर्चों पर बढ़त का रुझान दिखा रही है। राजग के तहत लोकसभा चुनाव 2024 में भाजपा द्वारा लड़ी जा रही सीटों की संख्या भाजपा के प्रभुत्व को दर्शाती है, जबकि 2024 में कांग्रेस द्वारा लड़ी जा रही सीटों की संख्या इंडिया ब्लॉक के गठबंधन में कांग्रेस द्वारा उदारवादी आत्मसमर्पण को प्रतिबिंबित करती है। हालांकि गठबंधन सरकार की हमेशा अंतर्निहित सीमाएं होती हैं, लेकिन मतदाताओं के सामने आज यक्ष प्रश्न यह है कि उनका मत सामर्थ्य वाली 'मजबूत सरकार' के लिए हो या फिर 'मजबूर सरकार' के लिए हो? लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिहाज से देखें तो कम मतदान प्रतिशत अच्छी खबर नहीं है। अपितु एक गंभीर मुद्दा है। हालांकि, अभी चार चरण का मतदान बचा हुआ है। अभी भी घटनाओं और आश्चर्यों की गुंजाइश है जो चुनाव का रुख बदल सकते हैं, परन्तु खास बात है कि भारतीय चुनाव आयोग की तरफ से किए गए कई प्रयासों के बावजूद कम मतदान प्रतिशत कई सवाल खड़े करता है। मतदान प्रतिशत में गिरावट का कारण क्या है? कम मतदान प्रतिशत कार्यकर्ताओं की उदासीनता है या फिर मतदाताओं की उदासीनता? कम मतदान के नतीजों से किस दल को फायदा और किस दल को नुकसान होगा? मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने की रणनीति बनाने के लिए कौन जिम्मेदार है, भारतीय चुनाव आयोग या राजनीतिक दल? मतदान का उच्च प्रतिशत जीवंत लोकतंत्र का प्रतीक माना जाता है। कम मतदान से किसे चुनावी फायदा होगा और किसको घाटा, वास्तव में इसका कोई हिसाब नहीं होता है। कई बार मतदान प्रतिशत गिरता है फिर भी सरकार जीत कर वापसी करती हैं और कई बार मतदान प्रतिशत कम होने से सरकारों को हार का भी सामना करना पड़ता है। भारतीय संविधान देश के नागरिकों को मतदान का अधिकार देता है जो राजनीतिक राय व्यक्त करने का एक माध्यम है। मतदान नागरिकों को नागरिकता के महत्व का एहसास करने में मदद करता है। मतदान का अधिकार सामाजिक जागरूकता को सक्रिय करता है और राजनीतिक सहयोग को सशक्त बनाता है। बहुत से मतदाता यह सोचते हुए मतदान नहीं करते कि एक मत से कोई बदलाव नहीं होगा, लेकिन एक लोकतांत्रिक देश के रूप में, भारत चुनाव की नींव पर बना है। विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र माने जाने वाले भारत की चुनाव प्रणाली हमेशा कारगर और सही साबित हुई है। मतदान करना भारतीय नागरिक का न सिर्फ अधिकार है बल्कि मौलिक कर्तव्य भी है।

मतदाता के अंतर्मन में क्या चल रहा है, उसकी अंतरात्मा की आवाज क्या पुकार कर रही है, यह न तो कोई जानता है और न ही कोई ठोस अनुमान लगा सकता है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में मतदाता हमेशा राजा होता है क्योंकि उसका मत भावी सरकार के भाग्य का फैसला करने में निर्णायक होता है। 4 जून 2024 को सूर्यास्त तक वोटों की गिनती के साथ ही लोगों की राजनीतिक इच्छा सार्वजनिक हो जाएगी और नई सरकार के लिए अगले पांच वर्षों के लिए सत्ता की बागडोर संभालने का सूर्योदय होगा। लेकिन लोग बहुमत की सरकार जरूर चुनेंगे।

(लेखक वरिष्ठ विधि व्याख्याता हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## आनंदमय कोष की प्राप्ति



संकलित
दर्शन

अन्नमय कोष, प्राणमय कोष, मनोमय कोष, विज्ञानमय कोष के पश्चात प्रवेश होता है आनंदमय कोष में। अन्न से उत्पन्न यह शरीर त्वचा, मांस, चर्म और रुधिर युक्त है। यह आत्मा नहीं है। प्राणमय कोष भी आत्मा नहीं, क्योंकि प्राण वायु के रूप में शरीर में आता-जाता है। मनोमय कोष व्यक्ति को विषयों में आसक्त करता है और आत्मभाव में स्थित नहीं होने देता है, इसलिए यह भी आत्मा नहीं है। जागृति, स्वप्न, सुषुप्ति, सुख-दुख, जन्म-मरण, लाभ-हानि विज्ञानमय कोष में रहते हैं, इसलिए यह भी आत्मारूप आनंदमय कोष नहीं हो सकता है। श्रीरामचरितमानस में मात्र श्रीभरत इन कोषों का उपादान रूप में उपयोग करते हुए भी आनंदमय कोष हैं, जिनका राम से सर्वथा ऐक्य है। सारा संसार भरत की इस महती भूमिका के कारण ही दीपावली का प्रकाश पर्व मनाता है। दीपावली सनातन संस्कृति का सर्वाधिक महत्वपूर्ण त्योहार है। पूरा कार्तिक माह घरों तथा व्यापारिक संस्थानों की स्वच्छता व सजावट में लग जाता है। दीपावली के इस दृष्ट बाह्य और लौकिक रूप में कौन-सा आंतरिक तत्व छिपा है, जिसे जानने के पश्चात दीपावली हमें हमारे मूल वैदिक परंपराओं की नींव से जोड़ देती है। श्रीरामचरितमानस में भक्ति के सोपानों का वर्णन अरण्यकांड में है, जिसका विश्लेषण भगवान श्रीराम अपने अनुज लक्ष्मण की जिज्ञासा-समाधान में करते हैं। उसी तरह ज्ञान प्राप्ति के सोपानों का वर्णन मानस के अंतिम उत्तरकांड में काकभुशुंडि जी गरुड़ जी के समक्ष करते हैं।

## भगवान जी आप अपना ध्यान रखना



संकलित
प्रेरणा

एक बच्चा रोज अपने दादा जी को सायंकालीन पूजा करते देखता था। बच्चा भी उनकी इस पूजा को देखकर अंदर से स्वयं इस अनुष्ठान को पूर्ण करने की इच्छा रखता था, किन्तु दादा जी की उपस्थिति उसे अवसर नहीं देती थी। एक दिन दादा जी को शाम को आने में विलंब हुआ, इस अवसर का लाभ लेते हुए बच्चे ने समय पर पूजा प्रारम्भ कर दी। जब दादा जी आये, तो दीवार के पीछे से बच्चे की पूजा देख रहे थे। बच्चा बहुत सारी अगरबत्ती एवं अन्य सभी सामग्री का अनुष्ठान में यथाविधि प्रयोग करता है और फिर अपनी प्रार्थना में कहता है। भगवान जी प्रणाम! आप मेरे दादा जी को स्वस्थ रखना और दादी के घुटनों के दर्द को ठीक कर देना, क्योंकि दादा-दादी को कुछ हो गया, तो मुझे चॉकलेट कौन देगा। फिर आगे कहता है, भगवान जी मेरे सभी दोस्तों को अच्छा रखना, वरना मेरे साथ कौन खेलेगा। फिर मेरे पापा और मम्मी को ठीक रखना, घर के कुत्ते को भी ठीक रखना, क्योंकि उसे कुछ हो गया, तो घर को चोरों से कौन बचाएगा, लेकिन भगवान यदि आप बुरा न मानो तो एक बात कहूं, सबका ध्यान रखना, लेकिन उससे पहले आप अपना ध्यान रखना, क्योंकि आपको कुछ हो गया, तो हम सबका क्या होगा। इस सहज प्रार्थना को सुनकर दादा की आंखों में भी आंसू आ गए, क्योंकि ऐसी प्रार्थना उन्होंने कभी नहीं की थी। हमें उन परमपिता का हमेशा आभारी होना चाहिए जिन्होनें हमें बिना मांगे सब कुछ दिया है।

## सटाका




## आज की पाती

### पक्षियों के लिए पानी का इंतजाम

हमारे देश की सभ्यता और संस्कृति परोपकार की शिक्षा देती है। प्राणी जाति की सेवा हमारा परम धर्म होना चाहिए। मानव जाति के साथ अन्य जीवों की सेवा करना भी सबसे बड़ा कर्त्तव्य होना चाहिए। प्राणी जाति को गर्मियों में सबसे ज्यादा जिस चीज की जरूरत पड़ती है, वो है पानी। हमने आधुनिक भौतिक सहूलियतों को पाने के लिए ऐसे ऐसे काम करने शुरू किए हैं जो पानी के प्राकृतिक संसाधनों पर भी भारी पड़ रहे हैं और इस कारण हमें गर्मियों में कभी-कभी देश के कुछ राज्यों में पानी के संकट का सामना करना पड़ता है। इनसान तो फिर भी कोई न कोई बंदोबस्त करके पानी का इंतजाम करके अपनी प्यास बुझा लेता है, लेकिन पक्षियों के लिए खुद पानी का इंतजाम करना मुश्किल ही नहीं, बल्कि नामुमकिन है।

*- रमेश तिवारी, रायगढ़*

## ट्रेंड

### विकसित भारत देना चाहता



हमारे पूर्वजों ने 500 साल तक राम मंदिर के लिए संघर्ष किया है। टीएमसी और कांग्रेस वालों, अपने पूर्वजों के त्याग, तपस्या और बलिदान का तो अपमान मत करो! परिवार का मुखिया जैसे अपने बच्चों के लिए कुछ छोड़कर जाना चाहता है। वैसे ही मैं भी विकसित भारत बनाकर देना चाहता हूं।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### अंतरराष्ट्रीय प्रयास की जरूरत



मैं सूडान में चल रहे युद्ध को लेकर बहुत चिंतित हूं। अंततः, हम जानते हैं कि इस संघर्ष का कोई सैन्य समाधान नहीं है। हमें एक राजनीतिक प्रक्रिया प्रदान करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय प्रयास की आवश्यकता है जो देश को वापस पटरी पर ला सके।

-एंटोनियो गुतरेस, यूएन महासचिव

### तब वे मौन क्यों हो गए



नरेंद्र मोदी जी कहते हैं कि मैं शबरी का पुजारी हूं। मोदी जी ने सैकड़ों शबरियों का अपमान क्यों होने दिया? जब उनकी अस्मिता पर हमले हुए, तब अपना मुंह क्यों बंद रखा? हाथरस, उन्नाव, ओलंपिक विजेता बहनें जब न्याय की गुहार लगा रही थीं, तब वे मौन क्यों हो गए?

-प्रियंका गांधी, कांग्रेस महासचिव

### आत्मविश्वास बढ़ाएं



हर दिन कुछ ऐसा करके अपना आत्मविश्वास बढ़ाएं जिससे आप डरते हैं - एक साहसिक निवेश करें, एक कठिन व्यायाम दिनचर्या करें, एक जटिल किताब पढ़ें, एक नई भाषा बोलने का प्रयास करें, एक पेचीदा पहेली को हल करें।

-हर्ष गोयनका, उद्योगपति

## करंट अफेयर


### रीता शेरपा ने 29वीं बार एवरेस्ट पर की फतह



नेपाल के प्रसिद्ध पर्वतारोही कामी रीता शेरपा ने रविवार को दुनिया की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट पर 29वीं बार चढ़ाई की। इस तरह उन्होंने एवरेस्ट पर सबसे अधिक बार चढ़ने का अपना ही रिकॉर्ड तोड़कर इतिहास रच दिया। पर्यटन और नागरिक उड्डयन मंत्रालय में पर्यटन विभाग के निदेशक राकेश गुरुंग के अनुसार, अनुभवी पर्वतारोही शेरपा (54) रविवार को स्थानीय समयानुसार सुबह सात बजकर 25 मिनट पर 8,849 मीटर ऊंची चोटी पर पहुंचे थे। नेपाल के 'सेवन समिट ट्रेक्स' के एक वरिष्ठ अधिकारी थानी गुरगैन ने बताया कि सेवन समिट ट्रेक्स ने इस पर्वतारोहण कार्यक्रम का आयोजन किया था और इसमें 20 पर्वतारोही शामिल हुए थे। उन्होंने रविवार की सुबह एवरेस्ट फतह किया। 'सेवन समिट ट्रेक्स' ने एक बयान जारी कर बताया, 'कामी सहित सेवन समिट ट्रेक्स के कम से कम 20 पर्वतारोहियों ने रविवार सुबह माउंट एवरेस्ट पर सफलतापूर्वक चढ़ाई पूरी की।' पर्वतारोही दल में नेपाल के 13 पर्वतारोहियों के अलावा शेष अमेरिका, कनाडा और कजाकिस्तान से थे। कामी ने 1994 में पहली बार एवरेस्ट पर चढ़ाई की थी। पिछले साल उन्होंने एक ही सीजन में 27वीं और 28वीं बार एवरेस्ट फतह किया था और इस तरह वह एवरेस्ट पर सबसे ज्यादा बार चढ़ने वाले शख्स बन गये थे।

## ऑफ बीट

### हजारों साल पहले से आग का प्रयोग किया जा रहा



2,50,000 साल पहले स्पेन में एक स्थान पर मनुष्यों के पूर्वजों या वनमानुष द्वारा आग के नियंत्रित इस्तेमाल के सबूत मिले हैं। यह यूरोप में आग नियंत्रण के शुरुआती सबूतों से 50,000 साल पुरानी बात है। यह अध्ययन 'नेचर साइंटिफिक रिपोर्ट्स' में प्रकाशित हुआ है। मनुष्यों के पूर्वजों तथा आग के अवशेषों का एक ही स्थान पर मिलना वाकई खास है। यूरोप के बाहर मनुष्यों द्वारा प्राकृतिक आग का इस्तेमाल करने के सबसे पुराने सबूत दक्षिण अफ्रीका में स्वार्टक्रान गुफा से मिलते हैं जहां 10 से 15 लाख वर्ष पहले पशुओं की सैकड़ों जली हुई हड्डियों के साथ वनमानुष के अवशेष पाये गये। मनुष्यों द्वारा जलाई आग के सबसे शुरुआती सबूतों से लगभग एक लाख साल आगे : इजराइल में 7,90,000 साल पुरानी ग्रेशर बेनोट याआकोव नामक एक खुली जगह है। इस स्थान पर मिले साक्ष्यों में जले हुए पौधे और पत्थर के जले हुए औजार शामिल हैं। इजराइल में क्वेसेम गुफा और ताबुन गुफा जैसे अन्य स्थानों पर ही आग जलाये जाने के ऐसे ही सबूत मिले हैं। यूरोप में आमतौर पर यह स्वीकार किया जाता है कि वनमानुष ने कम से कम 3,50,000 साल पहले आग का नियमित रूप से इस्तेमाल किया। कुछ संकेत मिले हैं कि अग्नि नियंत्रण का संबंध एश्यूलिन नामक पत्थर औजार तकनीक के विस्तार से जुड़ा है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# अगले माह तक तैयार करने कोलार सिक्सलेन में बाधा बन रहे बचे अतिक्रमण टूटना शुरू

## चौराहों पर चौड़ीकरण कर गोलाकार रूप दिया जाएगा और सौंदर्यीकरण में लगेगा 6 माह से ज्यादा का वक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कोलार की नई बन रही सिक्सलेन रोड पर दोनों तरफ का ट्रैफिक अगले माह अंत तक पूरा करने का लक्ष्य है। इसलिए इस रोड पर बाधा बन रहे बचे हुए अतिक्रमण को हटाने का काम शुरू हो गया।

इस रोड पर शनिवार को गुरुकृपा काम्पलेक्स से वी मार्ट होते हुए मंदाकिनी चौराहे व उसके आगे तक भवनों के आगे का हिस्सा तोड़ने का काम शुरू किया गया। इसके साथ ही सर्वधर्म, बंजारी और नयापुरा चौराहे का भी बचा हुआ अतिक्रमण हटाने का काम शुरू हुआ। इन अतिक्रमण के हटने से बीच में बची हुई रोड पूरी होगी और ट्रैफिक दोनों तरफ का शुरू हो जाएगा। सौंदर्यीकरण और चौराहों को गोलाकार करने का काम अगले तीन माह में पूरा होगा।

पीडब्ल्यूडी अधिकारियों के अनुसार करीब साढ़े पंद्रह किलोमीटर लंबे इस रोड पर चूना भट्टी के साथ ही सर्वधर्म पुल से गोलघर तक 6 से ज्यादा अतिक्रमण बचे थे, जिससे रोड का काम पूरा होने में समय लग रहा है। इसलिए पीडब्ल्यूडी ने मंदाकिनी चौराहे से अतिक्रमण हटाना शुरू किया।

*अगले माह तक दोनों तरफ की रोड पर ट्रैफिक शुरू करने का लक्ष्य पूरा होगा*



### कट पॉइंट कम करना होगा

मैनिट के प्रोफेसर व रोड विशेषज्ञ सिद्धार्थ रोकड़े के अनुसार कोलार सिक्सलेन रोड बनना बहुत जरूरी था। इस रोड की उपयोगिता बनाए रखने के लिए जरूरी है कि कम से कम कटपॉइंट दिए जाएं। क्योंकि यहां की पिछली रोड पर जाम का सबसे बड़ा कारण यही था कि 5 की जगह 25 कटपॉइंट बना दिए थे। अभी सिक्सलेन निर्माण को देखकर लगता है कि कट पॉइंट कम ही रहेंगेए लेकिन सर्वधर्म पुल के आगे मंदाकिनी चौराहाए बंजारी चौराहा सहित कई चौराहे पास.पास होने से पीडब्ल्यूडी अधिकारियों को कटपॉइंट नहीं बनाना चाहिए।




### जून के बाद होंगे सौंदर्यीकरण कार्य

पुल से कोलार 6 लेन पर मंदाकिनी चौराहे पर शनिवार से काम शुरू हुआ। इस चौराहे से अमरनाथ कॉलोनी होते हुए रातीबड़ रोड जाने वाला रास्ता है। इस चौराहे सहित अन्य चौराहे का विकास शुरू हुआ, लेकिन सौंदर्यीकरण जून माह के बाद ही होगा। इसके अलावा गोलघर, नयापुरा व सर्वधर्म चौराहे पर भी सौंदर्यीकरण होना है। ट्रैफिक से मिले पत्र के अनुसार पीडब्ल्यूडी को मंदाकिनी चौराहे को रीडिजाइन करना है। साथ ही यहां पर 3 ट्रैफिक सिग्नल और 2 नए सिग्नल लगाना है।

---

# 9 साल की बच्ची से रिश्ते के मामा ने किया दुष्कर्म

**भोपाल।** परवलिया थाना क्षेत्र में में 9 साल की बच्ची से रिश्ते के मामा द्वारा दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पीड़िता अपने परिजन के साथ मौसेरे भाई के मुंडन कार्यक्रम में शामिल होने पहुंची थी। इसी बीच आरोपी ने बच्ची के साथ घटना को अंजाम दिया। पीड़िता ने मां को जानकारी दी, जिसके बाद देर रात परिजन उसे लेकर थाने पहुंचे। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। वह शादीशुदा और दो बच्चों का पिता है।

- दो बच्चों का पिता है दरिंदा, गिरफ्तार

पुलिस के मुताबिक ईंटखेड़ी इलाके में रहने वाली 9 साल की बच्ची चौथी कक्षा में पढ़ती है। शुक्रवार को परवलिया के एक गांव में रहने वाले उसके मौसेरे भाई का मुंडन था। कार्यक्रम में अन्य नाते-रिश्तेदार भी आए हुए थे। रात करीब 10 बजे जब सभी लोग खाना खा रहे थे, तभी बच्ची के रिश्ते का मामा उसे अपने साथ पास वाले मकान में लेकर पहुंचा। इस मकान में रहने वाले सभी लोग कार्यक्रम में गए थे और मकान खाली था। इस दौरान मामा ने बच्ची के साथ दुष्कर्म किया। कुछ देर बाद बच्ची मौसी के घर पहुंची और मां को अपने साथ हुई घटना की जानकारी दी। उसके बाद परिजन उसे लेकर परवलिया थाने

---

## दुबई तक जुड़े हैं आरोपियों के तार, इनमें एक वेब डेवलपर, दूसरा मास्टरमाइंड

# क्रिप्टो एक्सचेंज के नाम पर 5 करोड़ रुपए ठगने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सायबर क्राइम ब्रांच की टीम ने क्रिप्टो करेंसी राशि एक्सचेंज कराने के नाम पर 5 करोड़ की ठगी करने वाले गिरोह के 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें एक वेबसाइट डेवलपर है, जबकि दूसरा ठगी का मास्टर माइंड और प्रमोटर है।

जांच में यह बात सामने आई कि आरोपी डीजीसी और जीडीसी में लोगों से निवेश कराकर क्रिप्टो में एक्सचेंज के नाम पर ठगी करते थे। इसके लिए वह देशभर में हाईप्रोफाइल सेमिनार आयोजित कर लोगों को शिकार बनाते थे। प्रारंभिक जांच में जालसाजों के तार दुबई से जुड़े होने की बात सामने आई है। क्रिप्टो एक्सचेंज के लिए वेबसाइट बनाकर आरोपी करीब 10 हजार लोगों की आईडी बना चुके हैं। हालांकि यह गिरोह भोपाल सहित देशभर के कुल कितने लोगों को ठगी का शिकार बना चुका है, इसकी जानकारी क्राइम बांच के पास नहीं है।

डीसीपी सायबर क्राइम ब्रांच अखिल पटेल ने बताया कि कटारा हिल्स के गोकुल प्रसाद ने शिकायत में बताया कि उनसे सुमित जैन निवासी (दुबई फाउंडर गोल्ड डेजर्ट क्वाइन), अतुल जैन निवासी मंडला एवं त्रिलोक पाटीदार निवासी भोपाल द्वारा गोल्ड डेजर्ट क्वाईन में रुपए इन्वेस्ट कराने के नाम पर 1 लाख 15 हजार रुपए की धोखाधड़ी की है। उन्होंने डीजीसी क्वाइन में रुपए इन्वेस्ट करने पर कई गुना लाभ मिलने का प्रलोभन दिया था। त्रिलोक ने आरोपियों के साथ उनकी मीटिंग कराई गई थी। आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया। जांच और तकनीकी एनालिसिस के बाद पुलिस ने आरोपी त्रिलोक पाटीदार (36) निवासी बेहरावल शाजापुर और अमरलाल वाधवानी (42) निवासी जेके रोड भोपाल को गिरफ्तार किया है।

### ◆ लोगों को फंसाने के लिए देशभर में करते थे सेमिनार, 10 हजार लोगों की बनाई आईडी

**छोटे भुगतान करते और बड़ा रोक लेते थे**

डीजीसी और जीडीसी क्वाइन में कई गुना लाभ देने का झांसा देकर कराते थे निवेश





आरोपी इतने शातिर हैं कि जो लोग कम राशि निवेश करते थे, उन्हें तो तय समय पर भुगतान कर देते थे। फिर इन्हीं लोगों को लालच देकर बड़ी रकम निवेश कराते या इन लोगों को भुगतान होना दिखाकर अन्य लोगों से बड़ी राशि निवेश कराकर उसका भुगतान नहीं करते थे। पुलिस ने वेबसाइट के प्रारंभिक डेवलपर अमरलाल वाधवानी को भी गिरफ्तार किया है। उसने ही मुख्य आरोपी को क्रिप्टकरेंसी की वेबसाइट तैयार करने में मदद की थी। इस गिरोह से जुड़े अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### होटलों में सेमिनार कर निवेश के लिए देते थे प्रलोभन

आरोपी त्रिलोक पाटीदार गोल्ड डेजर्ट क्वाइन का मुख्य प्रमोटर है। यह देश के विभिन्न राज्यों में जाकर हाई प्रोफाइल होटलों में 100 से 150 लोगों को एकत्रित कर उनको जीडीसी क्वाइन में इन्वेस्ट करने के लिए उकसाता था। उसका कहना था कि इस निवेश करने पर बिटकॉईन की तरह लाभ होगा। जीडीसी क्वाइन की वेल्यू कुछ ही दिनों में बिटकॉइन की तरह हो जाएगी। उसने कुछ दिनों बाद ही वृहद स्तर पर फ्रॉड करने के लिए साथियों के साथ मिलकर ट्रेड क्रिप्टो 24 नाम से क्रिप्टो एक्सचेंज ही खड़ा कर लिया था।

---

## प्लांट में नहीं होगी बिजली की सप्लाई

# कोलार फिल्टर प्लांट में बिजली मेंटेनेंस, आज आधे शहर को नहीं मिलेगा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कोलार फिल्टर प्लांट में बिजली कंपनी का मेंटेनेंस कार्य होने पर सोमवार को आधे शहर में पानी सप्लाई प्रभावित रहेगी। बिजली कंपनी के मेंटेनेंस कार्य के चलते कोलार जलप्रदाय परियोजना के फिल्टर प्लांट में भी बिजली की सप्लाई नहीं होगी। इससे ओवरहैड टैंक नहीं भर पाएंगे। इससे मंगलवार 14 मई को भी जल प्रदाय प्रभावित होने की उम्मीद है। सुबह 11 से शाम 7 बजे तक जिन इलाकों में पानी सप्लाई होता हैए वहां पर असर पड़ेगा। नगर निगम के अनुसार 80 से ज्यादा इलाकों में असर पड़ेगा।

- सुबह 11 से शाम 7 बजे तक जिन इलाकों में पानी सप्लाई होता है, वहां पर असर पड़ेगा



### इन इलाकों में सप्लाई पर होगा असर

पानी सप्लाई जहां प्रभावित होना है, उसमें बरखेड़ीकलां, डीआरपी लाइन, नया शबरी नगर, नया बसेरा, एजी कॉलोनी, राजीव नगर बस्ती, पंपापुर, शिवाजी नगर, तुलसी नगर, पंचशील नगर, ई 6-ई 7 अरेरा कॉलोनी, जनता क्वार्टर, बैंक कॉलोनी, नुपूरकुंज, एमआईजी, पारस सिटी, एलआईजी, वार्ड 49 मल्टी, अंसल प्रधान, दाना पानी, फार्च्यून शालीमार, आरिफ नगर, 6 गलियां, छोटी मस्जिद के पास वाली गलियां, निशातपुरा में असर रहेगा।

### इन क्षेत्रों में भी जलप्रदाय पर पड़ेगा असर

न्यू आरिफ नगर, राम मंदिर, हमीदिया रोड, पटेल नगर, गुरुबख्श की तलैया, बाल विहार, मेडिकल स्ट्रीट, शांति नगर, इब्राहिमगंज, छोला विश्राम घाट में पानी की सप्लाई पर असर पड़ेगा। इसी तरह सपना लाज, चौकसे नगर, रंभा नगर, काजी कैम्प रोड, इब्राहिमपुरा, मारवाड़ी रोड, कोतवाली रोड, इलेक्ट्रॉनिक मार्केट, मंगलवारा, इतवारा, आजाद मार्केट, इस्लामपुरा, कंजरपुरा, तलैया थाना समेत आसपास के इलाकों में भी पानी नहीं पहुंचेगा।

---

# इस सप्ताह गर्मी का असर कम रहेगा, दो दिन छाए रहेंगे बादल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

भीषण गर्मी के बीच बीते कुछ दिनों से मौसम का मिजाज बदला हुआ है। शाम के वक्त काली घटाएं संग बूंदाबांदी तो कहीं हल्की वर्षा जैसी स्थिति बन रही है। शनिवार को भी कुछ ऐसा ही रहा। दिन का अधिकतम तापमान 40.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। रविवार को मौसम खुशनुमा रहा। मौसम विभाग ने हवाओं की गति तेज रहने व हल्की वर्षा की संभावना व्यक्त किया है। शनिवार को न्यायधानी का मौसम गर्म रहा।

सुबह आसमान में हल्के बादल छाए हुए थे, लेकिन दिन चढ़ने के साथ गर्मी का असर तेज हुआ। जिस वजह से तापमान में वृद्धि दर्ज की गई। एक दिन पहले जहां दिन का अधिकतम तापमान 38.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था तो वहीं शनि को पारा 40.4 डिग्री पर पहुंच गया। राहत की बात यह है कि अभी भी तापमान सामान्य से 1.5 डिग्री सेल्सियस कम है। इसी तरह रात में यही स्थिति है। न्यूनतम तापमान 25.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विशेषज्ञ का कहना है कि अभी दो-तीन दिनों तक आसमान में बादलों की उपस्थिति बनी रहेगी। मौसम विभाग की मानें तो एक द्रोणिका पश्चिम उत्तर प्रदेश से दक्षिणी असम तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक द्रोणिका/हवा की अनियमित गति मराठवाड़ा से कोमोरान क्षेत्र तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। जिस वजह से मौसम में बदलाव हुआ है। एक-दो दिन प्रदेश में वर्षा की संभावना बहै।

प्रदेश में 12 मई को कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। एक दो स्थानों पर गरज चमक के साथ अंधड़ चलने तथा वज्रपात होने की संभावना है। अधिकतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है किंतु हल्की वृद्धि का दौर लगातार जारी रहने की संभावना है। मौसम के इस व्यवहार के कारण भले ही लोगों को थोड़ी राहत मिली। शाम को लोग घरों से बाहर निकले।

---

# नेशनल लोक अदालत में 24 हजार 341 प्रकरणों का किया निराकरण

भोपाल। जिला अदालत में शनिवार को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस नेशनल लोक अदालत में पक्षकारों की आपसी सहमति से राजीनामा योग्य प्रकरणों क्रिमिनल, सिविल, चेक बाउंस, प्री-लिटिगेशन, मोटर दुर्घटना दावा,पारिवारिक विवाद, बैंक रिकवरी, राजस्व विवाद, विद्युत अधिनियम और श्रम विभाग सहित लगभग 24 हजार 341 प्रकरणों का निराकरण किया जाकर 40 करोड़ 65 लाख 28 हजार 801 रुपए की मुआवजा व समझौता राशियों के अवार्ड पारित किए। नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ प्रधान जिला न्यायाधीश अमिताभ मिश्र ने जिला अदालत परिसर स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर और दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव जिला न्यायाधीश आरती शर्मा सहित न्यायाधीश उपस्थित रहे।

---

# नेत्रहीन बच्चों की ज्योति बन, कर रहीं पालन, मिला जगत मां का दर्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मनेन्द्रगढ़

नेत्रहीन विद्यालय में अध्ययनरत बच्चे भी गीता को गीता मां कह कर पुकारते हैं। गीता को भी इन बच्चों की सेवा करना किसी पुण्य कार्य से कम नहीं लगता। गीता कहती भी हैं मैं इनको नेत्रहीन बच्चे समझती ही नहीं हूं। जिला मुख्यालय मनेन्द्रगढ़ के आमाखेरवा में नेत्रहीन विद्यालय संचलित है। यहां मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ के तीन दर्जन से ज्यादा बच्चे पढ़ाई करते हैं। घर से माता पिता से दूर रह कर यहां नेत्रहीन बच्चे पढ़ते है। यहां काम करने वाली गीता इन बच्चों को कभी एहसास नहीं होने देती की वे अपनी मां से दूर हैं। बीते 15 सालों से नेत्रहीन विद्यालय में काम करने वाली आया 53 वर्षीय गीता नेत्रहीन विद्यालय के बच्चों की अब जगत मां का दर्जा प्राप्त कर बच्चों पालन कर रही हैं।

नेत्रहीन विद्यालय में अध्ययनरत बच्चे भी गीता को गीता मां कह कर पुकारते हैं। गीता को भी इन बच्चों की सेवा करना किसी पुण्य कार्य से कम नहीं लगता। गीता कहती भी हैं मैं इनको नेत्रहीन बच्चे समझती ही नहीं हूं। मैं अपने बच्चों जैसा मानकर इन बच्चों की सेवा करती हूं। गीता रजक का कहना है मेरे खुद दो बच्चे हैं एक बेटी और एक बेटा। जैसे मैं अपने बच्चों को पालती हूं वैसे इन बच्चों को पालती हूं।

गीता बताती हैं इन बच्चों की देखरेख कर मुझे जो पैसे नेत्रहीन विद्यालय द्वारा दिए जाते हैं उन पैसे से मैं अपने बच्चों का लालन पालन करती हूं। बता दें कि नेत्रहीन विद्यालय के बच्चों की देखभाल करने वाली गीता खुद तो बस 5वीं पास हैं, लेकिन इन नेत्रहीन बच्चों के अध्ययन कार्य में भी गीता सहयोग करती हैं।

नेत्रहीन विद्यालय के बच्चे जब स्टडी रूम में पढ़ाई करते हैं तो किताबें निकालने के अलावा स्टडी रूम की साफ-सफाई को लेकर भी संजीदा है। इसके अलावा पढ़ाई के दौरान बच्चों को प्यास लगने पर पानी लाकर देना, चाय बनाना गीता की दिनचर्या में शामिल है।

---

# रायपुर पुलिस ने किए 5 अंतरराज्यीय सटोरिए गिरफ्तार, महादेव पैनल से खेला रहे थे सट्टा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

रायपुर पुलिस ने महादेव 364 पैनल से आईपीएल सट्टा खिलाने वाले आरोपियों पर बड़ी कार्रवाई की है। मिले इनपुट के आधार पर पुलिस ने कोलकाता में बैठकर महादेव पैनल-364 आईडी पैनल से आईपीएल क्रिकेट मैच सट्टाबाजी करते पांच अंतरराज्यीय सटोरियों को गिरफ्तार किया है। इस केस में पांच सटोरियों के साथ अब तक कुल 13 सटोरिए गिरफ्तार किए गए हैं। सभी सटोरिए बिहार के रहने वाले हैं और कोलकाता में किराए पर फ्लैट लेकर पैनल चला रहे थे।

गिरफ्तार 13 सटोरियों से मिले लैपटॉप और मोबाइल फोन में लगभग 32 करोड़ रुपए से अधिक के लेन-देन की जानकारी मिली है। पैनल चलाने के लिए कुल 35 बैंक खाताओं ट्रांजैक्शन किया जा रहा था। पुलिस सटोरियों के खिलाफ गंज थाने में अपराध क्रमांक 188/24 धारा 4(क) जुआ एक्ट एवं छग जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 7 का अपराध पंजीबद्ध किया गया था। प्रकरण में धारा 420, 120बी भादवि. एवं भारतीय तार अधिनियम की धारा 25सी एवं आईटी एक्ट की धारा 66सी जोड़ी जाकर विवेचना कर रही है। रायपुर रेंज आईजी अमरेश मिश्रा और एसएसपी संतोष कुमार सिंह के निर्देश पर पुलिस टीम कोलकाता गई थी। एंटी क्राइम एंड सायबर यूनिट की टीम ने कोलकाता के न्यू टाउन गोलाबारी 24 परगना स्थित एक फ्लैट में रेड मारकर 8 सटोरियों को धर दबोचा। आरोपियों ने अपना गुनाह कबूल कर लिया है। पुलिस ने सटोरियों के कब्जे से 7 नग लैपटॉप, 19 नग मोबाइल, 7 पास बुक, 5 चेक बुक और 10 नग एटीएम जब्त किए हैं। जब्त मशरूका की कुल कीमत 6 लाख 60 हजार रुपए आंकी गई है। पुलिस ने पूर्व में कलकत्ता से ही 8 सटोरियों को गिरफ्तार कर 5 नग लैपटॉप, 36 नग मोबाइल कीमती लगभग 12 लाख रूपये और 24 बैंक पास बुक, 24 नग एटीएम कार्ड जब्त किए थे।


### गिरफ्तार आरोपी

*गोपी यादव उम्र 23 साल निवासी बारहाठाह पोस्ट सुईया थाना कटोरिया जिला बांका बिहार।*
*महेश यादव उम्र 19 साल निवासी ग्राम धनोछी पोस्ट पिड़रा थाना चांदन जिला बांका बिहार।*
*मिथुन कुमार उम्र 24 साल निवासी ग्राम घाटीबरन पोस्ट व थाना कटोरिया जिला बांका बिहार।*
*मुकेश कुमार यादव उम्र 29 साल निवासी ग्राम बोड़ा पोस्ट व थाना सुईया जिला बांका बिहार।*
*रूपेश कुमार यादव उम्र 21 साल निवासी चांदोली पोस्ट बोरहारा थाना*

---

## मतदाता 13 फोटोयुक्त दस्तावेजों में से कोई एक दस्तावेज दिखाकर कर सकेंगे मतदान

# आठ संसदीय क्षेत्रों में आज एक करोड़ 63 लाख 70 हजार से अधिक मतदाता करेंगे वोटिंग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में 8 संसदीय क्षेत्रों में एक करोड़ 63 लाख 70 हजार 654 मतदाता 13 मई को मतदान करेंगे। 1 करोड़ 61 लाख 27 हजार 736 मतदाताओं को क्यूआर कोड वाली मतदाता सूचना पर्ची वितरित की गई है। क्यूआर कोड युक्त मतदाता सूचना पर्ची से मतदाता अपने मतदान केन्द्र का नाम, पता, क्रमांक, निर्वाचक नामावली में मतदाता क्रमांक राज्य और जिले का हेल्पलाइन नम्बर जैसी अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कर सकेंगे।मप्र मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि यदि मतदाता के पास मतदाता सूचना पर्ची नहीं है और उसका नाम मतदाता सूची में दर्ज है, तो 13 फोटोयुक्त वैकल्पिक दस्तावेजों में से कोई एक दस्तावेज दिखाकर मतदाता अपना मतदान कर सकेंगे।

### यह हैं 13 वैकल्पिक दस्तावेज

*फोटोयुक्त वोटर आईडी कार्ड, आधार कार्ड, पैन कार्ड, दिव्यांग यूनिक आईडी कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, मनरेगा जॉब कार्ड, पेंशन दस्तावेज (फोटो सहित), पासपोर्ट, पासबुक (फोटो सहित बैंक, डाकघर से जारी), फोटोयुक्त सर्विस पहचान-पत्र (केन्द्र, राज्य सरकार, सार्वजनिक उपक्रम, पब्लिक लिमिटेड कंपनियों की ओर से जारी), सांसद, विधायक और विधान परिषद सदस्यों को जारी आधिकारिक पहचान-पत्र, एनपीआर के तहत आरजीआई की ओर से जारी स्मार्ट कार्ड, स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड (श्रम मंत्रालय की योजना के तहत जारी) में से कोई भी एक दस्तावेज दिखाकर मतदान कर सकते है। उन्होंने सभी मतदाताओं से उत्साह के साथ मतदान जरूर करने का आग्रह किया है।*

### चौथे चरण में मतदान प्रतिशत बढ़ाने चलाएं चलें बूथ की ओर

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी (सीईओ) अनुपम राजन ने चतुर्थ चरण में जिन संसदीय क्षेत्र में मतदान होना है, उनसे संबंधित जिलों के कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देशित किया है कि सभी विभागों के समन्वय से चलें बूथ की ओर अभियान गंभीरता पूर्वक चलाएं। उन्होंने कह कि मतदान के एक दिन पहले 12 मई को प्रत्येक मतदान केंद्र के क्षेत्र में रैली की जाए, जिससे मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया जा सके। सीईओ राजन ने कहा कि मतदाता पर्ची एवं वोटर गाईड का विधिवत वितरण कराया जाए। इसे भी एक उत्सव का स्वरूप दिया जाकर इसमें पीले चावल इत्यादि मतदाताओं को देकर मतदान के लिए आमंत्रित किया जाएं। नगरीय क्षेत्रों में स्वच्छता वाहनों के माध्यम से उद्घोषणा कराकर तथा ग्रामीण क्षेत्रों में कोटवारों के माध्यम से डोंडी पिटवाकर मतदान की तिथि, समय तथा आवश्यक 13 दस्तावेजों की जानकारी दी जाएं। यह जानकारी मतदान के एक दिवस पूर्व तथा मतदान दिवस के दिन भी दी जाएं।

**महिला मतदाता प्रतिशत पर विशेष ध्यान**

लोकसभा चुनाव के तहत प्रथम तथा द्वितीय चरण के मत प्रतिशत से यह स्पष्ट है कि महिला मतदाता प्रतिशत पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। अतः महिला एवं बाल विकास विभाग स्वास्थ्य विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, स्व-सहायता समूह आदि के माध्यम से महिलाओं के बीच निरंतर मतदाता जागरूकता संबंधी गतिविधियां आयोजित की जानी चाहिए।

---

## 55 जिलों में युवाओं को मिलेगा लाभ

# युवाओं को स्वावलंबी बनाने सेडमैप शुरू करेगा कोर्स, फ्री ट्रेनिंग देगा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

उद्यमिता विकास केंद्र मप्र (सेडमैप) युवाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए 55 जिलों में 37 विभिन्न सेक्टर में फ्री ट्रेनिंग देगा।

सेडमैप की कार्यकारी संचालक अनुराधा सिंघई ने बताया कि युवाओं के लिए 'ज्ञान हैंडबुक' कोर्स डिजाइन किया गया है। विषय विशेषज्ञों एवं अधिकारी युवाओं को मार्गदर्शन देंगे। प्रतिभागी ऑनलाइन माध्यम से घर बैठे उद्यमिता पर प्रशिक्षण पा सकते हैं और प्रमाण-पत्र भी निःशुल्क डाउनलोड कर सकते हैं। प्रत्येक विषय पर जानकारी के साथ प्रत्येक वीडियो यूट्यूब पर उपलब्ध रहेगा। पाठ्यक्रम में वनौषधि- आयुष एपीआई, सोलह श्रृंगार, हर्बल, 108 जड़ी-बूटी, मोटा अनाज, 108 भारतीय मसाले, जनजातीय उद्यमिता, हथकरघा-बुटीक, गोबर उत्पाद, पूजन सामग्री, फूड प्रोसेसिंग, भारतीय शिल्प, अलाइड डेयरी, मिलेट बेकरी, महुआ, जैव उर्वरक, दैनिक उपयोग की वस्तुओं, बायोप्लास्टिक, स्पोर्ट्स, योग-नेचुरोपैथी पर्यटन उद्यमिता तथा अन्य उपसेक्टर शामिल है।

# भारतीय संस्कृति के रक्षक हैं आद्य शंकराचार्य

हरिभूमि, जबलपुर।



आज से 2530 वर्ष पूर्व भगवत्पाद आद्य शंकराचार्य जी का अवतार भारत के केरला प्रदेश में हुआ था वह एक ऐसा समय था जब हमारी भारतीय संस्कृति के विरुद्ध विपरीत संस्कार उत्पन्न किए जाने लगे थे कलयुग के प्रभाव के कारण मानव मस्तिष्क विपरीत दिशा में चिंतन करने लगा था बौद्धों ने ब्रह्म विद्वेष फैला दिया था हिंदू धर्मोधारक आद्य शंकराचार्य जी के अवतरण दिवस पर बगलामुखी सिद्ध पीठ शंकराचार्य मठ में आयोजित धर्म संगोष्ठी में ब्रह्मचारी चैतन्यानंद जी महाराज ने कहा कि वेद प्रमाण नहीं है का उद्घोष होने लगा था पाखंडियों ने यज्ञो के नाम पर शास्त्र मर्यादा का उल्लघन करना प्रारंभ कर दिया था धर्म परिवर्तन को ही धर्म मान लिया गया था वेद विरुद्ध मतों का जन्म होने लगा था कल्याण के पाठ पर चलने वाले लोग भ्रमित होने लगे थे ऐसी परिस्थिति में देवाधिदेव महादेव ही आद्य शंकराचार्य के रूप में अवतरित हुए आद्य शंकराचार्य ने तत्काल 72 मतों का खंडन किया और चार मठों की स्थापना की वेदों की रक्षा के लिए चारो मठों को एक एक वेद प्रदान किए चार चंद्रमोलेश्वर की भी पूजन का विधान किया वेदांत सिद्धांत की रक्षा के लिए उन्होंने भाष्य लिखा अपने जीवन काल मैं भारत में छाए हुए अंधकार को उन्होंने प्रकाश में बदल दिया 1 लोकनाथ संस्कृति महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ नर्मदा प्रसाद शर्मा प्राणी मात्र में परमात्मा के दर्शन सिद्धांत का पालन कर उन्होंने भारत की अखंडता बनाए रखने में अद्वितीय भूमिका निर्वहन किया कश्मीर में सर्वज्ञा पिथारोहण कर के अपनी आलोकिकता का परिचय दिया। इस अवसर पर उपस्थित गुरु भक्त ब्राम्हण सभा के अध्यक्ष वासुदेव शास्त्री महापौर जगदबहादुर सिंह अन्नू विधायक अशोक रोहिणी पंकज दुबे संदीप जैन प्रभा यादव मधु यादव ब्रजेश दुबे मनोज सेन, प्रकाश द्विवेदी श्रीमती रिचा मिश्रा ऋषि अग्रवाल आदि भक्तगण उपस्थित थे।

# शांतम प्रज्ञा आश्रम में जगदगुरु आदि शंकराचार्य की जयंती मनाई

जबलपुर।



जगदगुरु आदि शंकराचार्य की जयंती के अवसर पर शांतम प्रज्ञा आश्रम नशा मुक्ति मनो आरोग्य दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र में पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया, इस अवसर पर जगदगुरु आदि शंकराचार्य के तैलचित्र पर तिलक लगाकर पुष्पांजलि अर्पित की गई। आश्रम संचालक क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट, फिलॉसफर मुकेश कुमार सेन ने बताया कि जगदगुरु आदि शंकराचार्य का जन्म सनातन हिन्दू धर्म की पुनरस्थापना के लिए हुआ था, इन्हें भगवान शंकर का अवतार भी माना जाता है। सनातन धर्म में शंकराचार्य का पद सर्वोच्च माना जाता है, भारत में शंकराचार्य पद की स्थापना आदि शंकराचार्य ने ही की थी। शंकराचार्य के वेदांत को अद्वैत कहा जाता है, उनका मानना है कि इस वास्तविकता और अनुभवी दुनिया की सभी चीज की जड़ें ब्रह्मा से जुड़ी हैं, यह अपरिवर्तनीय चेतना है। शंकराचार्य ने दुनिया को माया का रहस्य समझाया था। अंत में सभी को प्रसाद वितरण कर नशा मुक्त रहने की प्रतिज्ञा दिलाई गई, इस अवसर पर मुकेश कुमार सेन, संतोष अहिरवार सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

# महर्षि सुदर्शन अध्यात्म सत्संग 18, 19 मई को



**जबलपुर।** मानव कल्याणार्थ, सदभाव, शांति, सनातन धर्म एवं संस्कृति से सम्पूर्ण समाज को जोड़ने हेतु महर्षि सुदर्शन आध्यात्मिक सभा की समीक्षा बैठक सत्संग, हवन (यज्ञ), भजन संध्या एवं भंडारे की तैयारी को लेकर रामपुर सेठीनगर में अर्जुन नन्हेट के निवास पर पूज्य महंत कालीनंद महाराज की उपस्थिति में आयोजित की गई। जिसमें आगामी 18 एवं 19 मई को दो दिवसीय आयोजन की जानकारी महाराज श्री को दी गई एवं उक्त धार्मिक अनुष्ठान के संबंध में महाराज श्री ने आयोजकों को मार्गदर्शन दिया। बैठक में प्रसादीलाल बिरहा, एड. विनोद डांगे, श्यामनारायण बिरहा, जागेश समुन्द्रे, नंदलाल चोहटेल, ओपी नन्हेट, पवन राना, सतीश समन, सुखदीन कटारे, शिवम नन्हेट, मनोहर रान, दिलीप महात्मा, अनिल ठकुराशी, जितेन्द्र कुण्डे सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# हज यात्रियों के लिए प्रशिक्षण शिविर संपन्न



**जबलपुर।** वक्फ मोमिन ईदगाह ट्रस्ट गोहलपुर, जबलपुर में वर्ष 2024 में हज यात्रा पर जाने वाले हाजियों के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का समापन हाजी मुहम्मद असगर अंसारी की उपस्थित में रविवार दोपहर 3 बजे किया गया। शिविर का आगाज कुरान-ए-पाक कि तिलावत व नात-ए रसूल और लब्बैक अल्लाहुम्मा लब्बेक के बुलंद आवाज के साथ किया गया। हज व उमराह के फजाइल पर हाजी मुफ्ती महमुदुल हसन ने विस्तार से प्रकाश डाला व हर मसले की जानकारी दी। सफर ए हज की तैयारी पर हाजी खुर्शीद अनवर ने अपने सरल एवं सहज अंदाज में समझाया। तत्पश्चात हज व उमराह का तरीका, हज के पांच दिन मीना, अराफात मुजदल्फा में कयाम, अहराम के दो कपडे, हज के दौरान कुछ आम गलतियों पर विशेष ध्यान देने आदाबे जियारत-ए-मदीना, मदीना मुनव्वरा में अहम मुकामात पर हाजी अब्दुल माजिद रहमानी ने अपने अनुभव के अनुसार समझाया।

इस अवसर पर हज के लिए जाने वाले महिला, पुरुषों के सवालों के जवाब विस्तार से मुफ्ती महमुदुल हसन ने दिए। महिलाओं के लिए विशेष प्रशिक्षण अलग से किया गया था। उक्त शिविर में बड़ी तादाद में हज के लिए जाने वाली महिलाओं ने हिस्सा लिया। मोमिन ईदगाह गोहलपुर कमेटी ने सभी हज पर जाने वाले हाजियों को मुबारकबाद पेश की तथा शिविर को सम्पन्न करने वाले सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

# प्रेम मंदिर में कल मनाया जाएगा भगवान चित्रगुप्त प्राकट्योत्सव

**जबलपुर।** विश्व कायस्थ संगठन के संयोजन में प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी पाप-पुण्य का लेखा-जोखा रखने वाले कुलदेव भगवान चित्रगुप्त का प्राकट्योत्सव दिवस गंगा सप्तमी मंगलवार 14 मई को शाम 6.30 प्रेम मंदिर राइट टाउन में हवन, पूजन, महाआरती नगर के समस्त कायस्थ संगठनों एवं चित्रांश बंधुओं द्वारा की जाएगी। इसके पश्चात कायस्थ समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं एवं सामाजिक क्षेत्र की प्रतिभाओं का सममान किया जाएगा। तत्पश्चात भजन संध्या में नगर के प्रसिद्ध भजन गायकों की प्रस्तुतियां होंगी, साथ ही महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा। समस्त चित्रांश बंधुओं से उपस्थिति की अपील शिवहरि श्रीवास्तव, राजीव लाल श्रीवास्तव, किरण श्रीवास्तव, सुभाष ब्यौहार, नवीन श्रीवास्तव, आनंद निधि, ऋषि श्रीवास्तव, हरीश वर्मा, राकेश गुमास्ता, राघवेन्द्र श्रीवास्तव सहित अन्य ने की है।



# रेल स्काउट कैम्प ललपुर ग्वारीघाट में संपन्न



**जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेल भारत स्काउट्स एण्ड गाइड्स जबलपुर मंडल द्वारा एक दिवसीय कैम्प ललपुर ग्वारीघाट में संजय कुमार सिंह अपर मंडल रेल प्रबंधक, सुबोध विश्वकर्मा वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी, श्रीमती राजश्री द्विवेदी मंडल सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर, नितेश कुमार सोने मंडल वाणिज्य प्रबंधक, सच्चीपति नंदन सहायक कार्मिक अधिकारी कल्याण, अनिल चौबे जिला सचिव, संजीव तिवारी सहायक सचिव मीडिया प्रभारी स्काउट सेल के नेतृत्व में आयोजित किया गया था, जिसमें स्काउट्स गाइड्स बच्चों को टेंट बनाना, फर्स्ट एड, पायनियर, कम्पास की जानकारी एवं अन्य गतिविधियों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर मंडल के सीनियर रोबर स्काउट्स गाइड्स शामिल हुए।



# संस्था सर्वमंगला ने आयोजित किया आनंद मेला व एक शाम संतों के नाम कार्यक्रम

**जबलपुर।** सामाजिक संस्था सर्वमंगला का आनंद मेला एवं एक शाम संतों के नाम का आयोजन 12 मई को किया गया। महिलाओं की सामाजिक संस्था सर्वमंगला द्वारा समय-समय पर महिलाओं के निरंतर विकास एवं रोजगार हेतु नये-नये आयामों का प्रयास किया जाता है। इसी दौरान रविवार शाम को कचनार क्लब में आनंद मेला आयोजित किया गया, जिसके अंतर्गत फूड स्टॉल के साथ महिलाओं द्वारा अभंग, नृत्य नाटिका, संतों पर आधारित विशेष तौर से सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर नीलिमा देशपांडे, जया पागे, लीनावति, प्रीति गौरे, रंजना वर्तक, स्वाति गाडगिल, सोनल उज्जैनकर, प्रीति जोशी, अर्पिता नायर, राधिका बेहरे सहित सभी महिलाएं उपस्थित थीं।

# 45वीं जिला स्तरीय तैराकी एस.पी.पी.एस. में 19 मई को

**जबलपुर** जिला तैराकी संघ जबलपुर के तत्वावधान में 19 मई रविवार को 45वीं जिला स्तरीय तैराकी वॉटर पोलो प्रतियोगिता आयोजित है जिसका उद्घाटन चेयरमेन अनिल ग्रोवर सत्य प्रकाश पब्लिक स्कूल में प्रातः 8:00 करेंगे। स्कूल की डायरेक्टर सुश्री तरंग ग्रोवर ने बताया कि प्रतियोगिता में चयनित तैराक बालक/बालिका आगामी दिनाँक 10 से 13 जून 2024 को ग्वालियर में होने जा रही 52वीं म.प्र. राज्य स्तरीय ऐकोटिक (AQUATIC) चैम्पियनशिप में जबलपुर टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रतियोगिता स्वीमिंग फेडरेशन ऑफ इण्डिया के नियमानुसार सभी आयु वर्ग आयोजित होगी, इसमें भाग लेने वाले बालक एवं बालिका अपने नाम व ईवेंट, आयु सत्यता हेतु जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड एवं प्रवेश शुल्क के साथ सत्य प्रकाश पब्लिक स्कूल, पोलीपाथर में शिवम श्रीवास्तव, नवराज सिंह एन.आई.एस. एवं भंवरताल स्वीमिंग पूल में शिवम पटेल के पास अंतिम दिनाँक 17.05.2024 को सायं 07:00 बजे तक भेजने की अपील की है।




# महाकौशल कम्प्युटर डीलर्स एसोसिएशन का शपथ ग्रहण संपन्न

**जबलपुर।** विगत दिवस महाकौशल कम्प्युटर डीलर्स एसोसिएशन, जबलपुर द्वारा होटल सत्य अशोका, राइट टाउन, जबलपुर में नवगठित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम में एसोसिएशन की मार्गदर्शन समिति के सदस्य शिशिर जैन द्वारा बी.एल. पटेल को अध्यक्ष एवं राजकुमार पटेल को सचिव पद पर संस्था के संविधान के सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई गई। तत्पश्चात अध्यक्ष बीएल पटेल द्वारा धर्मेश नेगांधी एवं आशीष अग्रवाल को उपाध्यक्ष पद, अनिल जैन को कोषाध्यक्ष, अनिल गुप्ता को सह-सचिव एवं अमित चावला, प्रकाश सिन्हा, भूपेश सोनी, सतीश तिवारी, दीपक पटेल, रमेश विश्वकर्मा, विनीत शुक्ला, रामानुज मिश्रा एवं सौरभ समैया को कार्यकारिणी सदस्यों के पद पर संघ के संविधान के प्रति सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई गई।




# विद्यार्थियों ने किया निराश्रित वृद्धाश्रम का भ्रमण

**जबलपुर।** ज्ञान गंगा कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस बी. कॉम प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा निराश्रित वृद्धाश्रम जबलपुर का भ्रमण किया गया। जिसमें लगभग 30 से 40 विद्यार्थी उपस्थित रहे। महाविद्यालय के संचालक इंजी. विशेष जैन ने विद्यार्थियों को प्रेरणा प्रदान की ताकि इस तरह के भ्रमण द्वारा उनके अंदर नैतिक मूल्यों का विकास हो साथ ही साथ समाज के प्रति वह अपनी जिम्मेदारियों को समझे। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. कीर्ति विश्वकर्मा ने विद्यार्थियों को बुर्जगों से भावनात्मक रूप से जुड़े रहने का मार्गदर्शन प्रदान किया उन्होंने वृद्धजनों के सम्मान को बनाये रखने के लिए भी विद्यार्थियों को निर्देशित किया। वृद्धाश्रम में लगभग 85 वृद्धजन है जो बहुत शांत एवं सरल स्वभावी हैं। विद्यार्थियों ने उनसे वादा किया कि वह उनके सम्पर्क में रहेंगे एवं जरूरत पड़ने पर उनकी हर संभव मदद करेंगे।

विद्यार्थियों के महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डा. कल्पना जैन ने वृद्धाश्रम का भ्रमण किया एवं कुछ मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन भी विद्यार्थियों द्वारा बुर्जगों के लिए किया। सभी विद्यार्थियों ने छाछ, फल बिस्किट, अनाज आदि का वितरण किया।

## साहू युवक युवती परिचय सम्मेलन में वक्ताओं के उद्गार

# परिचय ही परिणय का प्रथम आधार



**जबलपुर।** आज की व्यस्ततम भागदौड़ भरी जिंदगी में लोग खुद के लिये समय नहीं निकाल पाते तब जिम्मेदारियों के निर्वाहन का समय आने पर लोग समाज से मदद और सहयोग की आकांक्षा रखते हैं। लोगों की इसी आकांक्षा को साहू समाज के परिचय सम्मेलन ने नई आशा और उम्मीद की किरण दी है। वास्तव में परिचय ही परिणय का प्रथम आधार है। पहले परिचय होता है फिर रिश्तों की बात चलती है और सात जन्मों का बंधन बंध जाता है। नये नये रिश्ते जुड़ जाते हैं। यह उद्गार यहां स्थानीय मानस भवन में जिला साहू समाज, श्री साहू वैश्य नगर महासभा और प्रयास पत्रिका के संयुक्त तत्वधान में आयोजित साहू युवक युवती परिचय सम्मेलन में अतिथि वक्ताओं ने व्यक्त किये। नगर भाजपा अध्यक्ष प्रभात साहू के संयोजन में आयोजित सम्मेलन में भाजपा के प्रदेश मंत्री और लोकसभा प्रत्याशी पंडित आशीष दुबे, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू सहित वरिष्ठ समाजसेवी संरक्षक भरत लाल साहू, केआर साहू, सुश्री श्यामा बहनजी राधे श्याम साहू, वीरेन्द्र साहू, उदयभान साहू, सुधीर साहू, सुबोध साहू, रामकुमार साहू आदि मंचासीन थे। इस अवसर पर रमेश साहू के संयोजन में प्रकाशित सामाज की पत्रिका प्रयास का विमोचन भी किया गया।

परिचय सम्मेलन में भोपाल, सागर, सिवनी, कटनी और जिले के आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में स्वाजातीय जनशामिल हुये। परिचय सम्मेलन में करीब 200 से अधिक युवक युवतियों ने मंच से अपना परिचय दिया। खास बात यह रही कि लोगों ने परिचय मिलने के बाद बेटा बेटियों के परिजनों से मौके पर ही संपर्प कर रिश्ते की बात शुरु कर दी। कार्यक्रम की एक महीने से अधिक समय से तैयारी की जा रही थी। आगंतुकों के लिये आयोजन स्थल पर सुरूची भोज भी रखा गया। अतिथियों का स्वागत आयोजकों ने किया। कार्यक्रम का संचालन उमेश साहू ओज एवं एडवोकेट अर्जुन साहू ने किया। कार्यक्रम में डॉ. दीपक साहू, पार्षद संजय साहू, खुशीलाल साहू, धीरज गगन, उमाकांत, दीपक, रवि साहू सहित अनेक वरिष्ठ समाज सेवी और युवा मौजूद रहे।

# एलन समानयन में बोले देश के डॉक्टर्स.... कोटा से संभव हुआ सफलता का सफर

## एलन एलुमिनी मीट में शामिल हुए एक हजार से अधिक अतिथि, साझा किए अनुभव









**कोटा।** मुझे गर्व है कि मैं कोटा में पढ़ा, एलन स्टूडेंट रहा। यहीं से मेरे सपने पूरे होने की शुरुआत हुई। मेरे कॅरियर में एलन का बड़ा योगदान है। कोटा से ही सफलता का सफर संभव हुआ है। अब बदला हुआ एलन और कोटा देखकर बहुत अच्छा लग रहा है। कुछ ही वर्षों में कोटा बहुत बदल गया है।

एलन में 1995 बैच में प्री-मेडिकल स्टूडेंट रहे डॉ.जीवन कांकरिया ने यह बात एलन एलुमिनाई-मीट समानयन में कही।एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट की ओर से कोटा में दो दिवसीय एलन एलुमिनाई मीट-2024 समानयन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए देशभर से डॉक्टर्स कोटा आए। करीब एक हजार से अधिक अतिथि इस कार्यक्रम में शामिल हुए। अलग-अलग वर्षों में कोटा में एलन से पढ़कर अपना कॅरियर बनाने वाले इन स्टूडेंट्स के लिए कई कार्यक्रम दो दिनों में हुए। इस दौरान ये अपने शिक्षकों से मिले, उनका आशीर्वाद लिया। दोस्तों से मिले तो गले लगकर एक दूसरे के बारे में जानकारी ली। कोटा और एलन का बदला हुआ स्वरूप इन स्टूडेंट्स ने देखा। कोटा में नवनिर्मित चम्बल रिवर फ्रंट और सिटी पार्क का भ्रमण किया। इसके साथ ही कोटा में एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के अलग-अलग इलाकों में बने क्लासरूम कैम्पस भी विजिट किए।मुख्य कार्यक्रम रविवार को एलन समुन्नत कैम्पस के समरस ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया। यहां सभी पुराने स्टूडेंट्स का सम्मान किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला रहे। कार्यक्रम में एलन परिवार की मातोश्री कृष्णादेवी मानधना, निदेशक डॉ.गोविन्द माहेश्वरी, राजेश माहेश्वरी, नवीन माहेश्वरी व डॉ.बृजेश माहेश्वरी मौजूद, एचओडी केजी वैष्णव व पीबी सक्सेना सर रहे। कार्यक्रम में प्रदेश के पूर्व मंत्री व विधायक शांति धारीवाल का वीडियो संदेश भी चलाया गया। इस अवसर पर एलन की ओर से एलन स्टूडेंट्स के लिए एलन परिवार स्कॉलरशिप स्कीम की घोषणा की गई।कार्यक्रम में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि कोटा आए आप सभी डॉक्टर्स का मैं स्वागत करता हूं। मुझे भी गर्व है कि मैं कोटा से हूं। इस गर्व की अनुभूति तब अधिक होती है जब हम किसी दूसरे शहर, दिल्ली और विदेश में जाते हैं। वहां हमें एलन के स्टूडेंट्स मिलते हैं। कोटा की यादें हमसे साझा करते हैं। ये मेरा अनुभव है कि पढ़ाई के लिए कोटा जैसा कोई शहर नहीं है। कोटा जैसी सुविधाएं, यहां के पढ़ाने का तरीका बहुत अच्छा है। यही कारण है कि यहां हर वर्ष लाखों विद्यार्थी आ रहे हैं। यहां से सीखा हुआ संघर्ष विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। सफलता के लिए जूझना सीखाता है। कोटा को बेहतर बनाने में एलन किसी से छिपा हुआ नहीं है। यहां के कोचिंग संस्थानों ने अपने दम पर आगे बढ़कर बताया है और देश के सामने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने का उदाहरण प्रस्तुत किया है।इस अवसर पर निदेशक डॉ.गोविन्द माहेश्वरी ने कहा कि एलन ''संस्कार के सफलता तक'' के ध्येय को साथ लेकर चला है। शिक्षा देने के साथ संस्कार देना हमारी प्राथमिकता है, यही कारण है कि आज एलन एक परिवार के रूप में पहचाना जाता है। बहुत खुशी होती है जब इस परिवार को इस तरह बढ़ते हुए देखते हैं। आप सभी एलन के बुलावे पर आए, पुराने दिनों की यादें ताजा की, बहुत सुखद अहसास हो रहा है। आप लोगों को देखकर लगता है कि एलन ने कॅरियर बनाने में अपना छोटा सा योगदान दिया है।निदेशक राजेश माहेश्वरी ने कहा कि पुराने विद्यार्थियों से मिलकर यादें ताजा हो गई। यही एलन की असली ताकत है। देशभर के डॉक्टर्स इस कार्यक्रम के माध्यम से हमें नहीं एक-दूसरे से मिले। उनके अनुभव जाने, बदला हुआ कोटा देखा यह बहुत सुखद अनुभव है। निदेशक डॉ.बृजेश माहेश्वरी ने पुराने स्टूडेंट्स के साथ साझा किए गए क्षणों को अविस्मरणीय बताया और एलन की अकेडमिक यात्रा की जानकारी दी। अंत में निदेशक नवीन माहेश्वरी ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

### कोटा जैसा शहर और पढ़ाई की सुविधाएं पूरे देश में नहीं : ओम बिरला

### एलन परिवार स्कॉलरशिप की घोषणा

कार्यक्रम में एलन के निदेशक नवीन माहेश्वरी ने कहा कि एलन हमेशा स्टूडेंट्स के साथ रहा है। उन्हें आगे बढ़ाने में अपना योगदान देता आया है। एक बार फिर स्टूडेंट्स और एलन के संबंध को प्रगाढ़ बनाए रखने के लिए घोषणा की जा रही है। एलन एलुमिनाई स्कॉलरशिप ''एलन परिवार'' की शुरुआत अगले सत्र में प्रवेश के साथ शुरू की जाएगी। इसके तहत किसी भी वर्ष में एलन में पढ़े एलन स्टूडेंट के परिवार के बच्चों को शुल्क में स्कॉलरशिप दी जाएगी। एलन स्थापना से अब तक 30 लाख से अधिक स्टूडेंट्स का मार्गदर्शन कर चुका है। ऐसे में हम इतने स्टूडेंट्स के परिवारों से जुड़कर उन्हें प्रोत्साहन दे सकेंगे।

### एलन ने संघर्ष करना सिखाया

जयपुर से आए 1995 बैच के स्टूडेंट डॉ.जीवन कांकरिया ने बताया कि मैंने कोटा से बहुत कुछ सीखा है। कोटा सिर्फ सफलता ही नहीं दिलाता यहां संघर्ष करना सिखाया जाता है। क्योंकि जब कम्पीटिटिव एग्जाम की बात आती है तो हमें बहुत अलग स्तर की मेहनत की जरूरत होती है। ये कोटा में सीखा और एलन ने संस्कार से सफलता तक की जो सीख दी वो आज भी हमारे लिए बहुत उपयोगी है।

### तब भी अब भी वही फैकल्टीज

नई दिल्ली से आए डॉक्टर देवेन्द्र चौधरी ने बताया कि सबसे अच्छा अहसास कोटा में आकर यह हुआ कि यहां आज भी वही ऊर्जा और सकारात्मकता है। एलन में वही टीचर्स दिखे जिन्होंने हमें पढ़ाया था। एलन अपनी परम्पराएं बरकरार रखे हुए हैं। आज भी स्टूडेंट्स वही प्रार्थना और उन्हीं संस्कारों के साथ पढ़ाई कर रहे हैं। यह बहुत ही बेहतर अनुभव है जो जिंदगीभर याद रहेगा।

### कोटा आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है

गुजरात कैडर के आईएएस डॉ.विक्रांत पांडे ने बताया कि कोटा आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है। मैं एक छोटे से कस्बे भवानीमंडी से हूं। एलन से संघर्ष करना सीखा इसीलिए मेडिकल के बाद सिविल सर्विसेज क्रेक किया। कोटा आया, एलन में 1996 बैच में पढ़ा और आरपीएमटी में सलेक्ट हुआ। एलन में मेहनत की जाती है, जिस तरह से बृजेश माहेश्वरी सर, वैष्णव सर, सक्सेना सर और अन्य फैकल्टीज हमें पढ़ाते थे, सब्जेक्ट बहुत आसान लगते थे। एलन में आज भी पढ़ाई इतनी ही बेहतर है। एलन और कोटा आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है।

### नेक्स्ट जनरेशन के लिए एलन परिवार स्कॉलरशिप की घोषणा, 30 लाख एलन स्टूडेंट फैमिलीज

### बहुत बदल गया कोटा

नोएडा एनसीआर-दिल्ली से आए डॉ.आशीष गोयल ने कहा कि तब और अब का कोटा बहुत बदल गया है। एलन भी बहुत बड़ा हो गया है। हम दो-तीन कमरे के इंस्टीट्यूट में पढ़े आज बड़े-बड़े कैम्पस और कोटा का बदला हुआ रूप बहुत अच्छा लगता है। बहुत सुखद अहसास होता है जब कोटा और एलन को आगे बढ़ता देखते हैं।

### पुरानी यादें ताजा हो गई

1995 बैच के स्टूडेंट और कोटा मेडिकल कॉलेज में न्यूरो सर्जरी हेड डॉ.एस.एन.गौतम ने बताया कि कोटा में आज पुराने साथियों के साथ समय बिताकर बहुत अच्छा लगा। एलन ने हमें बनाया है। एलन आगे बढ़ता है तो बहुत गर्व की अनुभूति होती है, लगता है हम आगे बढ़ रहे हैं। कोटा के स्टूडेंट्स को एक बार फिर कोटा में देखकर लगा कि फिर से पुराने दिन आ गए।

# एनआईपीएस ने भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय मिठाइयों की अधिकतम किस्म तैयार करके इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में अपना नाम दर्ज कराया

**कोलकाता।**

एनआईपीएस इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट के छात्रों ने एक दिन में अधिकतम संख्या में भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय मिठाइयाँ तैयार करके इतिहास रच दिया। इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स द्वारा मान्यता प्राप्त इस उपलब्धि ने छात्रों और शिक्षकों की विशेषज्ञता, रचनात्मकता और पाक कला की समृद्धि को प्रदर्शित किया। यह कार्यक्रम इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स के एडजुडिकेटर अरिंदम सेनगुप्ता की उपस्थिति में हुआ, जिन्होंने छात्रों और एनआईपीएस हॉस्पिटैलिटी ग्रुप के संस्थापक निदेशक विवेक पाठक को प्रमाण पत्र सौंपा।पाक कला शिक्षा में अग्रणी के रूप में, हम, निप्स इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट में, अपने छात्रों को हमेशा आगे बढ़ने, लीक से हटकर सोचने और नई चुनौतियों का सामना करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। पिछले कई वर्षों से, हमारे छात्रों ने आतिथ्य क्षेत्र में अपनी उपलब्धियों से हमें गौरवान्वित किया है। छात्रों की आज की उपलब्धि, जिसके लिए उन्होंने अधिकतम भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय डेसर्ट तैयार करने की श्रेणी में प्रतिष्ठित इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में अपना नाम दर्ज कराया है, कम से कम कहने के लिए बहुत ही उत्साहजनक है। हम बेहद खुश हैं और इस उपलब्धि के लिए टीम को बधाई देते हैं और इस उपलब्धि को मान्यता देने के लिए इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स को भी धन्यवाद देते हैं" निप्स हॉस्पिटैलिटी ग्रुप के संस्थापक निदेशक श्री विवेक पाठक ने कहा।इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स के निर्णायक के रूप में मैंने कुछ अविश्वसनीय उपलब्धियां देखी हैं, लेकिन एनआईपीएस इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट ने अपने रिकॉर्ड-ब्रेकिंग डेज़र्ट इवेंट के साथ जो हासिल किया है, वह वाकई कुछ खास है। डेज़र्ट में विविधता और रचनात्मकता न केवल तकनीकी कौशल को दर्शाती है, बल्कि दुनिया भर की पाक कलाओं के प्रति गहरी प्रशंसा को भी दर्शाती है। प्रतिभा, नवाचार और सांस्कृतिक विविधता के इस अनूठे उत्सव का हिस्सा बनना सम्मान की बात है", इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स के निर्णायक अरिंदम सेनगुप्ता ने कहा।




छात्रों द्वारा तैयार की गई मिठाइयों में भारतीय खंड से रसमलाई, कहो जैम, स्ट्रॉबेरी श्रीखंड, लैबोंगो लतिका और चॉकलेट संदेश तथा ऑस्ट्रिया से लिंजर टोर्टे, फ्रांस से ओपेरा स्लाइस और पिस्ता पेटिट गेटॉक्स और स्पेन से ट्रेस लेचेस जैसी अंतर्राष्ट्रीय मिठाइयां शामिल थीं।

इस अनोखे आयोजन ने छात्रों को दुनिया भर से कई तरह की मिठाइयाँ बनाने का अनूठा अवसर प्रदान किया। इन मिठाइयों की समृद्धि का अनुभव उपस्थित लोगों ने किया, जिन्हें इन वस्तुओं का नमूना लेने और एक सच्चे वैश्विक पाक अनुभव में डूबने का अवसर मिला।

# आर्टिस्ट ने बनाई दुनिया की सबसे हल्की सोने की चेन

## 11 महीने में हुई तैयार, कीमत सुनकर नहीं होगा यकीन

**एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली**



उदयपुर शहर के डॉक्टर इक़बाल सक्का अपनी कलाकारी के लिए प्रसिद्ध हैं। वो स्वर्ण मिनीएचर आर्टिस्ट हैं। उन्होंने एक बार फिर से अपनी कलाकारी का कमाल दिखाया है। इस बार डॉक्टर इक़बाल ने सोने की छोटी और बेहद महीन चेन बनाई है। उनका दावा है कि ये दुनिया की सबसे हल्की चेन है। इसकी कीमत मात्र 40 रुपए है। सोने की ये चेन बनाने में उन्हें करीब 11 महीने लगे। इसमें 2500 कड़िया जुड़ी हुई हैं।

### बाल से भी ज्यादा पतली

डॉ. इकबाल सक्का ने हाल ही में दुनिया की सबसे बड़ी गोल्ड चेन का विश्व रिकॉर्ड देखा था, जो करीब 1144 करोड़ रुपए की थी। इसका वजन 256 किलोग्राम था और वह 5.5 किलोमीटर लंबी थी।

### 100 से ज्यादा विश्व रिकॉर्ड

डॉक्टर इक़बाल सक्का की पहचान उदयपुर के जाने-माने स्वर्ण कलाकार के रूप में है। उनके नाम पर 100 से भी ज्यादा विश्व रिकॉर्ड दर्ज हैं। सोने की दुनिया की सबसे छोटी कलाकृतियां बनाने में वो अपना ही विश्व रिकॉर्ड तोड़ चुके हैं। अब इस चेन के लिए भी उन्होंने गिनीज बुक ऑफ़ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दावेदारी पेश की है। उन्हें उम्मीद है कि ये तिरंगा चेन विश्व रिकॉर्ड में शामिल होगी।








सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।


## राशिफल

**मेष** संगीत में रुचि बढ़ेगी। कारोबार में वृद्धि होगी। विदेश जाने के योग बन रहे हैं। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचने का प्रयास करें।

**वृष** खर्चों की अधिकता रहेगी। कला एवं संगीत में रुचि हो सकती है। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं।

**मिथुन** शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। पठन-पाठन में रुचि बढ़ सकती है। परिवार में आपसी वाद-विवाद की स्थितियां बन सकती हैं।

**कर्क** क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। उच्च शिक्षा के लिए विदेश प्रवास हो सकता है। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा।

**सिंह** कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा।

**कन्या** कार्यभार में वृद्धि होगी। बौद्धिक कार्यों से धन प्राप्त होगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा। क्रोध के अतिरेक से बचें। बातचीत में संतुलन बनाकर रखें।

**तुला** लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। रहन-सहन कष्टमय

**वृश्चिक** संतान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। खर्च भी बढ़ेंगे।

**धनु** स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कला एवं संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। किसी दूसरे स्थान पर जाना पड़ सकता है।

**मकर** आलस्य की अधिकता हो सकती है। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ेगी।

**कुंभ** क्रोध से बचें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। बातचीत में संयत रहें। पठन-पाठन में रुचि

**मीन** किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है। कारोबारी कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

# टोक्यो शहर में पब्लिक टॉयलेट देखने आते हैं पर्यटक, 5 स्टार होटल जैसा लुक

**एजेंसी ▸▸| टोक्यो**


बात जब पब्लिक टॉयलेट्स की आती हैं, तो लोग उसमें जाने में काफी परहेज करते हैं. सिर्फ इसलिए क्योंकि सार्वजनिक शौचालयों का हाल बेहद बुरा होता है। उनकी सफाई समय से नहीं होती, गंदगी की वजह से उसमें से बदबू आती रहती है। ग्रामीण इलाकों में बने ऐसे टॉयलेट्स कई बार असुरक्षित होते हैं। पर दुनिया में जापान एक देश ऐसा है, जहां पर पब्लिक टॉयलेट्स का बहुत ध्यान दिया जाता है। यहां के टोक्यो शहर में टॉयलेट्स को 5 स्टार होटल जैसा बनाया गया है, जिसके अंदर हाई-टेक सुविधाएं मौजूद हैं। जापान के टोक्यो में पब्लिक टॉयलेट्स आजकल चर्चा में हैं। यहां पर पब्लिक टॉयलेट्स टूरिस्ट अट्रैक्शन बन गए हैं और जो पर्यटक टोक्यो घूमने आ रहे हैं, वो इन पब्लिक टॉयलेट्स के भी टूर को कर रहे हैं। इसके लिए गाइड का भी इंतेजाम किया जा रहा है। टोक्यो के शिबूया इलाके में 17 टॉयलेट हैं जिसे टोक्यो टॉयलेट प्रोजेक्ट के लिए तैयार किया गया है। इस प्रोजेक्ट का मकसद था शहर में पब्लिक टॉयलेट की सुविधा को बेहतर करना। 2020 में निपॉन फाउंडेशन की ओर से इस प्रोजेक्ट को शुरू किया गया।

### टूर के लिए देने पड़ते हैं रुपए



जिला पर्यटन असोसिएशन के यूमिको निशी ने कहा कि जो लोग इस टूर के लिए रेजिस्टर किए हैं, उन्हें आर्किटेक्चर में रुचि है। इस टूर के जरिए वो शहर को एक्सप्लोर भी कर लेंगे और टॉयलेट्स भी देख लेंगे। इस टूर के लिए प्रति व्यक्ति 2600 रुपए देने होंगे और ये 2 घंटे तक चलता है।

## शब्द पहेली - 5509



**बाएँ से दाएँ**
1.जो आदरणीय न हो-6
5.अनुक्षेपक,अंश -4
8.साथ-2
9.छोटी तलवार-3
10.विदेशी शराब का एक प्रकार -2
11.दुश्मनी-4
12.इस जगह-2
14.अनवरत-4
16.लाचार,बेबस-3
18.धुलाई करना-4
20.न्यूनता,निम्नता-5
23.समुद्री यात्री-5
26.पूंजी,संपत्ति-4
27.असंयमी,स्वच्छंद-3
29.वन में रहनेवाला-4
30.उम्मीद,आशा-2
32.सौंठ,एक कंद-4
33.जोर,बल-2
35.बसंतकाल-3
36.जोश,उग्रता-2
37.पाताल-4
38.सभ्य,होनहार-3,3

**ऊपर से नीचे**
1.जो संवैधानिक न हो-6
2.सांप,सर्प-2
3.दानेदार-4
4.जिगर,कलेजा-3
5.प्रेम,प्यार-3
6.पंख,पराया-2
7.मरियल, निर्बल-4
11.शत्रुता,वैमनस्यता (उर्दू-4)
13.शिकार फंसाने के लिए चिल्लाना-2
15.सुस्त,उनींदा-4
17.पदक-3
18.विश्वासघात-4
19.बहुमूल्य पत्थर-2
21.रानी,शहजादी-3
22.फलों का जूस-2
24.कुतरने वाला-4
25.मानक समुद्र तल (अंग्रेजी-2,1,3)
27.अपमान,उपेक्षित-4
28.पिता की बहन-2
29.सुखद वस्तु, ईष्ट कृपा, नेमत-4
31.बलवान-3
32.प्रार्थना-3
34.तिल,मस्सा-2
36.52 पत्तों का खेल, प्लेइंग कार्ड-2

### शब्द पहेली- 5508 का हल



## सूडोकु नवताल- 5520

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | | 3 | | 8 | 9 | | 7 |
| | 1 | | 9 | | 6 | | 5 | 4 |
| | | | | | | 8 | | |
| | 4 | | 5 | | | | 8 | |
| 2 | | 5 | | 4 | | 6 | | 1 |
| | 3 | | | | 1 | | 7 | |
| | | 3 | | | | | | |
| 5 | 9 | | 7 | | 2 | | 6 | |
| 7 | | 6 | 4 | | 3 | | 9 | 2 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल- 5519 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 2 | 3 | 8 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 5 | 7 | 3 | 4 |
| 3 | 9 | 4 | 1 | 6 | 7 | 5 | 8 | 2 |
| 2 | 5 | 7 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 9 |
| 4 | 8 | 6 | 5 | 9 | 2 | 3 | 7 | 1 |
| 1 | 3 | 9 | 6 | 7 | 8 | 4 | 2 | 5 |
| 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 | 9 | 5 | 8 |
| 9 | 4 | 5 | 8 | 3 | 6 | 2 | 1 | 7 |
| 7 | 1 | 8 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 | 3 |



# अनूप हुए डीपफेक का शिकार लाखों लोगों ने देखा फर्जी वीडियो

**मुंबई।** डीपफेक वीडियोज के वायरल होने का सिलसिला रुक नहीं रहा। एआई की मदद से उनकी फोटो और आवाज को कॉपी कर भ्रामक संदेश फैलाए जा रहे हैं। अब अभिनेता अनूप सोनी इसका शिकार हो गए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक उनका एक डीपफेक वीडियो तेजी के साथ सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें वह आईपीएल का सट्टा लगाने की बात कर रहे हैं। रविवार को उन्होंने डीपफेक वीडियो को लेकर चेतावनी जारी की है। अनूप ने एक बयान में कहा, 'यह पूरी तरह से फर्जी वीडियो है, और हम सभी को सतर्क रहना होगा कि इन दिनों चीजों को कैसे और किस हद तक हेरफेर किया जा रहा है। अनूप सोनी के इस फर्जी वीडियो पर लाखों व्यूज आए हैं।

लाइफ Style



# जान्हवी

## 'मिस्टर एंड मिसेज माही' का ट्रेलर रिलीज

एजेंसी ⏭ मुंबई

जान्हवी कपूर अपनी आगामी फिल्म 'मिस्टर एंड मिसेज माही' को लेकर लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। फिल्म 'मिस्टर एंड मिसेड माही' का पहला ट्रेलर रिलीज हो चुका हैं। इसके ट्रेलर को स्टार स्पोर्ट्स हिंदी और यूट्यूब पर कुछ ही घंटों पहले रिलीज किया गया था।

साथ ही फिल्म के इस वीडियो को जान्हवी कपूर ने भी अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर साझा किया है। इसके वीडियो को देखकर फैंस बेहद उत्साहित हो गए हैं। 'मिस्टर एंड मिसेज माही' का ट्रेलर रिलीज होते ही जाह्नवी कपूर और राजकुमार राव की केमिस्ट्री ने एक बार फिर से दर्शकों का दिल जीत लिया है। इस फिल्म से पहले दोनों ने फिल्म 'रूही' में एक साथ काम किया था। इस फिल्म में इन दोनों की जोड़ी को फैंस ने बेहद पसंद किया था। मिस्टर एंड मिसेज माही में दोनों को फिल्म में अपने सपनों और फर्ज के बीच जूझते हुए दिखाया गया है।


मिसेज माही को क्रिकेटर बनने के लिए मिस्टर माही अपने परिवार से भी बगावत कर बैठते है। फिल्म का ट्रेलर जैसे ही जान्हवी ने अपने अकाउंट इंस्टाग्राम पर साझा किया तभी से फैंस के कमेंट्स की बाढ़ आ गई है। एक फैन ने लिखा, 'फिल्म को देखने के लिए और इंतजार नहीं कर सकता।' एक यूजर ने लिखा, ''ट्रेलर में ही पूरी फिल्म की कहानी क्यों दिखा दी।" एक और फैन ने लिखा, 'इस पूरे गाने को सुनने के लिए बेकरार हूं।'

हॉलीवुड मसाला




# कान्स में होगी 'कूकी' की स्क्रीनिंग

**लॉस एंजेलिस।** असम में बनी हिंदी फीचर फिल्म 'कूकी' की कान्स फिल्म फेस्टिवल 2024 में स्क्रीनिंग होगी, जो 28 जून को रिलीज होगी। 'कूकी' की स्क्रीनिंग 21 मई को पैलेस एच में होने वाली है। निर्माता जुनमोनी देवी खौंड ने कहा, 'मैं अपनी पहली फीचर फिल्म 'कूकी' को प्रतिष्ठित कान फिल्म फेस्टिवल में प्रदर्शित करने का अवसर पाकर बेहद सम्मानित और आभारी हूं। यह प्लेटफॉर्म न केवल सिनेमाई कला का जश्न मनाता है, बल्कि उन आवाजों को भी बुलंद करता है जो जरूरी वैश्विक मुद्दों पर बोलने का साहस करती हैं।'



# जस्टिन बीबर-हैली के घर जल्द गूंजेगी किलकारी

**लॉस एंजेलिस।** इंटरनेशनल पॉप सिंगर जस्टिन बीबर अपने शानदार गानों की बदौलत अपने करोड़ों फैंस के दिलों पर सालों से राज करते आ रहे हैं। अपने गानों के साथ साथ बीबर अपनी निजी लाइफ को लेकर भी काफी बिजी में रहते हैं। हाल ही में सेलेब्रिटी सिंगर ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक खुशखबरी देते हुए बताया है कि उनके घर में जल्द ही नन्हा मेहमान आने वाला है। जस्टिन बीबर की पत्नी और मॉडल हैली बीबर जल्द ही मां बनने जा रही है। इस बात का खुलासा जस्टिन ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर एक वीडियो के जरिए ये खुशखबरी साझा की है। इस वीडियो के आते ही दुनिया भर में जस्टिन के फैंस और दूसरे सेलेब्रिटीज की बधाइयों का तांता लग गया है।



# बच्चे तो होंगे ही कभी ना कभी ...


**मुंबई।** दो साल की दोस्ती के बाद, अंकिता लोखंडे और विक्की जैन ने 2018 में डेटिंग शुरू की। अंकिता-विक्की ने अप्रैल 2021 में पारंपरिक तरीके से शादी की। अंकिता ने अक्सर मां बनने की इच्छा जाहिर की है। बिग बॉस 17 में जब वह आई थीं तब भी उन्हें प्रेग्नेंसी टेस्ट करवाया था। शो में कई बार उनके प्रेग्नेंट होने की अटकलें लगीं। शो से बाहर आने के बाद भी उनकी प्रेग्नेंसी को लेकर तरह-तरह के कयास लगाए गए, लेकिन सब सिर्फ अफवाह साबित हुई। अंकिता लोखंडे ने खुलासा किया कि वह और विक्की अक्सर बेबीज को लेकर चर्चा करते हैं। उन्होंने कहा, 'हम हमेशा बेबीज के बारे में बात करते हैं। जब मुझसे बच्चे पैदा करने की इच्छा के बारे में पूछा जाता है तो मेरे पास छिपाने के लिए कुछ नहीं होता। बच्चे तो होंगे ही कभी ना कभी।'



# खौफनाक गुफा में शूट की थी गुना

**मुंबई।** 'फिल्मी फ्राइडे' में कमल हासन की उस फिल्म की कहानी जानिए, जिसके कारण गुना गुफाएं और उनकी दहशत की कहानी दुनियाभर में छा गई थी। कमल हासन को चेतावनी दी गई थी कि वह 'गुना' की शूटिंग वहां न करें। कमल हासन की 33 साल पुरानी इस फिल्म से चर्चा में आई थी डरावनी गुना गुफा। कमल हासन ने शूट के वक्त सड़क बनवाई थी। 'फिल्मी फ्राइडे' में उस फिल्म की कहानी बताने जा रहे हैं, जिसके कारण खतरनाक गुना गुफाएं चर्चा में आ गईं। इसी फिल्म से प्रेरणा लेकर हाल ही मलयालम फिल्म 'मंजुम्मेल बॉयज' बनाई गई। 22 फरवरी को थिएटर्स में रिलीज हुई इस फिल्म को पब्लिक डिमांड पर हाल ही ओटीटी पर हिंदी समेत अन्य भाषाओं में डब करके रिलीज किया गया।

टीवी मसाला



# माधुरी के लिए एक्शन अवतार में आए सुनील

**नई दिल्ली।** सुनील शेट्टी और माधुरी दीक्षित इन दिनों छोटे पर्दे के शो डांस दीवाने में बतौर जज नजर आ रहे हैं। इस शो को दर्शकों का भरपूर प्यार मिल रहा है। इस बीच मेकर्स ने शो का एक धमाकेदार नया प्रोमो जारी किया है। इसमें अभिनेता एक बार फिर एक्शन अवतार में नजर आने वाले हैं। कलर्स टीवी की ओर से हाल ही में साझा किए गए इस वीडियो में दो लोग माधुरी का अपहरण करते नजर आते हैं। वहीं, अभिनेत्री जोर जोर से चिल्लाती नजर आ रही हैं। तभी नाटकीय ढंग से सुनील शेट्टी की एंट्री होती है और वे माधुरी को बचाकर उन्हें अपने साथ लेकर चले जाते हैं। इस वीडियो के साथ कैप्शन में लिखा था, 'माधुरी से मुलाकात करने के लिए सुनील को करनी पड़ी मुक्का-लात।' इसके अलावा एक अन्य प्रोमो वीडियो में सुनील शेट्टी माधुरी को उपहार देते नजर आते हैं। सुनील शेट्टी जल्द ही एक एक्शन से भरपूर फिल्म में नजर आने वाले हैं। इसके अलावा वे वेलकम टू द जंगल में भी काम कर रहे हैं। यह मल्टीस्टारर फिल्म इसी साल के आखिर में रिलीज होने वाली है। वहीं, माधुरी दीक्षित को आखिरी बार फिल्म मजा मा में देखा गया था। यह फिल्म सीधा ओटीटी पर रिलीज हुई थी।

## अनुपमा में नहीं होगी तोषू की मौत

**नई दिल्ली।** टीवी सीरियल 'अनुपमा' ट्रेंड में बना हुआ है। दरअसल, शो में आ रहे ट्विस्ट और शो के कलाकारों की वजह से लोग सोशल मीडिया पर इस शो के बारे में बातें कर रहे हैं। शो में तोषू का किरदार निभाने वाले



अभिनेता आशीष मेहरोत्रा के जाने के बाद लोग कह रहे हैं कि 'अनुपमा' में तोषू की मौत हो जाएगी। कुछ लोगों का मानना है कि मेकर्स तोषू को उसके कर्मों की सजा देंगे और उसका एक्सीडेंट हो जाएगा। हालांकि, इसी बीच दावा किया जा रहा है कि आशीष मेहरोत्रा की जगह मेकर्स किसी और को तोषू बनाकर लेकर आने वाले हैं। एक रिपोर्ट्स के मुताबिक, आशीष मेहरोत्रा की जगह अब गौरव शर्मा तोषू के किरदार में नजर आएंगे। बता दें, गौरव शर्मा इससे पहले 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' में नजर आ चुके हैं। उन्होंने समृद्धि शुक्ला, गर्विता साधवानी और रोहित पुरोहित के शो में कैमियो किया था। उन्होंने राजन शाही के इस शो में युवराज का किरदार निभाया था।

# 'कान फिल्म फेस्टिवल' का आयोजन कल से...

**लॉस एंजिलिस।** 'कान फिल्म फेस्टिवल' का आयोजन इस साल 14 मई से 25 मई के बीच किया जा रहा है। यह 'फेस्टिवल' 70 सालों से दर्शकों का मनोरंजन कर रहा है। यह सिनेमा की दुनिया के सबसे बड़े और बहुप्रतीक्षित आयोजनों में से एक है। 'कान फिल्म फेस्टिवल' में विश्व भर के कलाकार अपने फैशन और हुस्न का जलवा बिखेरते हुए नजर आते हैं। इस बार 'कान फिल्म महोत्सव' 14 मई से 25 मई के बीच मनाया जाएगा। आइए जानते हैं




### बेहतरीन फिल्मों का किया जाता है चयन

विश्वभर में प्रतिष्ठित इस समारोह का आयोजन हर साल मई महीने में फ्रांस के कान्स शहर में होता है। इसकी शुरुआत साल 1946 में हुई थी। इस समारोह में साल की सबसे बेहतरीन फिल्म का का चयन किया जाता है और उसका जश्न मनाया जाता है। यह विश्व भर के निर्देशकों, निर्माताओं, कलाकारों और फिल्मी दुनिया की हस्तियों के मिलने का एक स्थान भी बन गया है। 'कान फिल्म फेस्टिवल' अपने रोचक और शानदार आयोजनों के लिए प्रसिद्ध है। यह फिल्मी दुनिया से जुड़े कई तरह के आयोजन कराता है। लोग अपनी फिल्म और फैशन का प्रदर्शन इस समारोह में करते हैं। यहां पर हम 'कान फिल्म फेस्टिवल' में होने वाले कुछ प्रमुख आयोजनों के बारे में बताने जा रहे हैं।

# मातृ दिवस पर फिल्मी सितारों ने लुटाया मां पर प्यार

**मुंबई।** रविवार 12 मई को पूरे विश्व में मातृ दिवस मनाया गया। इस दिन लोग अपनी मां के प्रति विशेष प्रेम और सम्मान प्रकट करते हैं। इस विशेष अवसर पर हिंदी सिनेमा के सितारों ने अपनी मां के लिए इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर अपनी भावनाएं जाहिर की हैं।

***संजय दत्त :*** हिंदी सिनेमा के अभिनेता संजय दत्त ने अपनी मां दिग्गज अभिनेत्री




'नरगिस' की पुरानी तस्वीर साझा करते हुए उनके प्रति अपने प्रेम और सम्मान को जाहिर किया है। उन्होंने पोस्ट कर लिखा, 'उस महिला को 'मदर्स डे' की हार्दिक शुभकामनाएं, जिसने मुझे बिना शर्तों के और करुणा के साथ रहना सिखाया। मां तुम्हारी आत्मा मेरे दिल में बसे प्यार में रहती है। सभी चीजों के लिए धन्यवाद! आपको ढेर सारा प्यार!'

***बाबिल खान :*** दिवंगत अभिनेता इरफान खान के बेटे बाबिल खान ने भी अपने माता -पिता के साथ



कुछ तस्वीरें साझा कीं। तस्वीरों में अभिनेता इरफान खान और उनकी मां दिख रही हैं। पोस्ट कर उन्होंने लिखा, 'सुतापा सिकदर के बिना कोई इरफान नहीं होता। सुतापा सिकदर के बिना कोई अयान नहीं होता। अगर सुतापा सिकदर नहीं होती तो कोई बाबिल नहीं होता। हर दिन मातृ दिवस है।'

***टाइगर श्रॉफ :*** अभिनेता टाइगर श्रॉफ ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर अपनी मां के साथ अपनी तस्वीर साझा की है। साझा की तस्वीरों में वह बहुत



खुश नजर आ रहे हैं। स्टोरी में उन्होंने लिखा, 'मातृ दिवस की शुभकामनाएं।'

***हेमा मालिनी :*** दिग्गज अभिनेत्री हेमा मालिनी ने अपने एक्स अकाउंट पर मां के साथ कई तस्वीरें साझा कीं। उन्होंने अपनी मां के लिए एक लंबा-चौड़ा नोट लिखा। उन्होंने लिखा, मां वह है जो सभी की जगह ले सकती है, लेकिन मां की जगह कोई नहीं ले सकता।' उन्होंने आगे लिखा, 'मैं अपनी मां के प्रति विशेष आभार व्यक्त करती हूं, जो जीवन भर मेरे लिए चट्टान की तरह खड़ी रहीं और



जिन्होंने वर्षों तक मेरे भाग्य को आकार दिया। वह मुझ पर नजर रखती हैं और ऊपर से मेरा मार्गदर्शन करती रहती हैं। अम्मा को धन्यवाद।'

## वो मांएं, जिनके लिए 'हैवान' बने बेटे...

# किसी ने हड़पी संपत्ति तो किसी ने मां को पीटकर मार डाला

*मुंबई। कहते हैं कि मां भगवान का रूप होती है। मां के आंचल में स्वर्ग का अहसास होता है। एक मां अपनी औलाद को सुख देने और हर दुख से बचाने के लिए जो कुर्बानी देती है, उसकी कोई कल्पना भी नहीं कर सकता। मां का ऋण तो कोई औलाद जन्मों-जन्मों में भी नहीं चुका सकती। लेकिन फिल्म इंडस्ट्री में कुछ मांएं बदनसीब रहीं। माओं ने अपनी जिन औलादों को कोख में 9 महीने तक रखा, अपने खून से सींचा, उन्होंने ही उन्हें मौत के मुंह तक धकेल दिया। कुछ ने संपत्ति के चक्कर में मां को घोर यातनाएं दीं तो किसी ने अपनी ही मां को पीट-पीटकर मार डाला।*



**निरूपा रॉय :** सबसे पहले बात करते हैं बॉलीवुड की सबसे चहेती मां रहीं एक्ट्रेस निरूपा रॉय की। जिस एक्ट्रेस ने फिल्मी पर्दे पर मां का दर्दभरा रूप दिखाया, जिसे देख दर्शकों की भी आंखें नम हो जाती थी, उसी को अपने ही बेटों के हाथों टॉर्चर झेलना पड़ा। निरूपा रॉय ने गुजराती फिल्मों से अपने करियर की शुरुआत की थी और बॉलीवुड में उन्होंने तकरीबन 10 फिल्मों में अमिताभ बच्चन की मां का किरदार निभाया था। वह शशि कपूर भी मां बनीं। लेकिन निरूपा रॉय को उनके ही बड़े बेटे योगेश ने पीटा और संपत्ति के लिए लड़ा। छोटे भाई किरण ने बड़े भाई योगेश पर मां की संपत्ति हड़पने और मारपीट व टॉर्चर का आरोप लगाया था। छोटे भाई ने एक इंटरव्यू में बड़े भाई पर आरोप लगाते हुए कहा था कि उनका बर्ताव मां के लिए अच्छा नहीं था। वह उन्हें टॉर्चर करते थे। इसीलिए मां ने उन्हें संपत्ति में बराबर का हकदार नहीं रखा था। निरूपा रॉय की 13 अक्टूबर 2004 को कार्डियक अरेस्ट से मौत हो गई थी और उससे पहले उन्होंने अपनी संपत्ति दोनों बेटों में बांट दी थी। जिस मास्टर बेडरूम पर झगड़ा हो रहा था, उसे उन्होंने और पति कमल रॉय छोटे बेटे किरण को दे दिया था। जब विवाद बढ़ा तो छोटे बेटे ने बड़े बेटे के खिलाफ प्रॉपर्टी हथियाने और धमकी देने का आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई थी।



**कासियाम्मल :** साउथ फिल्मों की जानी-मानी एक्ट्रेस कासियाम्मल के साथ जो हुआ था, वह हैवानियत की हदें पार करने वाला था। कासियाम्मल को उनके ही बेटे ने शराब के नशे में लाठी से पीट-पीटकर मार डाला था। रिपोर्ट्स के मुताबिक, बेटा मां कासियाम्मल से शराब के लिए पैसे मांगता था, लेकिन एक्ट्रेस ने देने से इनकार किया तो बेटे ने उन्हें बुरी तरह पीटकर मार डाला था। कासियाम्मल की मौत 4 फरवरी 2024 को हुई थी। पुलिस में इसकी शिकायत दर्ज की गई थी, जिसके बाद कासियाम्मल के बेटे को भी गिरफ्तार कर लिया गया था। पुलिस में दर्ज शिकायत में बताया गया था कि बेटा पी. नमकोदी मां कासियाम्मल से शराब के लिए पैसे मांग रहा था। इसी बात पर उनका झगड़ा हुआ। बेटे ने गुस्से में मां को लाठी से बुरी तरह पीटना शुरू कर दिया, और तब तक पीटता रहा जब तक मां कासियाम्मल के प्राण-पखेरू नहीं उड़ गए।



**प्रिया राजवंश :** हिंदी सिनेमा की मशहूर एक्ट्रेस प्रिया राजवंश ने भले ही अपनी कोख से औलाद पैदा नहीं की थी, पर उन्होंने सौतेले बेटों को खूब लाड़-प्यार दिया था। प्रिया राजवंश ने देव आनंद के भाई और फिल्ममेकर चेतन आनंद से शादी की थी, जो पहले से शादीशुदा थे और उनके दो बेटे भी थे। पर प्रिया राजवंश को क्या पता था कि पति की मौत के बाद दोनों बेटे उनके खून के प्यासे हो जाएंगे। प्रिया राजवंश की 27 मार्च 2000 को उनके बंगले में लाश मिली। उनके कत्ल का आरोप दोनों सौतेले बेटों पर लगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक, चेतन आनंद के बेटों विवेक और केतन ने बंगले के दो नौकरों के साथ मिलकर सौतेली मां प्रिया राजवंश की हत्या कर दी। चारों को पुलिस ने बाद में गिरफ्तार कर लिया था और उन्हें सजा भी मिली थी। पर बाद में दोनों बेटों को रिहा कर दिया गया था।

**गीता कपूर :** मीना कपूर की फिल्म 'पाकीजा' में नजर आईं गीता कपूर भी बदकिस्मत रहीं। साल 2019 में गीता कपूर का मुंबई के एक अस्पताल में निधन हो गया। दो दिनों तक उनकी लाश अस्पताल में पड़ी रही, पर बेटा या घर-परिवार से कोई नहीं पहुंचा। गीता कपूर का बेटा राजा, जोकि एक कोरियोग्राफर है, वह उन्हें



अस्पताल में अकेला छोड़कर भाग गया। जब घर जाकर पता किया तो वहां ताला लगा मिला और बेटा परिवार के साथ वहां से चंपत हो गया। गीता कपूर की बेटी एयरहोस्टेस थी, लेकिन उसने भी मां की सुध नहीं ली। बेटा और बेटी दोनों ही मां को लावारिस छोड़कर चले गए थे। फिल्ममेकर रमेश तौरानी और अशोक पंडित ने गीता कपूर का ख्याल रखा था। गीता को बेटे राजा के नाम के सिवाय कुछ याद नहीं था। वह आखिरी दिनों तक उसके लिए तड़पती रहीं।

# कोलकाता ने प्लेऑफ में बनाई जगह... बाकी 3 स्पॉट के लिए दौड़ में 7 टीमें, 8 मैच बाकी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

इंडियन प्रीमियर लीग 2024 में रोमांचक मुकाबलों का दौर जारी है। मौजूदा सीजन में रविवार तक 62 मैच हो चुके हैं। देख जाए तो अब लीग स्टेज में सिर्फ 8 ही मुकाबले बचे हैं, मगर प्लेऑफ की रेस में अब भी 7 टीमें बनी हुई हैं। केवल श्रेयस अय्यर की कप्तानी वाली कोलकाता नाइट राइडर्स प्लेऑफ में जगह बना चुकी है। जबकि मुंबई इंडियंस और पंजाब किंग्स प्लेऑफ की रेस से पूरी तरह बाहर हो चुकी है। कोलकाता नाइट राइडर्स के बाद राजस्थान रॉयल्स की टीम है, जिसके 16 अंक हैं। फिर 14 अंकों के साथ तीसरे नंबर पर चेन्नई सुपर किंग्स की टीम है। 14 अंकों के साथ हैदराबाद चौथे स्थान पर है। इसके बाद वाली दो टीमों के 12-12 अंक हैं, वहीं दो टीमों के 10-10 पॉइंट्स हैं।

### राजस्थान रॉयल्स

2008 की चैंपियन राजस्थान रॉयल्स अभी 12 मैचों में 16 अंकों के साथ अंकतालिका में दूसरे स्थान पर है। हालांकि उसकी पोजीशन पूरी तरह से सुरक्षित नहीं है। रॉयल्स से नीचे चार टीमें ऐसी हैं, जिनके पास 14-12 अंक है। राजस्थान रॉयल्स को अंक तालिका में टॉप-2 में रहने के लिए अपने आखिरी तीन मैचों में से दो में जीत हासिल करनी होगी।

**आरआर के मैच**
15 मई: बनाम पंजाब किंग्स
19 मई: बनाम कोलकाता नाइट राइडर्स

### चेन्नई सुपर किंग्स

गत चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स के 13 मैचों में 14 अंक हैं। सीएसके ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ जीत दर्ज की है। इसके बाद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ मैच हैं। प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करने के लिए उसे अंतिम मैच में जीत हासिल करनी होगी। सीएसके एक जीत के साथ भी क्वालीफाई कर सकती है, लेकिन उस स्थिति में आरसीबी, दिल्ली कैपिटल्स और लखनऊ को कम से कम एक मैच हारना होगा।

**बाकी मैच:** 18 मई: बनाम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर

### सनराइजर्स हैदराबाद

सनराइजर्स हैदराबाद के 12 मैचों में 14 अंक हैं। अंक तालिका में वह चौथे स्थान पर है। सनराइजर्स हैदराबाद का नेट-रनरेट भी प्लस (0.406) में है। गुजरात टाइटन्स के खिलाफ हैदराबाद का अगला मैच बेहद महत्वपूर्ण है। उस मैच में जीत हासिल करने पर सनराइजर्स हैदराबाद की प्लेऑफ में एंट्री लगभग पक्की हो सकती है।

**बाकी मैच:** 16 मई: बनाम गुजरात टाइटन्स
19 मई: बनाम पंजाब किंग्स



### कोलकाता नाइट राइडर्स

दो बार की चैंपियन केकेआर ने आधिकारिक तौर पर प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई कर लिया है। केकेआर ने 12 में से 9 मैच जीते हैं और वह 18 अंकों के साथ अंकतालिका में शीर्ष पर है। अगर केकेआर बाकी के दो में से एक मैच जीत जाती है तो वह निश्चित रूप से टॉप-2 में रहेगी।

**केकेबार के बाकी मैच**
13 मई: बनाम गुजरात टाइटन्स
19 मई: बनाम राजस्थान रॉयल्स

### दिल्ली कैपिटल्स

12 मैचों में 12 अंकों के साथ दिल्ली कैपिटल्स अभी भी प्लेऑफ की रेस में बनी हुई है। दिल्ली कैपिटल्स के पास एक मैच और है और उसे ये मैच जीतने होंगे। उसे एलएसजी से अंतिम मैच खेलना है। अंतिम मैच जीतने पर भी क्वालीफिकेशन की गारंटी नहीं है क्योंकि हैदराबाद ने लखनऊ को हरा दिया और सीएसके ने बाकी दोनों मैच जीत लिए, तो दिल्ली की उम्मीदें धूमिल हो जाएंगी।

**बाकी मैच**
14 मई: बनाम लखनऊ सुपर जायंट्स

### लखनऊ सुपर जायंट्स

लखनऊ सुपर जाइंट्स के 12 मैचों में 12 अंक हैं। केएल राहुल की टीम को अपने बाकी दोनों मैच जीतने होंगे। अगर लखनऊ की टीम दिल्ली कैपिटल्स और मुंबई इंडियंस को हरा देती है। फिर सनराइजर्स हैदराबाद या चेन्नई सुपर किंग्स में से कोई एक टीम अपने दोनों मैच हार जाती है तो लखनऊ प्लेऑफ में पहुंच जाएगी।

**बाकी मुकाबले:** 14 मई: बनाम दिल्ली कैपिटल्स
17 मई: बनाम मुंबई इंडियंस

### रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर ने पंजाब किंग्स के खिलाफ शानदार जीत के बाद अंक तालिका में लंबी छलांग लगाई। अब आरसीबी 10 अंकों के साथ 7वें स्थान पर है। आरीबी को अब चेन्नई सुपर किंग्स से खेलना है। आरसीबी को अंतिम मैच जीतना ही होगा। साथ ही ये दुआ करनी होगी कि सीएसके राजस्थान रॉयल्स, जबकि लखनऊ सुपर जायंट्स मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच हार जाए। तब जाकर आरसीबी प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई कर सकती है।

**बाकी मैच:** 18 मई: बनाम चेन्नई सुपर किंग्स

### गुजरात टाइटन्स

चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ जीत से गुजरात टाइटन्स ने अपनी उम्मीदें बरकरार रखी है। हालांकि उसकी प्लेऑफ में जाने की संभावनाएं काफी कम हैं। गुजरात अपने बाकी दो गेम जीतती है तो वह 14 अंक तक पहुंच सकती है। ऐसे में गुजरात को पॉइंट टेबल में अपने से ऊपर काबिज टीमों के मैचों के नतीजों पर निर्भर रहना होगा।

**बाकी मुकाबले**
13 मई: बनाम कोलकाता नाइट राइडर्स
16 मई: बनाम सनराइजर्स हैदराबाद

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| कोलकाता | 12 | 9 | 3 | 18 |
| राजस्थान | 12 | 8 | 4 | 16 |
| चेन्नई | 13 | 7 | 6 | 14 |
| हैदराबाद | 12 | 7 | 5 | 14 |
| दिल्ली | 12 | 6 | 6 | 12 |
| लखनऊ | 12 | 6 | 6 | 12 |
| बेंगलोर | 12 | 5 | 7 | 10 |
| गुजरात | 12 | 5 | 7 | 10 |
| मुंबई | 13 | 4 | 9 | 8 |
| पंजाब | 12 | 4 | 8 | 8 |

**ऑरेंज कैप**



विराट कोहली
661 रन
बेंगलोर

**पर्पल कैप**



जसप्रीत बुमराह
20 विकेट
मुंबई

**बाउंड्री मीटर**

1898 चौके
1097 छक्के

## खबर संक्षेप

### कई संयोजन आजमाने का मौका मिला : टेटे



**बेंगलुरु।** भारतीय महिला हॉकी टीम की नवनियुक्त कप्तान सलीमा टेटे ने कहा कि एफआईएच प्रो लीग के यूरोपीय चरण से पहले दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ छह मैचों की श्रृंखला में टीम को कई संयोजन आजमाने और उन क्षेत्रों की पहचान करने में मदद मिली जिनमें सुधार की जरूरत है। पिछले साल एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी विजेता टीम की सदस्य रही 22 वर्षीय सलीमा को इस महीने के शुरू में सविता पूनिया की जगह टीम का कप्तान नियुक्त किया गया था।

### ओलंपिक के लिए सर्वश्रेष्ठ स्थिति में रहना चाहते हैं

**बेंगलुरु।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने रविवार को कहा कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला में सभी मैच गंवाने के बावजूद उनकी टीम उन क्षेत्रों की पहचान करने में सफल रही जिनमें सुधार की जरूरत है। टोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता भारतीय टीम को पिछले महीने ऑस्ट्रेलिया के दौरे में सभी पांच मैच में हार का सामना करना पड़ा था जिससे इस साल होने वाले पेरिस ओलंपिक के लिए उसकी तैयारी पर सवाल उठने लगे थे।



### केकेआर की जीत का मंत्र सभी का समर्थन करना

**कोलकाता।** कोलकाता नाइट राइडर्स के उप कप्तान नितीश राणा का मानना है कि इंडियन प्रीमियर लीग के वर्तमान सत्र में उनकी टीम को मिली सफलता की कुंजी उतार-चढ़ाव के दौर में एक दूसरे का समर्थन करना है जैसा कि वह पिछले दो वर्षों में नहीं कर पा रहे थे। दो बार के चैंपियन केकेआर ने शनिवार को यहां बारिश से प्रभावित मैच में मुंबई इंडियंस को 18 रन से हराकर प्लेऑफ में अपनी जगह सुरक्षित की। वह नॉकआउट चरण में जगह बनाने वाली पहली टीम है।



## आईपीएल : सीएसके ने आरआर को पांच विकेट से हराया

# चेन्नई ने प्लेऑफ की ओर बढ़ाए कदम रॉयल्स लगातार तीसरी हार से निराश

एजेंसी ⏭ चेन्नई

गत चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स ने रविवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग के कम स्कोर वाले मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स को पांच विकेट से हराकर प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करने की उम्मीद मजबूत की। सीएसके ने तेज गेंदबाज सिमरजीत सिंह (तीन विकेट) के प्रदर्शन और अनुशासित गेंदबाजी से राजस्थान रॉयल्स की टीम को धीमी पिच पर पांच विकेट पर 141 रन का स्कोर ही बनाने दिया। सीएसके टीम ने 18.2 ओवर में पांच विकेट पर 145 रन बनाकर जीत दर्ज कर लिया।

राजस्थान रॉयल्स के लिए फॉर्म में चल रहे रियान पराग 35 गेंद में नाबाद 47 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सीएसके के लिए ऋतुराज गायकवाड़ (42 रन) के अलावा सलामी बल्लेबाज रचिन रविंद्र ने 18 गेंद में 27 रन का महत्वपूर्ण योगदान दिया। अंत में समीर रिज्वी (नाबाद 15 रन) ने चौका लगाकर सीएसके को जीत दिलाई। शिवम दुबे की 11 गेंद में 18 रन की पारी भी अहम रही जिसमें उन्होंने आर अश्विन के एक ओवर में 14 रन जुटाए। इस जीत से सीएसके 14 अंक लेकर चौथे से तीसरे स्थान पर पहुंच गई और खुद को प्लेऑफ की दौड़ में बरकरार रखा। राजस्थान रॉयल्स 16 अंक लेकर दूसरे स्थान पर है, उसकी यह लगातार तीसरी हार थी।



**फील्डिंग में बाधा डालने के कारण आउट हुए जडेजा**

रवींद्र जडेजा फील्डिंग में बाधा डालने के कारण आउट करार दिए गए। जडेजा रन आउट होने से बचने के लिए पीछे की ओर भाग रहे थे और जानबूझकर विकेट के सामने आ गए। संजू सैमसन ने जडेजा को आउट करने के लिए गेंद विकेट की ओर हिट की, लेकिन जडेजा के सामने होने से गेंद जडेजा को लगी। सैमसन ने फील्डिंग में बाधा डालने के कारण आउट की अपील की और तीसरे अंपायर ने जडेजा को आउट करार दिया। आईपीएल में तीसरा मौका है जब कोई खिलाड़ी इस तरह आउट हुआ है। जडेजा से पहले अमित मिश्रा और युसूफ पठान भी फील्डिंग में बाधा डालने के कारण आउट हो चुके हैं। जडेजा छह गेंदों पर चार रन बनाकर आउट हुए।

### सिमरजीत का शानदार प्रदर्शन

*पावरप्ले में भले ही चेन्नई की टीम कोई विकेट नहीं हासिल कर सकी, लेकिन सिमरजीत सिंह ने यशस्वी जायसवाल को आउट कर राजस्थान को पहला झटका दिया। यशस्वी 21 गेंदों पर 24 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद बटलर भी ज्यादा देर नहीं टिक सके और सिमरजीत की गेंद पर ही पवेलियन लौटे। बटलर ने 25 गेंदों पर 21 रन बनाए। इस सीजन शानदार फॉर्म में चल रहे राजस्थान के कप्तान संजू सैमसन को भी सिमरजीत ने अपना निशाना बनाया और वह 19 गेंदों पर 15 रन बनाकर पवेलियन लौटे। दिलचस्प बात यह है कि सिमरजीत ने ही राजस्थान के शुरुआती तीन विकेट लिए।*

### स्कोर बोर्ड

| राजस्थान रॉयल्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| यशस्वी का गायकवाड़ बो सिमरजीत | 24 | 21 | 3 | 1 |
| बटलर का देशपांडे बो सिमरजीत | 21 | 25 | 2 | 0 |
| सैमसन का गायकवाड़ बो सिमरजीत | 15 | 19 | 0 | 0 |
| रियान पराग नाबाद | 47 | 35 | 1 | 3 |
| ध्रुव जुरेल का ठाकुर बो देशपांडे | 28 | 18 | 1 | 2 |
| दुबे का शिवम दुबे बो देशपांडे | 00 | 01 | 0 | 0 |
| रविचंद्रन अश्विन नाबाद | 01 | 01 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 05, कुल : 20 ओवर में 141/5
गेंदबाजी : देशपांडे 4-0-30-2, तीक्ष्णा 4-0-28-0, ठाकुर 4-0-32-0, सिमरजीत 4-0-26-3, जडेजा 4-0-24-0.

| चेन्नई सुपर किंग्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रचिन रविंद्र का एवं अश्विन | 27 | 18 | 1 | 2 |
| रूतुराज गायकवाड नाबाद | 42 | 41 | 1 | 2 |
| मिचेल पगबाधा बो चहल | 22 | 13 | 4 | 0 |
| अली का आवेश खान बो बर्गर | 10 | 13 | 0 | 0 |
| शिवम दुबे का पराग बो अश्विन | 18 | 11 | 2 | 1 |
| जडेजा क्षेत्ररक्षण में बाधा आउट | 05 | 06 | 0 | 0 |
| समीर रिज्वी नाबाद | 15 | 08 | 3 | 0 |

अतिरिक्त : 06, कुल : 18.2 ओवर में 145/5
गेंदबाजी : बोल्ट 2.2-0-24-0, संदीप 3-0-30-0, अश्विन 4-0-35-2, बर्गर 3-0-21-1, चहल 4-0-22-1, आवेश 2-0-12-0.

**खास खबर**

# दीक्षा ने 1500 मीटर दौड़ में बनाया नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारतीय ट्रैक एथलीट के एम दीक्षा ने लॉस एंजिल्स में साउंड रनिंग ट्रैक महोत्सव में महिलाओं की 1500 मीटर में नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया, जबकि अविनाश साबले पुरुषों की 5000 मीटर स्पर्धा में दूसरे स्थान पर रहे। दीक्षा ने शनिवार को आयोजित प्रतियोगिता में 4 मिनट 4.78 सेकंड का समय लेकर दूसरा स्थान हासिल किया।

इस 25 वर्षीय खिलाड़ी ने हरमिलन बैंस का रिकॉर्ड तोड़ा जिन्होंने 2021 में वारंगल में राष्ट्रीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 4 मिनट 5.39 सेकंड के समय के साथ रिकॉर्ड बनाया था। साबले ने पुरुषों की 5000 मीटर दौड़ में 13 मिनट 20.37 सेकंड का समय लेकर दूसरा स्थान हासिल किया। इस स्पर्धा में भाग ले रहे भारत के एक अन्य खिलाड़ी गुलवीर सिंह ने 13 मिनट 31.95 सेकंड में दौड़ पूरी की। साबले का 5000 मीटर दौड़ में राष्ट्रीय रिकॉर्ड 13 मिनट 19.30 सेकंड है। कार्तिक कुमार ने पुरुषों की 10000 मीटर दौड़ में 28 मिनट 7.66 सेकंड का समय लेकर दूसरा स्थान हासिल किया।

### प्रज्ञाननंदा ने कार्लसन को हराया

**वारसॉ।** भारत के आर प्रज्ञाननंदा ने दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी नॉर्वे के मैग्नस कार्लसन पर एक और जीत दर्ज की। वह सुपरबेट रैपिड और ब्लिट्ज शतरंज टूर्नामेंट में अब भी तीसरे स्थान पर बने हुए हैं जबकि चीन के वेई यी ने 2.5 अंकों की मजबूत बढ़त हासिल कर ली है। ब्लिट्ज प्रतियोगिता में अभी नौ दौर की बाजियां खेली जानी बाकी हैं। वेई यी सात जीत के साथ 20.5 अंक लेकर शीर्ष पर बने हुए हैं। कार्लसन के 18 अंक हैं और वह दूसरे स्थान पर हैं। उनके बाद प्रज्ञाननंदा का नंबर आता है। भारतीय खिलाड़ी के हालांकि 14.5 अंक है और ऐसे में खिताब के लिए मुख्य मुकाबला वेई यी और कार्लसन के बीच रह गया है।

## ईशा, अनीष ने ओलंपिक चयन ट्रायल में दर्ज की दूसरी जीत



एजेंसी ⏭ भोपाल

ईशा सिंह और अनीष भानवाला ने रविवार को यहां क्रमशः महिला 25 मीटर पिस्टल और पुरुष 25 मीटर रेपिड फायर पिस्टल के ट्रायल जीतकर ओलंपिक चयन ट्रायल में दूसरी जीत दर्ज की।

अनीष ने दिल्ली में इसी स्पर्धा का पहला ट्रायल जीता था जबकि ईशा ने भी दिल्ली में कर्णी सिंह निशानेबाजी रेंज में महिला 10 मीटर एयर पिस्टल के दूसरे ट्रायल में जीत दर्ज की थी। मध्य प्रदेश राज्य निशानेबाजी अकादमी रेंज में ईशा ने महिला 25 मीटर पिस्टल ट्रायल में पहली जीत दर्ज की। उन्होंने फाइनल में 43 अंक जुटाए। उनका स्कोर इसी महीने बाकू विश्व कप में कोरिया की किम येजी के विश्व रिकॉर्ड स्कोर से एक अंक अधिक है। मनु भाकर 40 निशाने लगाकर दूसरे स्थान पर रहीं जबकि रिद्धम सांगवान ने 33 अंक के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। पुरुष रेपिड फायर पिस्टल फाइनल में अनीष ने दबदबा बनाया। उन्होंने पांच निशानों की शुरुआती तीन सीरीज में सभी सटीक निशाने लगाए। उन्होंने 36 अंक के साथ खिताब जीता। विजयवीर सिद्धू 31 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहे जबकि अंकुर गोयल ने 19 अंक के साथ तीसरा स्थान हासिल किया।

## जिंबॉब्वे जीता, बांग्लादेश को क्लीन स्वीप करने से रोका

**ढाका।** कप्तान सिकंदर रजा और ब्रायन बेनेट की शानदार पारियों की मदद से जिंबॉब्वे ने रविवार को यहां पांचवें और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में 8 विकेट से जीत दर्ज करके बांग्लादेश को पांच मैच की श्रृंखला में क्लीन स्वीप नहीं करने दिया।



बांग्लादेश ने पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद 6 विकेट पर 157 रन बनाए। जिंबॉब्वे ने 18.3 ओवर में 2 विकेट पर 158 रन बनाकर जीत हासिल की। बांग्लादेश ने इस तरह से यह श्रृंखला 4-1 से अपने नाम की। जिंबॉब्वे की पारी का आकर्षण कप्तान रजा और बेनेट के अर्धशतक रहे। रजा ने 46 गेंद पर नाबाद 72 रन बनाए जिसमें 6 चौके और चार छक्के शामिल हैं। बेनेट ने 49 गेंद पर पांच चौकों और इतने ही छक्कों की मदद से 70 रन बनाए।

## चोट के बावजूद खेले मेसी, इंटर मियामी की लगातार 5वीं जीत

एजेंसी ⏭ मॉन्ट्रियल

स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेसी पहले हाफ में चोटिल होने के बावजूद इंटर मियामी की तरफ से मेजर सॉकर लीग के पूरे मैच में खेले जिसमें उनकी टीम ने मॉन्ट्रियल को 3-2 से हराकर टूर्नामेंट में अपनी लगातार पांचवीं जीत दर्ज की।

इंटर मियामी की यह जीत इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि मेजर सॉकर लीग के इस सत्र में नौ मैच में यह पहला अवसर है जबकि मेसी ने कोई गोल नहीं किया या गोल करने में मदद नहीं की। कनाडा में पहली बार खेल रहे मेसी का बाएं घुटने में पहले हाफ में खेल के दौरान चोट लग गई थी। उन्होंने जमीन पर लेटकर अपना घुटना पकड़ रखा था। इसके बाद मेडिकल स्टाफ ने 2 मिनट तक उनका उपचार किया। वह कुछ समय के लिए मैदान से बाहर निकले लेकिन दर्द के बावजूद जल्द ही वापस मैदान पर लौट आए। मॉन्ट्रियल ने जूल्स एंथनी विल्सेंट और ब्राइस ड्यूक के गोल की मदद से एक समय 2-0 की बढ़त बना रखी थी। इंटर मियामी ने इसके बाद शानदार वापसी की। उसकी तरफ से बेंजामिन क्रेमास्ची, लुई सुआरेज और मैटियास रोजास ने गोल किए।



## रमनदीप पर लगा 20 फीसदी जुर्माना



**कोलकाता।** कोलकाता नाइट राइडर्स के ऑलराउंडर रमनदीप सिंह पर मुंबई इंडियंस के खिलाफ शनिवार को यहां खेले गए इंडियन प्रीमियर लीग मैच के दौरान आईपीएल की आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। इस 27 वर्ष के खिलाड़ी ने आईपीएल आचार संहिता के अनुच्छेद 2.20 के तहत लेवल एक का अपराध किया। उन्होंने अपना अपराध और मैच रेफरी की सजा स्वीकार कर ली है। आचार संहिता के लेवल एक के उल्लंघन पर मैच रेफरी का फैसला अंतिम और बाध्यकारी होता है।

## नाइट राइडर्स को नारायण से एक और विस्फोटक पारी की उम्मीद

# गुजरात का सामना मजबूत केकेआर से आज

एजेंसी ⏭ अहमदाबाद

कप्तान शुभमन गिल की फॉर्म में वापसी से उत्साहित गुजरात टाइटंस को अगर प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखना है तो उसे अंक तालिका में शीर्ष पर चल रहे कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ सोमवार को यहां होने वाले आईपीएल मैच में हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी।

गिल ने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ पिछले मैच में शतक जड़कर अपनी टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। यह आईपीएल में उनका चौथा शतक था। उनके अलावा साईं सुदर्शन ने भी शतक लगाया। अभी सात टीम प्लेऑफ की दौड़ में बनी हुई हैं। राजस्थान रॉयल्स (16) और सनराइजर्स हैदराबाद (14) दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। चेन्नई सुपर किंग्स, दिल्ली कैपिटल और लखनऊ सुपरजाइंट्स के समान 12 अंक हैं। टाइटंस और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के 10 अंक हैं और वह अधिकतम 14 अंक तक पहुंच सकते हैं। टाइटंस का नेट रन रेट अच्छा नहीं है और ऐसे में अगर टीम अंतिम चार में जगह बनाती है तो यह किसी चमत्कार से कम नहीं होगा। यह हालांकि निश्चित है कि टाइटंस की टीम अगर मगर के समीकरण में बने रहने के लिए अपनी तरफ से कोई कसर नहीं छोड़ेगी।



### तेज गेंदबाजों में निरंतरता का अभाव

*टाइटंस के गेंदबाज इस सत्र में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। उसके तेज गेंदबाजों में निरंतरता का अभाव है जबकि स्पिनर रन लुटा रहे हैं। चेन्नई के खिलाफ पिछले मैच में हालांकि उसने पहले तीन ओवर में ही तीन विकेट हासिल कर लिए थे। अनुभवी मोहित शर्मा और राशिद खान का गेंदबाजी में प्रदर्शन टीम के लिए काफी मायने रखेगा। बल्लेबाजी में टाइटंस के शीर्ष क्रम को अच्छा प्रदर्शन करना होगा। पिछले मैच को छोड़कर बाकी मैचों में उसके चोटी के बल्लेबाज अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए थे।*

### नाराण और रसेल ने छोड़ी छाप

*केकेआर ने पिछले मैच में मुंबई इंडियंस को 18 रन से हराकर प्लेऑफ में अपनी जगह सुरक्षित की। केकेआर के लिए सुनील नारायण अभी तक तुरुप का इक्का साबित हुए हैं। उन्होंने अभी तक 461 रन बनाने के अलावा 15 विकेट के लिए हैं। वेस्टइंडीज के एक अन्य खिलाड़ी आंद्रे रसेल ने भी 222 रन बनाने के साथ 15 विकेट लेकर अपनी छाप छोड़ी है। लेग स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने अभी तक 18 विकेट लिए हैं और वह अच्छी लय में दिख रहे हैं। सलामी बल्लेबाज फिल साल्ट फिर से टीम को अच्छी शुरुआत देने की कोशिश करेंगे। यहां की पिच बल्लेबाजों के लिए अनुकूल रही है और यह मैच भी बड़े स्कोर वाला हो सकता है।*

# स्मैक के झूठे प्रकरण में न्यायालय ने महिला को किया दोषमुक्त

▸ जिस महिला आरक्षक ने तलाशी पंचनामा तैयार किया उस पंचनामा में उस महिला आरक्षक के न तो हस्ताक्षर हैं और न ही उसे परीक्षित कराया गया।



**जबलपुर।** विशेष न्यायाधीश (एनडीपीएस) एक्ट सुजीत कुमार सिंह की अदालत ने धारा 8/21 (बी) की आरोपिता सखी बाई पारधी को निराधार आरोप के चलते दोषमुक्त कर दिया है। आरोपिता की ओर से एड. राजेश यादव, ममता यादव एवं अमित यादव ने पैरवी की।

एड. राजेश यादव ने आरोपित महिला की ओर से मामले से संबंधित न्याय दृष्टांत भी दिये, जिसमें धारा 50 के प्रावधानों को न्यायालय के आदेशात्मक कठोरता से पालन के स्पष्ट निर्देश दिये गये हैं। अतः इस मामले में धारा 50 का कड़ाई से पालन नहीं किया गया है।

प्रकरण में एक स्वतंत्र साक्षी राम यादव ने अभियोजन की कहानी का समर्थन नहीं किया है। इस साक्षी का कहना है कि वह आरोपित महिला को नहीं जानता है और न ही उसके समक्ष आरोपित महिला से कोई वस्तु जप्त की गई थी। इस साक्षी ने न्यायालय के समक्ष बताया कि वह ऑटो चलाता है, कुछ साल पहले थाना कोतवाली के सामने पुलिस वाले वाहन चैकिंग के नाम पर उससे कई कागजातों पर हस्ताक्षर करवा लिये थे। इस साक्षी ने प्रतिपरीक्षण में अभियोजन की कहानी का भी समर्थन नहीं किया है। यदि स्वतंत्र साक्षी के द्वारा अभियोजन की कहानी का समर्थन नहीं किया जाता तो उससे कोइ विशेष फर्क नहीं पड़ता, बशर्ते पुलिस विभागीय साक्ष्य संपूर्ण रूप से विश्वसनीय पाई गई हो। इस मामले में जप्तीकर्ता ईश्वरीय पटले की साक्ष्य को न्यायालय ने विश्वसनीय साक्ष्य की कोटि में नहीं रखा है और मामले में अधिनियम की धारा 50 में दिये गये प्रावधानों का कडाई से पालन नहीं किया गया है, जिससे अभियोजन की कहानी और भी कमजोर हो जाती है।

अभियोजन का प्रकरण संक्षेप में यह है कि दिनांक 7 मार्च 2018 को थाना कोतवाली जिला जबलपुर की पुलिस चौकी उखरी में पदस्थ चौकी प्रभारी ईश्वरीय पटले को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक महिला सखी बाई पारधी जिसकी उम्र 60 वर्ष है जो पीले रंग की साड़ी व हल्दी रंग का ब्लाउज पहले है। उसके सिर के बाल सफेद हैं वह सेंट्रल बैंक के बाजू में चेरीताल रोड के किनारे खड़ी है और अपने पास अवैध मादक पदार्थ ब्राउन शुगर (स्मैक) लेकर खड़ी है और किसी को बेचने के प्रयास में है।

## स्कूल खुलते ही विद्यार्थियों को मिल जाएंगी पाठ्यपुस्तकें

**जबलपुर।** सरकारी स्कूलों का शैक्षणिक सत्र अप्रैल से शुरू हो गया है। अब ग्रीष्मावकाश की छुट्टियां एक मई से लग गई हैं। अब 15 जून के बाद स्कूल खुलेंगे और इसके बाद पाठ्यपुस्तकें वितरित की जाएगी। अब तक पहली से आठवीं कक्षा तक के लिए सिर्फ अभ्यास पुस्तिका का वितरण किया गया है, वहीं नौवीं से 12वीं तक के लिए ब्रिज कोर्स की किताबों का वितरण भी कर दिया गया है। अभी पाठ्य पुस्तकों का वितरण नहीं किया गया है। 16 जून से स्कूल खुलते ही पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया जाना है। अब मप्र पाठ्यपुस्तक निगम की ओर से 70 प्रतिशत किताबें तैयार कर ली गई हैं। इन्हें डिपो में भेज भी दिया गया है। अभी 30 प्रतिशत किताबों की छपाई की जानी है। अभी एनसीईआरटी की कुछ किताबें तैयार नहीं हो पाई हैं। बता दें, कि हर साल मप्र पाठ्यपुस्तक निगम की ओर से प्रदेश के सरकारी स्कूलों में पहली से 12वीं तक के विद्यार्थियों को निश्शुल्क वितरित की जाने वाली करीब सात करोड़ किताबें तैयार की जाती हैं।

मुम्बई के बाद अब हैदराबाद रूट भी बंद

# सुविधाएं बढ़ रही, लेकिन फ्लाईट कम हो रही



**जबलपुर।** जबलपुर हवाई अड्डे का आकार भले ही बढ़ रहा हो लेकिन जबलपुर से उड़ने और जबलपुर आने वाली फ्लाईटों की संख्या लगातार कम हो रही है। जिससे विमानतल पर बढ़ती सुविधाएं सिर्फ शोभा की सुपारी बनकर रह गई हैं। आंशिक और पूर्ण रूप से विमानों की गति थमने का क्रम जारी है। इसी क्रम में अब स्पाइस की हैदराबाद-जबलपुर-हैदराबाद उड़ान को 16 मई तक के लिए रद्द कर दिया गया है। एकाएक लाइट के रद्द होने से लायर्स में आक्रोश है। फ्लायर्स का कहना है कि विमान कपनियां जबलपुर से नई उड़ानें तो शुरू नहीं कर रहीं, उल्टा जो उड़ानें यहां से संचालित हो रही हैं, उन्हें भी धीरे-धीरे बंद किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार स्पाइस जेट का विमान सुबह सात बजकर 25 मिनट पर जबलपुर एयरपोर्ट से उड़ान भरता था, और सुबह नौ बजकर 20 मिनट पर हैदराबाद पहुंचता था। वहीं शाम चार बजकर 55 मिनट पर हैदराबाद से उड़ान भरकर शाम सात बजकर 10 मिनट पर जबलपुर एयरपोर्ट पहुंचता था। एकाएक इस विमान को पांच दिन के लिए बंद किया जाना फ्लायर्स के गले नहीं उतर रहा है। कंपनी ने इसका कोई स्पष्ट कारण भी नहीं बताया है।अब तक हैदराबाद आने और जाने के लिए स्पाइस के अलावा इंडिगो की भी लाइट थी। अब इस रूट पर यात्रा करने वालों को अधिक फेयर चुकाना पड़ेगा। गौरतलब है कि इस साल मार्च में स्पाइस जेट ने मुंबई-जबलपुर-मुंबई के लिए सीधी उड़ान सेवा शुरू की थी। साप्ताहिक उड़ान प्रत्येक शनिवार को आती-जाती थी। लेकिन विमान कपनी ने अप्रेल में इसका शेड्यूल जारी नहीं किया और फिर एकाएक यह उड़ान भी बंद कर दी। इसके बाद से लगातार इस उड़ान को फिर से शुरू किए जाने की मांग उठ रही है।

### पिछले साल भी बंद हुईं कई फ्लाईट

स्पाइस जेट द्वारा सभी रूटों पर बोमबार्डियर विमानों का संचालन किया जाता था। दो फरवरी 2023 को सभी बोमबार्डियर विमानों को हटाकर सभी रूटों पर स्पाइस जेट ने बोइंग विमान शुरू कर दिए थे। यह विमान रोजाना दो से तीन रूटों पर उड़ान भरते थे, लेकिन एक माह में ही कपनी का दम फूल गया और बोइंग विमानों की उड़ानें दो मार्च 2023 से एकाएक रद्द कर दी गई। पहले तो यह कहा गया थ कि 15 दिनों के भीतर उड़ाने फिर शुरू की जाएंगी, लेकिन इसके बाद स्पाइस ने लाइट्स शुरू नहीं की। धीरे-धीरे स्पाइस ने डुमना एयरपोर्ट से अपना पूरा सेटअप भी समेट लिया था।

दुर्घटना दावा मामले में हाईकोर्ट का अहम फैसला

# ड्राइविंग कौशल का परीक्षण नहीं तो वाहन मालिक जिम्मेदार

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने एक अहम फैसले में व्यवस्था दी है क दुर्घटना दावा के मामले में यदि वाहन के मालिक ने वाहन के चालक के ड्राइविंग कौशल का परीक्षण नहीं किया है, तो बीमा कंपनी की जवाबदारी नहीं होगी। ऐसी स्थिति में दावा राशि वाहन मालिक को वहन करनी होगी। इस मत के साथ जस्टिस एके पालीवाल की एकलपीठ ने वाहन मालिक प्रदीप संह परिहार की याचिका निरस्त करते हुए मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण (एमएसीटी) के फैसले को उचित करार दिया। दरअसल, रीवा की रहने वाली रुबीना के पति की एक सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। इस मामले में एमएसीटी ने दावा राशि तो निर्धारित की, लेकिन कहा क कंपनी यह राशि चुकता करके बाद में वाहन मालिक से वसूलेगी। एमएसीटी ने अपने आदेश में कहा था क चूंकि वाहन चलाने वाले ड्रायवर के पास वैध लाइसेंस नहीं था और वाहन मालिक ने भी चालक की ड्राइविंग कौशल का परीक्षण नहीं किया है। इसलिए दावा राशि के भुगतान की जिम्मेदारी बीमा कंपनी की नहीं, वरन मालिक की होगी। नेशनल इंश्योरेंस कंपनी की ओर से अधिवक्ता प्रभांशु शुक्ला ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी क एमएसीटी ने सभी साक्ष्यों पर विचार करने और गवाहों की जांच करने के बाद ही निर्णय दिया है, इसलिए उक्त आदेश में हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं है। वाहन के मालिक प्रदीप ने अपने बयान में यह सबूत नहीं पेश किया कि सुखनंदन (चालक) नियुक्त करने से पहले, उसने चालक का के कौशल को परीक्षण किया। हाईकोर्ट ने कहा क सुप्रीम कोर्ट के मामले ऋषि पाल सिंह बनाम न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी लिमिटेड में निर्धारित कानून के सिद्धांत किसी भी तरह से अपीलकर्ता वाहन मालिक की मदद नहीं करते हैं। चूंकि रिकॉर्ड पर कोई सबूत नहीं आया कि उसने वाहन चलाने के कौशल को परीक्षण किया है ताकि यह पता चल सके कि वह वाहन को सक्षम रूप से चलाता है।









हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240